इंदौर-भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक राजीव टाइम्स

विश्वास पुराना, ख़बर सच्ची



पेज 03 आखिर आम लोगों की सुध ली...



लखनऊ ने चेन्नई को हराया... पेज 06

संस्थापक : स्व. श्री राजेन्द्र खंडेलवाल

इंदौर, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024, चैत्र शुक्ल - 12, विक्रम संवत् 2081

वर्ष 44, अंक 09, पृष्ठ 08, कीमत 3 रुपए

## शॉर्ट न्यूज़

### वाइस एडमिरल त्रिपाठी होंगे अगले नौसेना चीफ

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी 30 अप्रैल की दोपहर से नए नौसेना प्रमुख का पदभार संभालेंगे। वह निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार का स्थान लेंगे।



एडमिरल कुमार 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। वाइस एडमिरल त्रिपाठी अभी नौसेना के उप प्रमुख हैं। सैनिक स्कूल और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खडकवासला के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल त्रिपाठी ने गोवा के नेवल वॉर कॉलेज और अमेरिका के नेवल वॉर कॉलेज में भी कोर्स किया है। उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल (एवीएसएम) और नौसेना मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### संगरूर जेल में खूनी झड़प 2 कैदियों की मौत, 2 गंभीर

**संगरूर।** पंजाब की संगरूर जेल में बंद कैदियों के दो गुटों में खूनी झड़प हुई। एक गुट ने दूसरे गुट पर कटर से हमला कर दिया, जिससे दो कैदियों की मौके पर मौत हो गई। इनके नाम हर्ष और धर्मेंद्र हैं।वहीं हमला करने वाले कैदी भी झड़प के दौरान गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों को पटियाला के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जेल के अंदर स्थिति तनावपूर्ण है। पुलिस अधिकारी झड़प की जांच-पड़ताल में जुटे हैं।

### महानदी में नाव पलटी 7 की मौत, कई लापता

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से लगे ओडिशा के रेंगाली थाना अंतर्गत आने वाले शर्धा महानदी घाट में नाव पलटने से 7 लोगों की मौत हो गई है। वहीं कई लापता है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एक नाव 30 से 40 लोग सवार होकर पथरसेनी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान शर्धा महानदी घाट में नाव पलट गई। इस हादसे में कई लोगों के डूबने से मौत और गायब होने की खबर है। जिसमें कुछ लोग छत्तीसगढ़ के निवासी भी शामिल हैं।

### लॉरेंस के नाम से बुक कैब सलमान के घर पहुंची

**मुंबई।** सुपरस्टार सलमान खान के घर पर एक कैब पहुंची। गैलेक्सी अपार्टमेंट में पहुंचने वाली इस कैब को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से बुक किया गया था। इस कैब के पहुंचते ही गैलेक्सी अपार्टमेंट में हड़कंप मच गया। वॉचमैन ने फौरन पुलिस को खबर दी। मुंबई पुलिस गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंची और कैब चालक से जानकारी ली। एप से कैब बुक करने वाले युवक का नाम रोहित त्यागी है। उसकी उम्र 20 साल है और वह यूपी के गाजियाबाद जिले का रहने वाला है। पुलिस ने रोहित त्यागी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गाजियाबाद से गिरफ्तार किया और फिर उसे मुंबई ले आई।

### जॉम्बी डियर डिसीज से दो अमेरिकियों की मौत

**टेक्सास।** अमेरिका में इस समय हिरणों पर एक भयानक बीमारी कहर बरपा रही है। वैसे तो इसका नाम क्रोनिक वेस्टिंग डिज़ीस है, लेकिन इसे लोग जॉम्बी डीयर डिज़ीस के नाम से बुला रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जॉम्मबी डीयर डिसीज से दो अमेरिकी शिकारियों की मौत हुई है। टेक्सास में हुए शोध से पता चलता है कि 'ज़ोंबी डियर' रोग, उर्फ़ क्रॉनिक वेस्टिंग डिज़ीज़ से मरने वाले पहले अमेरिकियों ने संक्रमित हिरन का मांस खाया था।

### यूक्रेन पर रूसी हमलों से मृतकों की तादाद बढ़ी

**कीव।** रुस के यूक्रेन पर हमले तेज होते जा रहे हैं। यूक्रेन के निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र पर रुस के मिसाइल हमले के परिणामस्वरुप छह लोग मारे गए। मृतकों में से दो बच्चे थे। हमले के परिणामस्वरुप दो और लोग घायल हो गए। मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। यक्रेन के अनुसार रुस ने निप्रॉपेट्रोस ओब्लास्ट में आठ लोगों को मार डाला है और निप्रो में दो वयस्क और सिनेलनिकोव में चार वयस्क और दो बच्चे शामिल हैं।

# हिंदुओं की भावना से खिलवाड़ कर रहे कांग्रेस और इंडी गठबंधन : पीएम मोदी

**दमोह ▪ एजेंसी**

मध्य प्रदेश के दमोह में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, "कांग्रेस और इंडी गठबंधन हिंदू आस्था और विश्वासों का अपमान करने में लगे हैं। ये लोग कहते हैं कि हमारे सनातन को डेंगू और मलेरिया है। ये लोग अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर के खिलाफ थे। ये लोग कहते हैं भगवान श्री राम की पूजा 'पाखंड' है। ये वही लोग थे जो प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या नहीं आए थे। यह सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए है। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा भाजपा नीत केंद्र किसी के सामने नहीं झुकता क्योंकि उसका सिद्धांत राष्ट्र पहले है। पीएम ने कहा, "आज देश में वो बीजेपी सरकार है जो ना किसी से दबती है और ना ही किसी के सामने झुकती है। इसलिए हमने देशहित में फैसला



लिया, आज दुनिया के कई देशों की हालत बहुत खराब है, कई देश दिवालिया हो रहे हैं।'' उन्होंने कहा, "यह भारत को दुनिया की बड़ी ताकत बनाने का चुनाव है। जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो तो भारत में युद्ध स्तर पर काम करने वाली सरकार बहुत जरूरी है। ऐसे समय में एक मजबूत सरकार होनी चाहिए। और केवल पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार ही ऐसा कर सकती है।

प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि "हमारा एक पड़ोसी जो आटे का सप्लायर था वो अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। वहीं, भारत अब मिसाइल निर्यात कर रहा है। पीएम मोदी ने फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल के निर्यात पर भी देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने जनता से भाजपा-एनडीए गठबंधन को वोट देने की अपील की क्योंकि इससे विकसित भारत के सपने को पूरा करने में मदद मिलेगी।

### मोदी धमकियों से नहीं डरता

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बैचेन कर रही है। वो कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनी तो आग लग जाएगी। इंडी गठबंधन के लोग मोदी को आए दिन धमकियां दे रहे हैं। लेकिन मोदी इनकी धमकियों से न पहले डरा है और न कभी डर सकता है।

## पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर चुनाव संपन्न

# 60 प्रतिशत मतदान

## बंगाल में सबसे ज्यादा तो बिहार में सबसे कम

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शाम पांच बजे तक औसतन 59.66 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, शाम पांच बजे तक पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक 77.57 प्रतिशत और बिहार में सबसे कम 46.32 प्रतिशत वोट डाले गये। सुबह सात बजे शुरू हुआ मतदान शाम छह बजे तक चला। कतार में खड़े लोगों को शाम 6 बजे बाद भी वोट डालने की सुविधा दी गई।

पहले चरण में सबसे ज्यादा 102 सीटों पर मतदान कराया गया है। पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, त्रिपुरा की एक सीट पर 76.10 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 67.66 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 69.91 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 70.77 प्रतिशत वोट पड़े थे।

### मप्र में 63.25 प्रश वोटिंग

पुडुचेरी में एक सीट पर 72.84 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसी तरह जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में छह सीट पर 63.25 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 63.27 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 68.06 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 55.79 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मिजोरम में एक सीट पर 52.73 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर 53.56 प्रतिशत, उत्तराखंड में पांच सीटों पर 57.54 प्रतिशत, अंडमान-निकोबार में एक सीट पर 56.87 प्रतिशत, महाराष्ट्र में पांच सीटों पर 54.85 प्रतिशत, लक्षद्वीप में एक सीट पर 59.02 प्रतिशत, राजस्थान में 12 सीटों पर 50.27 प्रतिशत, तमिलनाडु की 39 सीटों पर 62.02 प्रतिशत वोट डाले गये थे। पश्चिम बंगाल पूर्वोत्तर राजस्थान और अन्य जगहों पर विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही पुरुष और महिला मतदाताओं की लंबी कतारें लग गयी थीं। पहली बार मताधिकार पाने वाले युवा मतादाताओं में मत देने को लेकर खासा उत्साह नजर आया।



### दो राज्यों में विधानसभा चुनाव

निर्वाचन आयोग के अनुसार, " सभी 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में पहले चरण की मतदान प्रक्रिया छिटपुट घटनाओं को छोड़कर सभी जगह शांतिपूर्ण रही। 102 सीटों पर 1625 उम्मीदवार मैदान में थे। मणिपुर व पश्चिमी बंगाल में हिंसा की खबर है। राजस्थान में कुछ जगह मारपीट व धमकी देने की घटनाएं सामने आई हैं। अरुणाचल प्रदेश की 60 और सिक्किम की सभी 32 विधान सभा सीटों पर भी आज मतदान कराया गया। शुक्रवार को जिन केंद्रीय मंत्रियों के भाग्य का फैसला वोटिंग मशीन में बंद हुआ उनमें नागपुर से नितिन गडकरी, डिब्रूगढ़ से सर्बानंद सोनोवाल, अरुणाचल पश्चिम से किरण रिजिजू, उधमपुर से जितेंद्र सिंह, अलवर से भूपेंद्र यादव, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल व तमिलनाडु के नीलगिरी से एल मुरुगन शामिल रहे।

### राज्यवार मतदान प्रतिशत

चुनाव आयोग ने कहा कि पहले चरण के मतदान में शाम 5 बजे तक राज्यवार मतदान का प्रतिशत इस प्रकार रहा। अंडमान निकोबार- 56.87%, अरुणाचल प्रदेश-63.92%, असम -70.77%, बिहार - 46.32%, छत्तीसगढ़ - 63.41%, जम्मू कश्मीर - 65.08%, क्षद्वीप - 59.02%, मध्य प्रदेश - 63.25%, महाराष्ट्र - 54.85%, मणिपुर - 68.31%, मेघालय- 69.91%, मिजोरम - 52.91%, नगालैंड - 55.97%, पुडुचेरी - 72.84%, राजस्थान - 50.27%, सिक्किम - 68.06%, तमिलनाडु - 62.08%, त्रिपुरा -76.10%, उत्तर प्रदेश - 57.54%, उत्तराखंड -53.56%, पश्चिम बंगाल -77.57%।

### लू और गर्मी की वजह से कम हुआ मतदान

बिहार में 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में 5 फीसदी कम मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने वोटिंग प्रतिशत कम होने के कारणों पर भी चर्चा की। उनके मुताबिक भीषण गर्मी और तेज लू की वजह से पहले चरण में मतदान का प्रतिशत कम देखने को मिला है।

## केजरीवाल की डाइट और दवा मामला

# सुनवाई हुई पूरी फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

दिल्ली की राउज ऐवन्यू कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल की भोजन और इंसुलिन वाली याचिका पर अब कोर्ट सोमवार 22 अप्रैल को फैसला सुनाएगा। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि एम्स के डॉक्टर को केजरीवाल की सेहत की जांच करने दी जाए। इस पर केजरीवाल के वकील ने कहा कि हमको ईडी की सलाह की जरूरत नहीं है। केजरीवाल का खाना तीन बार चेक किया जाता है। तब उनको खाना दिया जाता है। ईडी को केजरीवाल के खाने की एक-एक डिटेल किस नियम के तहत दी गई। साथ ही कोर्ट द्वारा सुझाए गए डाइट के बाहर का खाना क्यों केजरीवाल को देने दिया।

इस पर जेल प्राधिकरण ने कहा कि जब केजरीवाल को जेल में लाया गया था तो वह पहले इंसुलिन ले रहे थे। लेकिन बाद में खुद बंद कर दिया था। घर से बना खाना देने में कोई शर्त नहीं थी कि वह फल या कुछ भी खायें। दरअसल, वह डाइट फॉलो नहीं कर रहे हैं। हमें एम्स से भी राय मिली है। इसके मुताबिक उन्हें आम से परहेज करना चाहिए। जेल मैनुअल के अनुसार घर का बना खाना कैदी को नहीं दिया जा सकता है, जब तक कोर्ट की विशेष इजाजत न हो। केजरीवाल को डाइट चार्ट फॉलो करना चाहिए, इंसुलिन की कोई जरूरत नहीं है। अगर वह इंसुलिन लेंगे तो शुगर लेवल काफी कम हो जाएगा। एम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें आम, चीकू, केला आदि से परहेज करना होगा। कोर्ट ने केजरीवाल के वकील से कहा कि एक अप्रैल को जब घर से बना खाने की इजाज़त दी गई थी तो उस समय आपने जो डाइट चार्ट दिया उसको ही आपको फॉलो करना चाहिए था। आपके डाइट चार्ट और जेल द्वारा दिए गए डाइट चार्ट का तुलनात्मक चार्ट से ऐसा लगता है कि उसमें कुछ बदलाव हुआ है।



### 'क्या मैं लकवा का जोखिम उठाऊंगा?'

केजरीवाल ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को उन्हें इंसुलिन उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश देने की मांग की है। केजरीवाल के वकील सिंघवी ने अदालत से कहा कि ईडी ने दावा किया है कि मैं जमानत पाने के लिए अपना ब्लड शुगर लेवल बढ़ाना चाहता हूं। क्या मैं जमानत पाने के लिए लकवाग्रस्त होने का जोखिम उठाने जा रहा हूं? मैं जो भी खाना खाता हूं, वह गिरफ्तारी से पहले मेरे डॉक्टर द्वारा तैयार किए गए डाइट चार्ट के अनुसार है।

# योग से कमाए पैसों पर देना होगा टैक्स

**नई दिल्ली।** बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा। शीर्ष अदालत ने अपीलीय न्यायाधिकरण के एक फैसले को बरकरार रखा है। न्यायाधिकरण के फैसले में रामदेव के ट्रस्ट को योग शिविरों के आयोजन के लिए प्रवेश शुल्क (एंट्री फीस) लेने पर सेवा कर (सर्विस टैक्स) का भुगतान करने को कहा गया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) की इलाहाबाद पीठ के पांच अक्टूबर, 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। पीठ ने ट्रस्ट की अपील खारिज करते हुए कहा, "न्यायाधिकरण ने ठीक ही कहा है कि शुल्क वाले शिविरों में योग करना एक सेवा है। हमें इस आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं मिला। अपील खारिज की जाती है।" सीईएसटीएटी ने अपने आदेश में कहा था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की तरफ से आयोजित आवासीय एवं गैर-आवासीय योग शिविरों में शामिल होने के लिए शुल्क लिया जाता है। लिहाजा यह स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा की श्रेणी में आता है और इस पर सेवा कर लगेगा।



## मुरादाबाद और बिजनौर में बड़ी मात्रा में पर्चियां बरामद

# सपा सांसद के घर, बसपा कैंडिडेट के दफ्तर पर छापा

**मुरादाबाद/बिजनौर ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान के दौरान शुक्रवार को पुलिस ने मुरादाबाद शहर में सपा के मौजूदा सांसद एसटी हसन के घर पर छापा मारा। साथ ही बिजनौर लोकसभा सीट से बसपा कैंडिडेट विजेंद्र सिंह के मवाना स्थित दफ्तर पर छापा मारा। दोनों जगह से पर्ची जब्त की। पुलिस का कहना है कि चुनाव चिह्न छपी पर्ची का इस्तेमाल मतदान के दौरान करना चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। मुरादाबाद के सपा सांसद डॉक्टर एसटी हसन ने एक सब इंस्पेक्टर पर आरोप लगाया है कि उसने उनके कार्यालय में घुसकर उनके स्टाफ के साथ बदसलूकी की। उनके कंप्यूटर से छेड़छाड़ की। मतदाताओं को प्रशासन ने टॉर्चर किया। मुरादाबाद से सपा कैंडिडेट रुचि वीरा ने प्रशासन पर वोटरों को परेशान करने का आरोप लगाया।



**बसपा प्रत्याशी के ऑफिस में छापेमारी-** शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान बिजनौर सीट से बसपा प्रत्याशी चौधरी विजेंद्र सिंह के मवाना स्थित निजी कार्यालय और स्कूल में पुलिस ने छापेमारी की। वहां से पुलिस काफी पर्ची उठाकर ले गई। चुनाव आचार संहिता का आरोप लगाया। बसपा प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा सरकार बौखला चुकी है। उन्हें हराने के लिए पुलिस भाजपा की एजेंट बनकर काम कर रही है।

## ब्रह्मोस

## ड्रैगन की हरकतों से परेशान फिलिपींस ने बढ़ाई सैन्य ताकत

# भारत ने भेजी दुनिया की सबसे तेज क्रूज मिसाइल

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

चीन की हरकतों से परेशान एक छोटे से देश फिलिपींस ने उसे जवाब देने के लिए भारत से मदद ली। इसने भारत के साथ 2022 में 3131 करोड़ रुपए की डील की थी। दो साल बाद भारत ने फिलिपींस को दुनिया की सबसे तेज क्रूज मिसाइल सौंप दी है। शुक्रवार को भारतीय वायु सेना का सी-17 मालवाहक विमान मिसाइल सिस्टम लेकर फिलिपींस के कलार्क एयर बेस पहुंचा। फिलिपींस आकार में भारत से 996% छोटा है। आबादी मात्र 11.46 करोड़ है। फिलिपींस ने भारत से ब्रह्मोस मिसाइलें ले ली हैं। जल्द ही इनकी तैनाती भी ऐसी जगहों पर की जाएगी, जहां से चीन के हमलों का करारा जवाब दिया जा सके। ब्रह्मोस के मिलने के बाद फिलिपींस की सैन्य ताकत में कई गुना इजाफा हो गया है।



### फिलिपींस के चारों तरफ समंदर

फिलिपींस का कुल क्षेत्रफल 343,448 वर्ग किमी है। यह दक्षिणी चीन सागर में छोटे-छोटे 7641 द्वीपों का एक समूह है। दक्षिणी चीन सागर पश्चिम में है। फिलिपीन सागर पूर्व और सेलेबेस सागर दक्षिण में है। फिलिपींस अपनी समुद्री सीमा ताइवान, जापान, पलाऊ, इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम और चीन के साथ बांटता है। यह दुनिया का 12वां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है।

### टोमाहॉक से दोगुनी तेज

ब्रह्मोस मिसाइल हवा में ही रास्ता बदलने में सक्षम है। चलते-फिरते टारगेट को भी बर्बाद कर देती है। यह 10 मीटर की ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम हैं, यानी दुश्मन के राडार इसे देख ही नहीं पाएगा। यह किसी भी अन्य मिसाइल पहचान प्रणाली को धोखा दे सकती है। इसको मार गिराना लगभग अंसभव है। ब्रह्मोस मिसाइल अमेरिका के टोमाहॉक मिसाइल से दोगुना तेज उड़ती है।

कांग्रेस प्रत्याशी का वीडियो हो रहा वायरल

# मैं बलि का बकरा हूं, मेरे गले की बलि देना कोई गलत नहीं : अक्षय कांति बम

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

इंदौर लोकसभा चुनावी माहौल के बीच कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें वे अपने खिलाफ लगातार हो रहे बयानों को लेकर पलटवार कर रहे हैं। यह वीडियो उनके चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर का है। इसमें वे कह रहे हैं कि इतिहास गवाह है जो कभी संघर्ष से परिचित नहीं हुआ वह कभी चर्चित नहीं हुआ। अखबार लिखते हैं कि अक्षय बम को बलि का बकरा बना दिया। मैं कहना चाहता हूं कि हां मैं बलि का बकरा हूं क्योंकि जनता को खुश करने के लिए अगर



मेरी गले की बलि दे रहे हो तो कोई गलत नहीं है। यह बंदा बलि का बकरा है।

दरअसल बुधवार को बम के चुनाव कार्यालय का उद्घघाटन था। इस दौरान मंच पर पार्टी के वरिष्ठ नेता कृपाशंकर शुक्ला, अश्विन जोशी, अर्चना जायसवाल सहित कई नेता बैठे हैं। तब उन्होंने दमदारी से यह बात कही। गौरतलब है कि बम को टिकट मिलने के बाद भाजपाई उन पर बयानबाजी करने से नहीं चूक रहे हैं। पिछले दिनों विधानसभा 5 के अध्यक्ष और भाजपा नेता राजा कोठारी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया था। कोठारी के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैनर और पोस्टर लगाए थे। इनमें बम का फोटो लगाकर उन्हें कांग्रेस की ओर से बलि का बकरा बताया था। फिर यह खबर मीडिया में सुर्खियों में रही। इसे लेकर बम ने पहली बार पलटवार किया।

## शंकर लालवानी 25 को भरेंगे पर्चा, मुख्यमंत्री भी आएंगे

इंदौर। जावरा कंपाउंड स्थित भाजपा कार्यालय पर 25 अप्रैल को सांसद शंकर लालवानी की होने वाली नामांकन रैली को लेकर उपमुख्यमंत्री व क्लस्टर प्रभारी जगदीश देवड़ा के नेतृत्व में बैठक हुई। इसके अंतर्गत नामांकन रैली को लेकर सभी ने अपने सुझाव साझा किए और तैयारी को लेकर चर्चा की गई। रैली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सम्मिलित होंगे। बैठक में कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट संभाग



प्रभारी राघवेंद्र गौतम, सांसद प्रत्याशी शंकर लालवानी, नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव , विधायक रमेश मेंदोला, आइडिया पूर्व अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, आकाश विजयवर्गीय, लोकसभा संयोजक रवि रावलिया, सहसंयोजक गोपाल गोयल नगर महामंत्री सविता अखंड व सुधीर कोल्हे मुख्य रुप से उपस्थित थे।

अवैध वसूली और मारपीट की धाराओं में शिकायत

# शराब पीने के पैसे नहीं दिए तो गुंडों ने भाजपा पार्षद कालरा को पीटा

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

जूनी इंदौर के वार्ड 65 के पार्षद कमलेश कालरा को गुरुवार रात बदमाशों ने पीट दिया। कालरा का कहना है कि बदमाश अनुज उप्पल उनसे शराब पीने के लिए रुपए मांग रहा था। उन्होंने पैसे देने से मना किया तो अनुज ने पीट दिया। कालरा ने इस मामले में जूनी इंदौर पुलिस को अवैध वसूली और मारपीट की धाराओं में शिकायत की है। पुलिस के मुताबिक कालरा गुरुवार देर रात करीब 12:10 बजे पड़ोसियों और साथियों के साथ घर के बाहर टहल रहे थे। तभी वहां अनुज उप्पल आया और कहने लगा कि आजकल बहुत पैसा कमा रहे हो। इसके बाद गालियां देने लगा। और मारपीट करने लगा। इसे लेकर सभी ने विरोध किया। तो अनुज ने दो हजार रुपए शराब पीने के लिये मांगे। मारपीट के दौरान कालरा के कान और चेहरे पर चोट आई है। कालरा इंदौर-4 की विधायक मालिनी गौड़ के करीबी बताए जाते हैं। जानकारी





के मुताबिक अनुज उप्पल से एक प्रॉपर्टी निर्माण के मामले में पार्षद कालरा की रंजिश चल रही है। कालरा समर्थक एक व्यक्ति की बिल्डिंग से पेड़ काटने और अवैध तरीके से निर्माण करने को लेकर




उप्पल ने आपत्ति ली थी। विवाद के पीछे यही मामला बताया जा रहा है। इधर, कालरा ने आरोप लगाया कि आरोपी अनुज उप्पल को भाजपा की कार्यालय मंत्री का संरक्षण है। रात में उप्पल की शिकायत की तो उसीने पुलिस को फोन करके दबाव बनाने की कोशिश की थी। मेरी उनसे कोई व्यक्तिगत रंजिश नहीं है। वे रखती हों तो पता नहीं। उप्पल ने आठ महीने पहले भी मुझे फोन पर गाली दी थी।

## बच्चों के खेलने से नाराज पड़ोसी ने मारा चाकू

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह बच्चों के खेलने से नाराज एक पड़ोसी ने पिता पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस के मुताबिक घटना पालदा इलाके की है। यहां रहने वाले सुंदर कौल ने धीरज पुत्र हुकुमचंद शिंदे पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कराया है। सुंदर ने बताया कि वह सुबह 6 बजे उठकर घर के बाहर आया। इस दौरान पड़ोसी धीरज भी बाहर निकला और कहा बच्चों को समझाता क्यों नहीं, सड़क पर खेलते रहते हैं। सुंदर ने कहा कि समझा दूंगा। इसके कुछ देर बाद आरोपी धीरज गालियां देने लगा। रोका तो धीरज घर में गया और चाकू ले आया। धीरज ने सुंदर के सिर और पेट में चाकू से वार किया। सिर पर पत्थर भी मारा। सुंदर चिल्लाने लगा तो पड़ोसी और बच्चे भागकर बाहर निकले। इस बीच मौका पाकर धीरज भाग गया। रहवासियों ने सुंदर को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी।

# निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल से गिरा दो साल का मासूम, मौत

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

लूसड़िया थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल से गिरकर एक मासूम की मौत हो गई। हादसे के वक्त मासूम की मां खाना बना रही थी औरबच्चा खेलते-खेलते नीचे गिर पड़ा। उसके सिर पर गंभीर चोटें आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। तीसरी मंजिल पर उसे नानी लेकर गई थी औरवह मकान की तरी करने में व्यस्त हो गई थी। बच्चे की तरफ उसका ध्यान नहीं गया। पुलिस ने मर्ग मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। यदि मकान में कोई लापरवाही पाई गई तो ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज हो सकता है। घटना निपानिया क्षेत्र की श्रीनाथ पैलेस कॉलोनी की है। यहां रोहित यादव का मकान बन रहा है। उन्होंने मकान की चौकीदारी के लिए कुक्षी के मंडिया सिंह को रखा है। वह परिवार सहित टपरी बनाकर मकान की चौकीदारी कर रहा है। उसकी बेटी सोनू भी साथ में रहती है। उसका दो साल के बेटे गणेश को नानी तीसरी मंजिल पर ले गई। एक कमरे में बैठाकर वह मकान की तरी करने लगी। इस बीच गणेश तीसरी मंजिल से गिर पड़ा। लहुलुहान हालत में नाना मड़िया गणेश को बाइक से अस्पताल भी लेकर गए, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## छह साल की बच्ची को बेल्ट से पीटा, केस दर्ज

लसूडिया क्षेत्र में पुलिस ने छह साल की बच्ची को बेल्ट से पीटने के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी नगीन पंवार रंजिश के चलते राठौर परिवार के यहां गया और युवक से मारपीट करने लगा। इस बीच उसकी छह साल के बेटी नेहा राठौर पिता को बचाने आई तो आरोपीी नगीन ने उसे भी बेल्ट से पीट दिया। इससे उसके शरीर में चोट आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## दुबई जाने वाले यात्रियों का एयरपोर्ट पर हंगामा

इंदौर। दुबई में भारी बारिश से बने बाढ़ जैसे हालात के चलते कल दुबई से इंदौर आकर वापस जाने वाली उड़ानें भी निरस्त रहीं, जिससे दुबई से इंदौर आने वाले यात्री वहीं फंस गए। वहीं इंदौर से जाने वाले यात्रियों ने भी उड़ान निरस्त होने पर हंगामा किया। एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान रात 10.30 बजे दुबई से इंदौर आकर 12.40 बजे वापस दुबई जाती है, लेकिन कल कंपनी ने इस उड़ान को निरस्त कर दिया। इस उड़ान से 186 यात्री दुबई जाने वाले थे। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि दुबई एयरपोर्ट पर पानी भर जाने से उड़ानों का संचालन नहीं हो पा रहा है। दुबई एयरपोर्ट प्रबंधन लगातार पानी निकालने का प्रयास कर रहा है, किंतु स्थिति सामान्य होने में काफी समय लग रहा है। इसके चलते दुनिया के ज्यादातर देशों तक जाने और आने वाली उड़ानों का संचालन बंद किया गया है। इसी क्रम में इंदौर उड़ान को भी कल कंपनी ने निरस्त कर दिया। दुबई से दुनिया के कई प्रमुख शहरों तक जाने वाली उड़ानों का संचालन रद्द किए जाने के कारण दुबई में हजारों यात्री फंस गए हैं।

## जाकिर ने महिला का रास्ता रोका, मारपीट की

**इंदौर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र में शादीशुदा महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने रास्ता रोककर पहले छेड़छाड़ की, फिर मारपीट की और शादी करने के लिए धमकाने लगा। इसके बाद महिला ने सदर बाजार थाने जाकर पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम जाकिर निवासी सिल्वर पैलेस कॉलोनी खजराना है। 33 साल की पीड़िता ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह शादीशुदा है और हाउस कीपिंग का काम करती है। जाकिर को वह पहले से जानती है। वह जब घर से काम के लिए निकली तो रास्ते में जाकिर मिला और जबरदस्ती रोककर पकड़ लिया। छोड़ने के लिए कहा तो गालियां देने लगा। घटना गुरुवार की है।

## अवैध पिस्टल के साथ पकड़ाया आयज खान, प्रकरण दर्ज



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

खजराना पुलिस ने क्षेत्र के एक शातिर बदमाश को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक अवैध पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए। क्षेत्र में अपनी धाक जमाने के लिए बदमाश पिस्टल अपने पास रखता था। थाना प्रभारी सुजीत श्रीवास्तव ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश मिले थे, जिसमें अवैध हथियार एवं वाहन चोरी करने वाले बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना है। इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि क्षेत्र का आदतन बदमाश अयाज खान पिता अफजल खान निवासी खजराना पैलेस क्षेत्र में पिस्टल लेकर घूम रहा है। सूचना के बाद घेराबंदी कर आरोपी आयज खान को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से एक पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज है।

## सुरक्षा में कोताही बरतने पर लोट्स शोरूम सील

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

फायर सेफ्टी संबंधी नियम की अनदेखी करने पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्कीम 140 स्थित इलेक्ट्रानिक प्रोडक्ट्स के लोटस शोरूम को शुक्रवार को सील कर दिया। एसडीएम कल्याणी पांडे ने बताया कि लोटस शोरूम को गत 28 मार्च को नगर निगम द्वारा नोटिस दिया जाकर पर्याप्त अग्नि शमन व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया था, परन्तु अग्नि शमन व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया। उक्त भवन G+3 है, परंतु आग बुझाने के अपर्याप्त साधन हैं। जिला प्रशासन की टीम ने लोटस शोरूम के कर्मचारियों को शोरूम




से बाहर कर दिया गया है। जिला प्रशासन और शोरूम के कर्मचारियों के बीच बहस जारी है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन फायर सेफ्टी को लेकर इंदौर में लगातार कार्यवाही कर रहा है। इससे पहले प्रशासन नवनीत प्लाजा और फॉर्चून ओरा बिल्डिंग को भी सील कर चुका है।

## खुले बोरिंग की सूचना देने पर 10 हजार का इनाम

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

रीवा में खुले बोरिंग के गड्ढे में गिरने से बच्चे की मौत के बाद इंदौर में भी एहतियातन कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर आशीष सिंह ने शुक्रवार को एक आदेश जारी किया है। इसमें खुले बोरिंग की सूचना देने वालों को 10 हजार रु. के इनाम देने घोषणा की गई है। खुला बोरिंग पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अपील की गई है कि कहीं भी खुला बोरिंग या बिना ढक्कन-जाली वाला कुआ हो तो इसकी सूचना कलेक्टोरेट के रूम नं. जी-12 या टेलीफोन नं. 9926734403 पर सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक दी जा सकती है। सूचना सही पाए जाने पर 10 हजार रु. की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## तेज आवाज में डीजे बजाया, सिर फोड़ा

**इंदौर।** जूनी इंदौर इलाके में मामा के यहां शादी में आए भानजे साहिल का एक युवक ने सिर फोड़ दिया। आरोपी सोनू देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाने की बात पर नाराज था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना गुरुवार रात की है। साहिल पेशे से सेल्समैन है। पुलिस के मुताबिक साहिल संकत निवासी बीके कॉलोनी ने बताया कि वह मामा के घर शादी में पहुंचा था। गुरुवार देर रात 12:30 बजे परिवार के लोग डीजे पर डांस कर रहे थे। इस बात से नाराज नजदीक ही रहने वाला सोनू पुत्र धनंजय वहां पहुंचा और गालियां देने लगा। उसे रोका तो साहिल के साथ मारपीट करने लगा। लोगों ने बचाव किया तो धनंजय ने लोहे का पाइप उठाया और साहिल के सिर पर मार दिया। इसके बाद आरोपी ने धमकी दी कि ज्यादा शोर शराबा किया, तो लोगों को जान से मार देगा। परिजनों ने घायल साहिल को मेडिकल परीक्षण के लिए एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। इसके साथ ही पुलिस से शिकायत भी की।

## बाग-टांडा का बाइक चोर गिरोह पकड़ाया, 6 गाड़ियां बरामद



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

खजराना पुलिस ने बाग-टांडा के बाइक चोर गिरोह को धरदबोचा। आरोपियों के पास से पुलिस ने छह बाइक बरामद की है। डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा की टीम को जानकारी मिली थी कि चोरी के बाइक के साथ इलाके में दो आरोपी घूम रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने दिनेश पुत्र कालू मेड़ा टांडा और अनिल पुत्र करमसिंह भूरिया को पकड़ा गया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। दिनेश और अनिल ने पूछताछ में रतलाम कोठी, खजराना, एमजी रोड, सदर बाजार और एमआईजी इलाके से वाहन चोरी करना बताया है। पुलिस के मुताबिक दोनों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक दिनेश और अनिल को बीट के पुलिसकर्मियों ने ताला तोड़ने वाले औजार के साथ पकड़ा था। उन्हें थाने लाकर पूछताछ की, तो उनके खिलाफ चोरी के एक दो अपराध मिले। इसके बाद पुलिस ने उन्हें बाइक चोरी के मामले में आरोपी बनाया है।

## भाई-भाभी के निजी संबंधों के वीडियो किए अपलोड, केस दर्ज

**इंदौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने ही नाबालिग देवर पर पति के साथ निजी पलों के वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने नाबालिग को बुलाकर वीडियो डिलीट करवाए। जानकारी के मुताबिक तिलक नगर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने ही नाबालिग देवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया है।

महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति से अलग होकर रहती है और कुछ दिनों में पति-पत्नी की मुलाकात होती रहती है। वहीं उसका नाबालिग देवर उनके साथ रहने की जिद करता रहता है। पिछले दिनों जब हम दोनों पति-पत्नी की मुलाकात हुई। जहां देवर ने निजी पलों के वीडियो बनाकर साथ में रहने के नाम पर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। जब उसे महिला ने अपने साथ नहीं रखा तो उसने वीडियो इंस्टाग्राम आईडी से वायरल कर दिया। इस मामले में महिला ने अपने नाबालिग देवर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। वहीं पुलिस में नाबालिग को बुलाकर वीडियो डिलीट करवा दिया है और उसके खिलाफ वैधानिक धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**वकीलों की मांग** 2 से 28 जून तक अवकाश के आदेश को निरस्त किया जाए

# कोर्ट में ग्रीष्मकालीन अवकाश 13 मई से ही रखा जाए

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

वकीलों ने मांग की है कि न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश पहले की तरह 13 मई से ही शुरू किया जाए। दो जून से 28 जून तक अवकाश के आदेश को निरस्त किया जाए। शुक्रवार को इंदौर अभिभाषक संघ की साधारण सभा हुई। इसमें अवकाश के संबंध में सर्वानुमति से प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि वकीलों ने मांग की है कि मुख्य न्यायाधिपति पूर्व में जारी आदेश को निरस्त कर नया आदेश जारी करें, क्योंकि उनका कार्यकाल 24 मई को समाप्त हो रहा है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जून के दूसरे सप्ताह में वर्षा का दौर शुरू हो जाता है। ऐसे में अधिवक्ताओं को अवकाश का लाभ नहीं मिल सकेगा, इसलिए न्यायालयों में अवकाश पहले की तरह रखना जरूरी है। एक मई को हुए अभिभाषक संघ के चुनाव में सदस्यों के भोजन पर खर्च हुए दो लाख 85 हजार रुपए को लेकर भी साधारण सभा में चर्चा हुई। सदस्यों ने कहा कि विशेष समिति द्वारा बड़ी राशि खर्च करने के बाद सदस्यों को भोजन नहीं मिल सका था। इस पर तय किया गया कि पांच सदस्यीय समिति इस मामले की जांच करेगी और एक माह में अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी।



**जिला कोर्ट परिसर में नई पार्किंग शुरू :** जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के पीछे 5 एकड़ में नई पार्किंग प्रारंभ हो गई है। कोर्ट परिसर की सड़कों पर एक भी गाड़ी नजर नहीं आई। एमजी रोड के दोनों गेट पर केवल इतनी जगह छोड़ी गई, जितने में से पैदल निकला जा सके। हालांकि वकीलों के पसीने भी छूट गए। गांधी हॉल वाले गेट से जो वकील गाड़ी लगाने नई जगह पर गए उन्हें पैदल अपनी बैठक तक आना पड़ा। कई वकील अपनी गाड़ी में ही पक्षकारों के दस्तावेज रखते हैं। उन्हें दो से तीन चक्कर लगाना पड़े। बैठक व्यवस्था से औसत 200 मीटर दूर पार्किंग हो गई है। अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा, अधिवक्ता महेंद्र मौर्य के मुताबिक जिला व सत्र न्यायाधीश बीपी शर्मा की पहल से पार्किंग शुरू हो पाई है। अधिवक्ता शैलेंद्र द्विवेदी का कहना है कि अभी दो महीने तक तो नई पार्किंग में गाड़ी लगाने में कोई दिक्कत नहीं है। एकाध घंटा बारिश हो गई तो पानी भरा जाएगा। इसके पहले यहां पर पेवर ब्लॉक लगाए जाना चाहिए। कई वकील, पक्षकारों को नई पार्किंग रास नहीं आई। नतीजा यह हुआ कि काछी मोहल्ला, तोपखाना वाली गली, कोर्ट परिसर के सामने वाली पट्टी में लोग गाड़ी लगाकर चले गए। एमजी रोड के कई व्यापारी भी सुबह 9 बजे कोर्ट परिसर में गाड़ी लगा जाते थे। अब उन्हें नई पार्किंग में जाना होगा या फिर कहीं और जगह तलाशना होगी।

## लूट की झूठी कहानी का हीरो निकला नौशाद

**इंदौर।** भंवरकुआं पुलिस ने फर्जी लूट का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कर्ज से बचने के लिए झूठी लूट की रची थी और लूट का प्रकरण दर्ज करवाया था। आरोपी ने खुद के मुंह पर मिर्च पावडर डाला और नुकली चम्मच से खुद को चोट पहुंचाई थी। थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि शिकायतकर्ता नौशाद पिता स्माइल निवासी कोहिनूर नगर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह रिंग रोड आईटी पार्क से राजीव गांधी चौराहे तरफ जा रहा था। जाते समय प्रतीक्षा ढाबा के पास तीन बदमाश होने उसके मुंह पर मिर्ची पावडर और चाकू मारकर स्कूटर की डिक्की में रखे 150000 रुपए लूट ले गए। घटना के गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया, जब आसपास वालों से इस घटना के बारे में पूछताछ की गई, लेकिन लूट जैसी कोई बात सामने नहीं आई। जब फरियादी नौशाद से पुलिस ने पूछताछ की तो वह कुछ ही देर में टूट गया और उसने बताया कि दुकान मालिक इदरीश खान से उसने ईद के पूर्व डेढ़ लाख रुपए उधार लिए थे और वह लगातार अपने रुपयों की मांग कर रहा था।

नगर निगम आयुक्त हर्षिका सिंह ने जाते-जाते कहा था- देखना मामला दर्ज हो

# 28 करोड़ के घपले की खिचड़ी काफी पहले से ही पक रही थी!

**राजीव टाइम्स ▪ इंदौर**

## शिकंजा कसने की तैयारी थी

नगर निगम के सीवरेज विभाग में बिना काम किये 28 करोड़ के फर्जी बिल लगाने का मामला काफी समय पहले पकड़ में आ गया था। निगम की पूर्व कमिश्नर हर्षिका सिंह को यह पता चला था कि निगम के गलियारों में कुछ गड़बड़ चल रही है। यह गड़बड़ी विधानसभा चुनाव के पहले हुई थी। अधीनस्थों को निर्देश दिए गए थे कि इसे थोड़ा चलने दिया जाए और जब बिल पास होकर पेमेंट जैसी स्थिति बने, तब इसे पकड़ा जाए।

हर्षिका सिंह ने सीवरेज विभाग में छापा देकर फाइलों की जांच कराई थी। जब गड़बड़ी दिखाई दी तो फाइलें बुलवा लीं, जिसमें आवक-जावक क्रमांक में गलतियां पकड़ी गईं। यही नहीं, इन फाइलों को आगे बढ़ाने के लिए एक ही पेन का उपयोग किया गया था। सिंह ने इसकी पूरी जानकारी निकलवाना शुरू की। ऑडिट वालों को भी फटकार लगाई थी कि यह गड़बड़ क्यों नहीं पकड़ी गई।


दैनिक राजीव टाइम्स
ठंडे बस्ते में जा रही घोटाले की जांच

हर्षिका सिंह इस पर बड़ी कार्रवाई के साथ गड़बड़ करने वालों पर पूरी तरह शिकंजा कसने की तैयारी में थीं, लेकिन उसके पहले ही उनका तबादला हो गया। वहीं जब वो इस मामले को पकने दे रही थीं। इस बीच किसी ने इसकी खबर लीक कर दी। ऐसे में निगम परिसर में खड़ी गाड़ी से ही फाइलें गायब हो गई थीं। उन्हें यह भी पता चला था कि उनके आने के पहले इस प्रकार का खेल चल रहा था। उन्होंने इसकी जांच करने के साथ सीवरेज विभाग को एफआईआर करने के लिए कहा था।

वही फाइलों की चोरी की जांच के लिए नगर निगम में लगे कैमरों के फुटेज भी निकलवाए थे। इसके लिए उन्होंने बाकायदा थाने में आवेदन दे दिया था। फरवरी-मार्च में इसकी जांच भी शुरू भी हो गई थी। इस बीच हर्षिकासिंह का तबादला हो गया। हालांकि वे जाते-जाते अधिकारियों को कह गई थीं कि मामले की जांच बारीकी से करवाना और कोई भी जिम्मेदार बचना नहीं चाहिए। ऐसा माना जा रहा है कि हर्षिका सिंह भोपाल रहकर भी मामले पर पैनी निगाह रखे हुए थीं, तब ही तो



यह मामला उजागर हो पाया।

**आयुक्त का कड़ा रुख :** आयुक्त शिवम वर्मा ने निगम को आर्थिक हानि पहुंचाने का प्रयास करने पर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों अथवा कर्मचारियों की संलिप्तता होने तथा ई नगर पालिका में प्रविष्टियों के संबंध में आईटी सेल से जांच कराने के लिए अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन कर दिया है। इसमें अपर आयुक्त लेखा देवघर दरवई, आरएस देवड़ा सहायक यंत्री, रमेशचंद्र शर्मा सहायक लेखा अधिकारी, अभिनव राय प्रभारी अधिकारी आईटी सेल, आशीष तागड़े सहायक लेखापाल और रुपेश काले सहायक लेखापाल को शामिल किया गया है।

### दोषियों को नहीं बख्शेंगे

आयुक्त शिवम वर्मा ने समिति को निर्देशित किया है कि जॉच में कोई भी दोषी, अपचारी अधिकारी/कर्मचारी किसी भी कारण से बच नहीं सके। उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इन एजेसियों व इनके प्रोप्राइटर्स के कृत्यों को दृष्टिगत रखते हुए उल्लेखित फर्मों व उनके प्रोप्राराइटरशिप/पार्टनरशिप की अन्य समस्त फर्मों को नगर निगम की समस्त निविदाओं व कार्यों के लिये तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित/ब्लैक लिस्टेड करते हुए इनके समस्त भुगतानों पर भी आगामी निर्णय/आदेश तक रोक लगाई गई।

# आखिर आम लोगों की सुध ली

**नगर निगम आयुक्त के निर्देश**

- हर दिन 200 आवारा कुत्तों की नसबंदी करें
- दो अतिरिक्त वाहन भी इसके लिए दिए जाएंगे
- हर दिन 120 पीड़ितों का किया जा रहा इलाज
- इस साल रोज 144 लोगों ने करवाया इलाज

**राजीव टाइम्स ▪ मनोज दाधीच**

**इंदौर**। शहर में रोज लगभग 144 लोगों को कुत्ते काटे का इलाज करने जाना पड़ता है। यह आंकड़े सरकारी अस्पतालों में लगने वाले इंजेक्शन के हैं। इसके अलावा प्राइवेट इलाज करने वालों की संख्या का पता नहीं चलता है। शहर में कुत्ता कांटे की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। इसकी रोकथाम के लिए जब भी आला अधिकारियों से बातचीत की जाती है तो सीधे मेनका गांधी का हवाला देकर कहा जाता है कि पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत हम कुछ नहीं कर सकते।

### पिछले साल रोज 120 लोगों को काटा

हुकुमचंद पॉली क्लीनिक में कुत्ता काटे के मरीजों की संख्या पिछले साल 43976 रही। यानी रोज 120 लोगों को इलाज करवाने के लिए आना पड़ा। कहा जाता है कि गर्मी में कुत्ते ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं, लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि दिसंबर और जनवरी में कुत्ता काटे की घटनाएं सबसे ज्यादा रही। पिछले साल जनवरी में 4068 और दिसंबर में 4251 लोगों ने इलाज करवाया।

## तीन माह में 13000 से अधिक शिकार

बात करें इस साल की तो जनवरी में 4907 लोग इलाज करवाने पहुंचे। यानी राज लगभग 158 लोगों को इलाज करवाना पड़ा। इसी तरह फरवरी में संख्या 4225 रही। यानी 145 लोगों ने रोज इलाज करवाया। मार्च में 4024 लोगों ने इलाज करवाया, जो रोज 130 का औसत रहा। कुल मिलाकर पिछले तीन माह में रोज 144 लोगों को इलाज करवाने के लिए हुकुमचंद पॉली क्लीनिक जाना पड़ा।





### नसबंदी तथा रैबीज टीकाकरण के निर्देश

निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने स्मार्ट सिटी ऑफिस में इस काम को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने शहर में बढ़ते डॉग बाइट केस की रोकथाम के लिए रोज 200 आवारा कुत्तों की नसबंदी तथा रैबीज टीकाकरण करने के निर्देश दिए। शहर को रैबीज मुक्त बनाने के लिए निगम व जिला स्वास्थ्य विभाग एबीसी प्रोग्राम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में इस प्रोग्राम में लगी अनुबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने एबीसी कार्य के लिए अतिरिक्त वाहन की आवश्यकता बताई। इस पर आयुक्त ने वर्कशॉप प्रभारी को एबीसी प्रोग्राम के लिए दो अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं एबीसी सेंटर पर मरम्मत कार्य करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

# अरे ओ भिया...



**राजीव टाइम्स ▪ इंदौर**

शहर के महात्मा गांधी या एमजी रोड के व्यस्त इंद्रप्रस्थ चौराहे पर जलती हुई लालबत्ती के सामने लेफ्ट टर्न को जाम करते हुए आधी सड़क घेरकर खड़े ये साक्षर वाहन चालक आखिर क्या संदेश देना चाहते हैं?

जब भी बात उठती है शहर के बिगड़ते ट्रैफिक की तो लगभग सभी लोग एक सुर में पुलिस, प्रशासन, नगर निगम आदि को कोसने लग जाते हैं। हो सकता है कि ये सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन हम सबकी अपेक्षानुसार नहीं कर पाते हों, लेकिन सड़क के गड्ढे, खराब इंजीनियरिंग, पुलिस की कमी, संकेतकों पर टाइमर का नही होना आदि कई कारण एक साथ मिलकर भी यह एक्सप्लेन या जस्टीफाय नहीं कर सकते कि वाहन चालकों का लालबत्ती को बत्ती देने के जुनून का, रांग साइड में वाहन ले जाने के आनंद का और फ्री लेफ्ट टर्न को जाम कर गौरवान्वित होने का इन सब कमियों से कौनसा सीधा संबंध है?

सच में देखा जाए तो ट्रैफिक सुधारना तो वाहन चालकों के अपने ही हाथ में है। हमें जरूरत है आत्मनिरीक्षण करने की और कुछ नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को सामूहिक रूप से टोकने की। इस तरह- अरे ओ भिया ये क्या कर रहे हो यार...।

वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए ईजाद किए गए ट्रैफिक नियमों को अपनाने के बजाय और कोई कारगर व स्थाई उपाय हो ही नहीं सकता।

## सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज का ग्राउंड पद्मश्री दोशी के नाम पर

**इंदौर**। मप्र के बड़े सराकरी इंजीनियरिंग कॉलेज एसजीएसआईटीएस प्रशासन ने कॉलेज में स्थित खेल मैदान को अपनी ही संस्थान के 1968 बैच के इलेक्ट्रिकल ब्रांच के एलुमिनी छात्र और हिंदी क्रिकेट कमेंटेटर पद्मश्री सुशील दोशी के नाम से करने का फैसला लिया है। इस मौके पर पद्मश्री सुशील दोषी ने भावुक होते हुए कहा सही लोगों को सही जगह पर चुने जाने पर समाज पर सकारात्मक संदेश जाता है। जिस संस्थान से उन्होंने शिक्षा प्राप्त करने के बाद क्रिकेट जगत में इतनी उपलब्धियां अर्जित करी हो और उस संस्थान द्वारा उनके नाम से खेल मैदान का नामकरण किया जा रहा है ये उनके लिए गौरव की बात है।

## साइबर अटैक से बचाव के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे

**इंदौर**। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी साइबर अटैक से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंध कर रही है। बिलिंग, विद्युत वितरण, डाटा आदि को लेकर सजगता व भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुसार कार्य किया जा रहा है। प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि अप्रैल में कंपनी के अधिकारियों ने नई दिल्ली व मुंबई में अभा स्तर की ट्रेनिंग लेकर साइबर अटैक से बचाव को लेकर तौर तरीके समझे हैं। शुक्रवार को ऊर्जा सचिव व कंपनी के चेयरमैन रघुराज एमआर ने भी इस दिशा में कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए है। साइबर सुरक्षा को लेकर गाइड लाइन के अक्षरशः पालन और नई दिल्ली, मुंबई में साइबर अटैक से बचाव के लिए दी गई ट्रेनिंग में उल्लेखित बातों, अनुशंसाओं का भी पालन किया जाएगा। प्रबंध निदेशक ने यह भी बताया कि कंपनी क्षेत्र में करीब 60 लाख उपभोक्ताओं के साथ ही अन्य विभागीय कार्यों की करोड़ों फाइलें, डाटा है। ऐसे में सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है।

# निरीक्षण में दिखीं कमियां, उद्यान कर्मचारी नदारद

**राजीव टाइम्स ▪ इंदौर**

28 करोड़ के घपले की आंच नगर निगम के गलियारों में साफ़ दिखाई दे रही है। निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने निगम मुख्यालय के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। कई जगह उन्हें कमियां दिखाई दीं। उद्यान विभाग में कई कर्मचारी नदारद मिले।

निगम के गलियारों में दो दिनों से 28 करोड़ के घपले की आग फैली हुई है। आयुक्त ने भी महसूस किया कि सभी कार्यालयों का निरीक्षण करने पर वस्तुस्थिति पता चलेगी। शुक्रवार को उन्होंने मुख्यालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर रिकॉर्ड की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान देखा कि निगम के कामों का रिकॉर्ड किस प्रकार रखा जाता है। वहीं रिकॉर्ड रखने में पाई गई कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने लेखा शाखा कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की बैठक व्यवस्था देखी तथा बाहर रखी हुई टूटी-फूटी कुर्सियों को हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद नए भवन में स्थित स्थापना विभाग कॉलोनी, सेल विभाग, उद्यान विभाग, परिषद कार्यालय, लोक सूचना विभाग, स्वास्थ्य व स्थापना शाखा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने कर्मचारियों व नागरिकों के विभाग में आने के दौरान बैठक व पीने के पानी की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए।

**वॉश बेसिन को हटाने का निर्देश :** नए भवन में शौचालय के बाहर खुले स्थान में बनाए गए वॉश बेसिन का पानी खुले में बहता है। आयुक्त ने इसे देखा और बेसिन को हटाकर बाथरूम परिसर में बनाने के निर्देश दिए। बता दें कि इस वॉश बेसिन के पास पहले निगम कर्मचारी और आम जनता के लिए पीने के पानी की मशीन लगी हुई थी, लेकिन उसे हटा दिया गया है। अब यहां आम जनता के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है।

**कारण बताओ नोटिस थमाएंगे :** दूसरी मंजिल पर उद्यान विभाग की शाखा का निरीक्षण करने के दौरान आयुक्त को उपस्थिति रजिस्टर में दिखा कि कुछ कर्मचारी अनुपस्थित हैं। इस पर उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर में बिना सक्षम स्वीकृति के नदारद कर्मचारियों को शोकॉज नोटिस थमाने के निर्देश दिए।

## चार निर्दलीय प्रत्याशियों ने भरे फॉर्म

**राजीव टाइम्स ▪ इंदौर**

लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन के दूसरे दिन दो नामांकन भरे गए। ये दोनों की नामांकन निर्दलीय प्रत्याशियों ने भरे हैं। इनमें से एक रविश खण्डेलवाल और दूसरे रवि सिरवैया हैं। दो दिनों में कुल चार नामांकन भरे जा चुके हैं, जबकि 32 लोगों ने नामांकन फॉर्म लिए हैं। खास बात यह कि इस बार प्रत्याशियों को अगर उनकी विदेश में चल-अचल संपत्ति है तो उसकी भी जानकारी देनी होगी। नामांकन भरने का समय सुबह 11 बजे से 3 बजे तक है। 25 अप्रैल को नामांकन का आखिरी दिन है।

### 26 को जांच, 29 अप्रैल तक नाम वापसी

26 अप्रैल को नामांकन की जांच होगी और 29 अप्रैल तक नाम वापसी होगी। प्रत्याशियों को सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे नामांकन फार्म, जमानत राशि का प्रमाण, फॉर्म ए और बी, शपथ पत्र आदि के साथ रिटर्निंग अधिकारी रूम में लेकर आना होगा। यदि वह उसी निर्वाचन क्षेत्र का नहीं है, जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की कॉपी या नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित कॉपी जमा करनी होगी।

## एक्शन में कलेक्टर : एडीएम सपना लोवंशी पर गिरी गाज

**इंदौर**। कलेक्टर आशीष सिंह ने कार्य प्रगति और प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से रोशन राय अपर कलेक्टर को वर्तमान कार्य के साथ अन्य प्रभार सौंपा। वहीं सपना एम. लोवंशी को अपर कलेक्टर शाखाओं के प्रभार से मुक्त किया है। बता दें कि एडीएम सपना लोवंशी के पास अधिकतर विभाग होने से कुछ कार्यों में गति नहीं हो रही थी। इसी तारतम में चुनाव को देखते हुए और अतिरिक्त प्रभार को सुविधाजनक व जल्द निपटान के लिए महत्वपूर्ण विभागों 1. दंगा राहत व पुनर्वास 2. अनुज्ञप्ति शाखा (शस्त्र नियमों के अन्तर्गत लायसेन्स से सम्बन्धित), 3. पेट्रोलियम व एक्सप्लोसिव एक्ट के अन्तर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना तथा इससे सम्बन्धित अन्य कार्य। 4. होमगार्ड, 5. नागरिक सुरक्षा संबंधी कार्रवाई, 6 केन्द्रीय जेल/जिला जेल7 एसिड अनुमति (ग्रामीण क्षेत्र) 8. नगर विकास यातायात समिति सम्बन्धी कार्य ।9 सत्कार (प्रोटोकाल) शाखा 10 आपदा प्रबंधन शाखा का बंटवारा कर एडीएम रोशन राय को सौंप दिया गया।

## सोनाली मिमरोट शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष बनीं

**राजीव टाइम्स ▪ इंदौर**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संगठन की मजबूती के लिए महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर काबिज साक्षी शुक्ला को हटा कर महिला कांग्रेस नेत्री सोनाली मिमरोट को नियुक्त किया है। बता दें सोनाली मिमरोट को पार्टी ने पिछले दिनों ही उज्जैन लोकसभा का प्रभारी भी बनाया था। सोनाली इंदौर के वार्ड क्रमांक 45 से पार्षद भी हैं। उनको प्रेमचंद गुड्डू का समर्थक बताया जाता है। सोनाली के चचेरे भाई लक्ष्क्षू मिमरोट ने पिछले दिनों ही कांग्रेस से इस्तीफा देकर स्वप्निल कोठारी के साथ मिलकर भाजपा का दामन थाम लिया था। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से इस तरह के सुगबुगाहट चल रही थी कि कांग्रेस के संगठन में फेरबदल होगा। जहां प्रदेश स्तर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष को बदल गया। वहीं इंदौर में भी महिला कांग्रेस अध्यक्ष को बदलना इसी कवायद का नतीजा है। संगठन में बदलाव आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए किया जा रहा है। देखने की बात है कि इससे कांग्रेस में कितना जोश आता है। सोनाली मिमरोट वर्तमान में कांग्रेस की पार्षद है और अपने क्षेत्र के साथ-साथ शहर की समस्याओं को बड़ी मुखरता से उठती नजर आती है।

**रेव्यू** 70 करोड़ से अधिक की रजिस्ट्रियां मात्र कुछ दिनों में लोगों ने करवा ली

# गाइडलाइन बढ़ने का रजिस्ट्री करवाने पर असर नहीं

**राजीव टाइम्स ▪ इंदौर**

अप्रैल माह के कुछ दिनों में ही इंदौर के रजिस्ट्री कार्यालय में रिकॉर्ड 70 करोड़ रुपए से अधिक का रेवेन्यू अर्जित कर 6890 से ज्यादा दस्तावेज रजिस्टर किए गए। रजिस्ट्री कार्यालय में अप्रैल माह में नवरात्रि और रामनवमी के अवसर पर खूब रजिस्ट्रियां हुई। कार्यालय में इस बार बैठने की व्यवस्था भी सुचारू थी। रामनवमी के मौके पर लोगों ने छुट्टी होने के कारण पहले से ही स्लॉट बुक करवा लिए थे, जिससे अप्रैल माह में रिकॉर्ड रजिस्ट्री हुई। पिछले साल की अप्रैल माह की तुलना में इस साल का प्रतिशत पिछली बार की तुलना में ज्यादा रहा। इस



साल गाइडलाइन में वृद्धि होने से अब तक रजिस्ट्रियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और लोग खूब रजिस्ट्री करवा रहे हैं। इसी तारतम में 70 करोड़ रुपए से अधिक की रजिस्ट्रियां मात्र कुछ दिनों में ही लोगों ने करवा ली, जिसके लिए 6890 से ज्यादा दस्तावेजों को रजिस्टर किए गए।

### इंदौर क्र. 3 के लिए रजिस्ट्री कार्यालय मिलेगा

**इंदौर।** कलेक्टर कार्यालय स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय में रजिस्ट्री करवाने वालों की सबसे अधिक भीड़ रहती है। यहां इंदौर एक और तीन के रजिस्ट्री कार्यलय मौजूद है, यहां भीड़ अधिक होने के कारण बैठने के लिए कई बार जगह कम पड़ जाती है। इसीलिए इंदौर तीन के लिए वेदांता हॉस्पिटल के पास बीएसएनएल बिल्डिंग के तल मंजिल पर नया इंदौर क्रमांक 3 रजिस्ट्री कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा। फिलहाल कार्यालय का काम तेजी से किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद नए कार्यालय में काम शुरु हो जाएगा।

संपादकीय

# वीवीपैट का दायरा बढ़ाना जरूरी

सुप्रीम कोर्ट में पिटिशन के जरिए मांग की गई कि हर लोकसभा क्षेत्र में 50 फीसदी वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया जाए। इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट का कहना था कि अगर बिना किसी तय आधार के यूं ही चुन लिए गए 479 ईवीएम का वीवीपैट से मिलान किया जाता है तो 99 फीसदी सटीक नतीजे आ सकते हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि वह इससे आठ गुना ज्यादा ईवीएम लेता है। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट मिलान का दायरा पांच गुना और बढ़ाने को कहा। बावजूद इसके मामला अभी भी फंसा हुआ है।

विधानसभा क्षेत्र से ईवीएम द्वारा पांच ईवीएम की वीवीपैट पर्चियां मिलान के लिए ली जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में हर वोट के मिलान की मांग की गई है। दिक्कत यह है कि वीवीपैट की पर्चियों के मिलान में वक्त लगता है, लेकिन सवाल चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता का हो तो वक्त कोई मसला नहीं होना चाहिए। देश में 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले सात चरणों का मतदान शुक्रवार से शुरू हो गया। दिलचस्प यह है कि मतदान से ठीक पहले तक सुप्रीम कोर्ट में चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता से जुड़े मामले पर सुनवाई होती रही। मसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में डाले गए वोटों के वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों से मिलान का है। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। हालांकि निश्चित रूप से मुद्दा अहम है और पुराना भी। EVM के जरिए वोटिंग की शुरुआत 2004 के लोकसभा चुनावों में हुई थी। तब से सरकारें बदलती रहीं, लेकिन ईवीएम की गड़बड़ियों के आरोप लगते रहे। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी कि बैलट पेपर की ओर वापसी का विकल्प नहीं है, लेकिन उसने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और उसकी विश्वसनीयता से किसी तरह का ईवीएम की विश्वसनीयता के सवाल से जूझते हुए ही 2013 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से वीवीपैट लाया गया। इससे मतदाताओं को यह देखने का मौका मिलता है कि उनका वोट उसी को गया है जिसे वह देना चाहते थे। इसने निश्चित रूप से ईवीएम की विश्वसनीयता बढ़ाने वाले एक टूल के रूप में अपनी जगह बनाई है, लेकिन विवाद का कोई सर्वमान्य हल उसके बाद भी नहीं निकल सका। 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले यह मामला एक बार फिर जोरदार ढंग से उठा। तब सुप्रीम कोर्ट में पिटिशन के जरिए मांग की गई कि हर लोकसभा क्षेत्र में 50 फीसदी वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया जाए। इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट का कहना था कि अगर बिना किसी तय आधार के यूं ही चुन लिए गए 479 ईवीएम का वीवीपैट से मिलान किया जाता है तो 99 फीसदी सटीक नतीजे आ सकते हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि वह इससे आठ गुना ज्यादा ईवीएम लेता है। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट मिलान का दायरा पांच गुना और बढ़ाने को कहा। बावजूद इसके मामला अभी भी फंसा हुआ है। अभी हर विधानसभा क्षेत्र से 5 ईवीएम की वीवीपैट पर्चियां मिलान के लिए ली जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में हर वोट के मिलान की मांग की गई है। दिक्कत यह है कि वीवीपैट की पर्चियों के मिलान में वक्त लगता है। लेकिन सवाल चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता का हो तो वक्त कोई मसला नहीं होना चाहिए। यूं भी 2004 में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया तीन सप्ताह में पूरी हुई थी। इस बार उसके लिए छह सप्ताह का वक्त लिया जा रहा है। जब वोटिंग में इतना समय लिया गया तो थोड़ा वक्त काउंटिंग में भी लगने में हर्ज नहीं है।

● संपादक

## छत्रपति नगर में धर्मसभा के साथ प्रभातफेरी और श्रीजी की शोभायात्रा

# राग-द्वेष को जीतने वाला ही सच्चा धर्मात्मा : पूज्यसागरजी महाराज

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में अच्छा करने और प्रगति करने का प्रयास करता है, लेकिन उसके प्रयास सफल होने पर वर्तमान समय में लोगों में राग-द्वेष एवं ईर्ष्या की बढ़ती प्रवृत्ति एवं भावों के कारण उनसे अच्छे लोगों के अच्छे काम एवं उनकी प्रगति देखी नहीं जाती। ऐसी प्रवृत्ति समाज के विकास में बाधक है, जिसने राग-द्वेष को जीत लिया, वही सच्चा धर्मात्मा है। वही सत्पुरुष है और उसी को मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है। यह बात शुक्रवार को अंतर्मुखी पूज्य मुनिश्री पूज्य सागर महाराज ने छत्रपति नगर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। धर्मसभा में महाराजश्री ने कहा कि साधुओं के प्रति समान दृष्टि एवं श्रद्धा रखने से एवं उनकी आराधना भक्ति करने से पुण्य मिलता है, ना कि किसी संघ विशेष के साधु



की आराधना भक्ति करने से पुण्य मिलता है। मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि भगवान आदिनाथ से महावीर जयंती तक दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन एवं सामाजिक संसद के संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही प्रभात फेरी एवं श्रीजी की शोभायात्रा का आयोजन किया गया। प्रवचन के पूर्व आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर से मुनिश्री के सान्निध्य में प्रभात फेरी एवं श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई। मार्ग में जगह-जगह समाजजन ने श्रीजी की आरती उतारी। मुनिश्री का पाद-प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश विनायका, संसद के महामंत्री सुशील पांड्या, मंत्री डॉ. जैनेंद्र जैन, स्वर्ण रथ सारथी कुशलराज पमपम, वितुल अजमेरा, राजेंद्र सोनी, बाहुबली पांड्या संजय पापड़ीवाल, विपुल बांझल, भूपेंद्र जैन, कमल जैन चैलेंजर, दिलीप जैन, हेमंत मोदी, एम के जैन, निलेश जैन, देवेंद्र सोगानी, रिषभ पाटनी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक हर वर्ष सरकार मनाए

इंदौर। इंदौर विश्व जैन संगठन ने मांग की है कि भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक वर्ष में 2550 वें निर्वाण वर्ष में महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक सरकार द्वारा मनाया जाए। अहिंसा का संदेश देने वाले जियो और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान के जन्म कल्याणक पर राम राज्य हो पूरे विश्व में अहिंसा का, प्राणी मात्र के कल्याण के लिए संदेश जाए। संगठन के प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि महावीर जन्मकल्याणक के दिन बूचड़खाने और नॉनवेज दुकान बंद रखें और इसका सख्ती से पालन हो। पशु मांस पर सब्सिडी बंद हो। जैन तीर्थों का संरक्षण हो। हर राज्य में जैन कल्याण बोर्ड का गठन हो और एक सेंट्रल जैन कल्याण बोर्ड की



स्थापना हो। देश की पुरातत्व धरोहर का संरक्षण हो, वह भारत देश की धरोहर है और देश की धरोहर की नीलामी न देश में होना चाहिए ना विदेश में होना चाहिए जिससे मंदिरों में होने वाली चोरिया रुक सके। भगवान महावीर के सिद्धांतों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। पत्रकार वार्ता में टीके वेद, इंदौर अध्यक्ष मयंक जैन, राजेश जैन दद्दू, राहुल पॉजिटिव, संजीव जैन, हेमंत जैन, , मयूर जैन, प्रेरणा जैन आदि गणमान्य शामिल थे।

# महाराजा अग्रसेन सभा का दो दिनी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 4 मई से

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा एवं महाराजा अग्रसेन सभा की मेजबानी में दो दिवसीय उच्च शिक्षित युवक-युवती परिचय सम्मेलन चार और पांच मई को द मीरा गार्डन में आयोजित किया जाएगा। परिचय सम्मेलन की शुरुआत सुबह 10 बजे से होगी। अभी तक कई राज्यों से 800 से अधिक युवक-युवती की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं।

परिचय सम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक अग्रसेन भवन में संरक्षक गोविंद गोयल, विष्णु बिंदल, डॉ. महेश गुप्ता और प्रदेश अध्यक्ष पूनम गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पदमचंद जैन ने बताया कि यह 13वां परिचय सम्मेलन है। दो दिवसीय परिचय सम्मेलन की शुरुआत 4 मई से होगी। सभा द्वारा अभिभावकों की सुविधा के लिए अलग-अलग शहरों में प्रविष्टियां जमा करने के लिए केंद्र बनाए गए हैं।

सम्मेलन की प्रविष्टियां 22 अप्रैल तक ली जाएगी। सम्मेलन की कमान महिलाओं को सौंपी गई है। अभी तक कई राज्यों से 800 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। सभा की बैठक में चंचल अग्रवाल, नीलम धानुका, ज्योति अग्रवाल, कोमल गर्ग, भावना अग्रवाल, गयाप्रसाद तायल, विष्णु अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, महावीर गर्ग, राजकुमार अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## सर्वजातीय परिचय सम्मेलन और पत्रिका का विमोचन संतोष सभागृह में कल

**इंदौर।** संस्था साईं बंधन द्वारा 21 अप्रैल को सर्वजातिय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन संतोष सभागृह में किया जाएगा। सम्मेलन की शुरुआत दोपहर 12 बजे से होगी। इस अवसर पर पत्रिका का विमोचन अतिथियों द्वारा किया जाएगा, जिसमें 600 से अधिक प्रत्याशियों का समावेश होगा। संस्था की प्रमुख मोनिका निगम ने बताया कि परिचय सम्मेलन दोपहर 12 बजे शुरु होगा, जो शाम 4 बजे तक चलेगा। सम्मेलन के लिए अभी तक 600 से अधिक प्रत्याशियों का समावेश पत्रिका में किया गया है। प्रत्याशियों में 20 साल की उम्र से लेकर युवाओं और 60 साल के बुजुर्ग भी शामिल हैं। परिचय सम्मेलन में इंदौर के अलावा अन्य शहरों के युवा भी भाग लेंगे। संस्था का यह सम्मेलन आयोजित कराने का उद्देश्य यह है कि जिन प्रत्याशियों को अपने मेच का प्रत्याशी समाज में नहीं मिल पाता वे इस सम्मेलन में शामिल होकर अपना जीवन साथी चुन सकते हैं। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा।

## गोवंश के लिए बांटेंगे एक हजार किलो मीठे दलिया के लड्डू

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2024-25 को गोरक्षा वर्ष के रूप में मनाने और गो पालकों को प्रोत्साहन देने की घोषणा का मां पराम्बा गोभक्त मंडल, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने स्वागत करते हुए यशवंत सागर स्थित गोकुलम गोशाला पर नंदी पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर शहर की गोशालाओं की गायों को एक हजार किलो मीठी दलिया के लड्डू बनाकर भेजने का संकल्प लिया गया। इसकी शुरुआत गोकुलम गोशाला की गायों को लड्डू परोस कर की गई। विभाग प्रमुख योगेश होलानी, संगठन मंत्री



अभिषेक उदेनिया, बजरंग दल के सह संयोजक संतोष वर्मा एवं राजेश बिंजवे ने बताया कि गोशालाओं के उत्थान के लिए पूरे वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित करने और गोहत्या करने वालों पर पैनी नजर रखने का निर्णय भी लिया। कार्यक्रम में गोभक्त मंडल के शैलेष मूंदड़ा ने गोवंश के लिए तीन प्याऊ लगाने, सेवा विभाग के प्रमुख यज्ञेश राठी ने चारा काटने की ऑटोमेटिक मशीन देने, समाजसेवी दिलीप जैन ने बीमार गायों को उठाने की मशीन भेंट करने की घोषणा की। कार्यक्रम में गोमाता रोटी भक्त मंडल के रवि शंकर कश्यप, राकेश गोयल, बालकृष्ण साहू, दिनेश सोनी, पवन पांडे सहित अनेक प्रमुख गोभक्त उपस्थित थे।



## बालक वर्द्धमान का स्वर्ण पालना सजेगा

**इंदौर**। भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर संयोगितागंज दिगंबर जैन समाज छावनी द्वारा विभिन्न सामाजिक धार्मिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। मंत्री देवेंद्र सेठी एवं मीडिया प्रभारी ज्योतिषाचार्य एमके जैन ने बताया कि दिगंबर जैन महिला संगठन द्वारा उन्मुक्त सेवा आश्रम में भोजन एवं मिठाई वितरण जूनियर महिला संगठन द्वारा श्री राम निराश्रित आश्रम में मानव सेवाकार्य जैन समन्वय ग्रुप द्वारा हेलन केलन विद्यालय में सेवा कार्यक्रम नंदीमित्र सुकुमार मंडल द्वारा बालक वर्धमान स्वर्ण श्रंगारित पालना गीत एवं संगीत में भजन आयोजित किए गए हैं। प्रमुख संयोजक नरेश जैन (आर्टस् टेंपल ) संदीप गोधा एवं रितेश गोधा ने बताया कि महावीर जन्म कल्याण की पूर्व संध्या पर महावीर कीर्ति स्तंभ नेहरू स्टेडियम में दीप से दीप जलाओ कार्यक्रम तथा अन्य आयोजन भी होंगे।

## परिंदों के लिए दाना-पानी रखने का लिया संकल्प, भजनों पर खूब थिरकीं महिलाएं

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

अग्रवाल संगठन नवलखा क्षेत्र का स्नेह मिलन महोत्सव राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन में श्यामबाबा के भजनों के साथ हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। उत्सव के दौरान श्याम दरबार सजाया गया। भक्तों ने पवित्र ज्योत का दर्शन लाभ लिया। साथ ही पूरे परिसर में इत्र की बौछार की गई।

इस मौके पर श्यामबाबा का मनोहारी श्रृंगार कोलकाता से आए कलाकारों ने किया। उत्सव में राजस्थान के भजन गायक चैतन्य दाधिच एवं धामनोद के माधव अग्रवाल ने श्यामबाबा के भजनों से भक्तों को थिरकाए रखा। संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री अखिलेश गोयल,



राजेश सिंघल, राजेंद्र समाधान, गोविंद मोरनी, महेश अग्रवाल ने सभी गायकों एवं मेहमानों का स्वागत किया।

भजन संध्या में सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, पार्षद मनीष शर्मा, मृदुल अग्रवाल के अलावा वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, जगदीश बाबाश्री राजेश बंसल एवं अन्य विशिष्टजनों ने भी उत्साहवर्धन किया। अतिथियों को स्मृति चिह्न विकास मित्तल, अनिता गुप्ता, अशोक मित्तल एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भेंट किए। आभार अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने माना। समापन पर सभी सदस्यों ने ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों के लिए दाना-पानी एवं सकोरे रखने का संकल्प लिया।

## आईआईएम टाइम्सप्रो ने शुरू किया मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्डटीज का पहला बैच

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंदौर ने जाने-माने हायर ऐड-टेक प्लेटफॉर्म टाइम्सप्रो के साथ साझेदारी में पोस्ट ग्रेजुएट मैनेजमेंट डिग्री- मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एमएमएस) के पहले बैच का नामांकन किया है। कैंपस में बैच का उद्घाटन आईआईएम इंदौर के डायरेक्टर प्रोफेसर हिमांशु राय ने किया। दो वर्षीय ऑनलाइन एमएमएस प्रोग्राम, आईआईएम इंदौर की प्रमुख एग्जीक्टिव पेशकश है, जो कामकाजी पेशेवरों को अपने पेशे में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेगी। आईआईएम के डायरेक्टर हिमांशु राय ने पहले मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज बैच के दूरदर्शी अर्थ पर जोर दिया। प्रोफेसर हिमांशु राय ने कहा कि यह प्रोग्राम छात्रों को जरूरी ज्ञान, कौशल एवं लीडरशिप क्षमता प्रदान कर भावी लीडर्स के रूप में विकसित करेगा। अनीश श्रीकृष्णा सीईओ टाइम्सप्रो ने कहा ने कहा कि मास्टर ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज की शुरुआत भारत के भावी कार्यबल को उद्योग जगत के बदलावों के साथ निपटने में सक्षम बनाने के लिए की गई है। टाइम्स प्रो के सीईओ अनीश श्रीकृष्णा ने विश्वस्तरीय रूझानों पर विचार रखे। इससे पहले एसोसिएट डीन-एक्ज़क्टिव एजुकेशन (वर्चुअल) प्रोफेसर सुबिन सुधीर ने इंदौर कैम्पस आने वाले बैच का स्वागत किया। ईएमपी-एमएमएस के को-ऑर्डिनेटर प्रोफेसर निशित कुमार सिन्हा ने समापन संबोधन दिया।

# हायर इंडिया ने पेश की S800QT QLED सीरीज

**नई दिल्ली**। लगातार 15 सालों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड, हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपनी नवीनतम स्मार्ट QLED सीरीज S800QT के लॉन्च की घोषणा की है। होम एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन की गई इस सीरीज में 4K QLED डिस्प्ले है और यह 4 साइज 75", 65", 55" और 43" में आती है, जो सभी चैनलों पर 38,990 रुपए की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी। ऑल-न्यू QLED सीरीज एक अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान करने, उन्नत सुविधाओं की पेशकश करने और मंत्रमुग्ध करने वाले डिजाइन तत्वों की हायर इंडिया की व्यापक प्रशंसा पर आधारित है। अपने मूल में क्वांटम डॉट तकनीक के साथ, S800QT सीरीज रंगों का एक असाधारण स्पेक्ट्रम, अविश्वसनीय रूप से शानदार विजुअल्स और 4K डिस्प्ले के साथ बेजोड़ स्पष्टता प्रदान करती है। यह रेवोल्यूशनरी सीरीज दृश्यात्मक रूप से आकर्षक लुक के साथ अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत करती है, जिसका लक्ष्य उपभोक्ताओं को अपने घर के आराम से एक अद्वितीय सिनेमाई यात्रा में डुबो देना है। हायर इंडिया के प्रेजिडेंट एनएस सतीश ने कहा कि हायर में, हम घरेलू मनोरंजन अनुभव को लगातार पुनर्परिभाषित करने के लिए समर्पित हैं।

**प्रयास** प्याऊ संस्कृति को गौमाता के स्वरूप में पुनर्जीवित करने का अभिनव पहल

# एक जमाने में इंदौर की पहचान रही और अब सूखी पड़ी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

भारत विकास परिषद एक सेवा एवं संस्कार-उन्मुख अराजनैतिक, सामाजिक-सांस्कृतिक स्वयंसेवी संस्था है, जो स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपनाते हुए मानव-जीवन के सभी क्षेत्रों (संस्कृति, समाज, शिक्षा, नीति, अध्यात्म, राष्ट्रप्रेम आदि) में भारत के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। इसका लक्ष्यवाक्य है - "स्वस्थ, समर्थ, संस्कृत भारत*। यह परिषद स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों एवं शिक्षाओं पर चलती है। भारत विकास परिषद् संस्कार, सेवा, संपर्क, परियोजना के द्वारा समाज की सेवा करती है।

संस्कार योजना द्वारा बच्चों, युवाओं, परिवार, वरिष्ठ नागरिक के लिए विकास कार्यक्रम चलाती है, जिसमें प्रमुख है- बाल संस्कार शिविर, गुरुवंदन छात्र अभिनंदन,



राष्ट्रीय संस्कृत गीत प्रतियोगिता, भारत को जानो, युवा संस्कार शिविर, परिवार संस्कार शिविर, समूह गायन आदि। सेवा योजना के द्वारा दिव्यांगों का कल्याण, पुनर्वास, आदिवासी विकास, गांव और शहरी- झोपड़ी विकास, सामूहिक सरल विवाह, महिलाएं और बच्चे को कानूनी सलाह देती है। अपने संपर्क योजना के द्वारा संस्कृति सप्ताह, स्थापना दिवस और प्रतिभा सम्मान, सेमिनार जैसी कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर करती है। इसी



तारतम्य में अहिल्यानगरी शाखा इंदौर के सचिव भरत नागर ने बताया कि परिषद के स्थाई प्रकल्प जल सेवा के अंतर्गत गोमाता के स्वरूप में बनाई गई मध्यप्रदेश की प्रथम प्याऊ का शुभ आरम्भ बाणगंगा थाने के समीप, न्यू लाइफ हॉस्पिटल प्रांगण सांवेर रोड पर शुक्रवार को परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल एवम सुदर्शन जटाले द्वारा किया गया। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी रजनीश चौरड़िया सहित बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

500 लीटर स्वच्छ पेयजल संग्रहण क्षमता वाली टंकी से संबद्ध इस प्याऊ का निर्माण सपना नीरज अग्रवाल द्वारा करवाया गया है। यहां हर समय शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहेगा। परिषद के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर इस प्याऊ के लिए स्थानीय समाजसेवी न्यू लाइफ अस्पताल के संचालक आनंद प्रकाश शर्मा द्वारा जनसेवा भाव से अपने निवास पर स्थान उपलब्ध करवाया गया है और सहज भक्ति भाव से उन्होंने प्याऊ के रख रखाव की जिम्मेदारी भी सहर्ष स्वीकार की है। गोमाता के थन से प्रवाहित हो रहे निर्मल जल के आचमन से अभिभूत होकर अपने मन में उमड़ रहे विचार व्यक्त करते हुए संस्था अध्यक्ष संजय सूर्यवंशी ने बताया कि एक समय था, जब इंदौर को प्याऊ के शहर के रूप में जाना जाता था। कोठारी मार्केट को पहले राम प्याऊ के नाम से जाना जाता था, लेकिन बोतल बंद पेयजल के बढ़ते चलन ने गरीबों से उनकी प्यास बुझाने वाले प्याऊ छीन ली है। परिषद के जल सेवा प्रकल्प के माध्यम से उसी खोई हुई संस्कृति को पुनर्जीवित कर शहर को लौटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते वर्षों में परिषद द्वारा कई प्याऊ बनवाई गई है, जिनका संचालन और रखरखाव भी नियमित रूप से हो रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक जितेंद्र खंडेलवाल द्वारा दैनिक राजीव टाइम्स के लिए राजीव प्रिंटर्स, 7 गोराकुंड इंदौर से मुद्रित, प्रकाशित। मुख्य कार्यालय 26 प्रेस कॉम्प्लेक्स एवं सिटी ऑफिस 23, सेक्टर बी, सांवेर रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर से संचालित। प्रबंध संपादक : अपूर्वा मेनन। । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। रजि. नंबर आरएनआई/38105/81 पोस्टल रजि. आई./डी./सी./एम.पी./202 मोबाइल 7999999127।

कहां कितने प्रत्याशी : छिंदवाड़ा में 15, सीधी में 17, शहडोल में 10, जबलपुर में 19, मंडला में 14, बालाघाट में 13

# पहले चरण की सभी छह सीटें जीतने के लिए दोनों प्रमुख दलों ने ताकत झोंकी

भोपाल ▪ एजेंसी

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छह सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ। इसमें छिंदवाड़ा में कांटे की टक्कर है। वहीं मंडला सीट पर भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते मोदी के भरोसे हैं। सीधी और बालाघाट में मुकाबला त्रिकोणीय है। वहीं जबलपुर और शहडोल सीट पर भाजपा पहले ही मजबूत है। दोनों ही दलों ने इन छह सीटों को जीतने के लिए पूरा जोर लगा दिया है। केंद्रीय नेताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी पार्टी के प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। वहीं, कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी ने सभाएं कीं। छिंदवाड़ा में कमलनाथ ने खुद मोर्चा संभाला हुआ है। यहां पर नाथ के साथ ही सीएम मोहन यादव की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है।

### छिंदवाड़ा : कांग्रेस का गढ़ भाजपा ने झोंकी ताकत

छिंदवाड़ा में कड़ा मुकाबला है। कांग्रेस के गढ़ को जीतने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। यहां पर आदिवासी वोटर हार जीत तय करेंगे। यही वजह है कि कमलेश शाह को भाजपा ने तोड़ लिया। वहीं, सबसे बड़ा मुद्दा क्षेत्र का जनता का कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ को पसंद नहीं करना है। हालांकि लोग कमलनाथ के काम को अभी भी याद कर रहे हैं। इसलिए पूर्व सीएम कमलनाथ ने ही चुनाव का मोर्चा संभाल रखा है। वे जनता से अपने 44 साल के रिश्तों को बता और भावनात्मक अपील कर वोट मांग रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी बंटी साहू के लिए पूरी भाजपा ही चुनाव मैदान में है। भाजपा मोदी को आगे रखकर चुनाव लड़ रही है। यहां पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनाव समाप्त होने के एक दिन पहले रोड शो किया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सभाएं कीं। सीएम डॉ. मोहन यादव करीब करीब हर दिन प्रचार करने पहुंचे। पूर्व सीएम शिवराज ने भी सभाएं लीं।

● **विधानसभा चुनाव 2023 के नतीजे- जिले की 8 में से सभी सीटें कांग्रेस के पास है। एक विधायक भाजपा में शामिल हो गया।**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 16,32,190 |
| पुरुष मतदाता | 8,24,449 |
| महिला मतदाता | 8,07,726 |
| थर्ड जेंडर | 15 |
| मतदान प्रतिशत | |
| 2014 | 79.05%, |
| 2019 | 82.39% |

### बालाघाट : मुंजारे ने बिगाड़ा खेल

बालाघाट संसदीय सीट पर भाजपा ने सांसद ढाल सिंह बिसेन का टिकट काट कर भारती पारधी को प्रत्याशी बनाया है। भारती के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा भी की है। वहीं, कांग्रेस के सम्राट सरस्वार सामान्य वर्ग से आते हैं। वह क्षेत्र के आदिवासी वोटों को साधने में लगे रहे। जीतू पटवारी ने उनके लिए लगातार तीन रैलियां कीं। वहीं, पूर्व सांसद कंकर मुंजारे बसपा की सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों की ही चिंता बढ़ा दी है। कंकर की पत्नी अनुभा मुंजारे कांग्रेस से विधायक हैं। ऐसे में इससे कांग्रेस को नुकसान ज्यादा होता दिख रहा है। इस सीट पर पुरुष मतदाताओं से ज्यादा महिला मतदाताओं की संख्या है।

● **विधानसभा चुनाव के नतीजे- 8 सीटों में से 4 कांग्रेस और 4 पर भाजपा का कब्जा।**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 18,73,653 |
| पुरुष मतदाता | 9,30,208 |
| महिला मतदाता | 9,43,429 |
| थर्ड जेंडर | 16 |
| मतदान प्रतिशत | |
| 2014 | 68.21% |
| 2019 | 77.61% |

### मंडला : फग्गन के खिलाफ नाराजगी ने बढ़ाई चिंता

मंडला आदिवासी सीट है। इस सीट पर 6 बार के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के खिलाफ जनता की नाराजगी है। वे जिले की निवास सीट से विधानसभा का चुनाव भी हार गए। इसका फायदा कांग्रेस प्रत्याशी ओमकार सिंह मरकाम को मिल सकता है। यही वजह है कि वह कुलस्ते को टक्कर देते दिख रहे हैं। हालांकि, भाजपा पीएम नरेंद्र मोदी के चेहरे को आगे रखकर चुनाव लड़ रही है। मंडला सीट पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह सभा कर चुके हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव और पूर्व सीएम शिवराज ने कांग्रेस विधायकों की सीटों पर लगातार रैली की। दूसरी तरफ ओमकार सिंह मरकाम कांग्रेस की सीईसी कमेटी की सदस्य और चार बार के विधायक हैं। मरकाम के समर्थन में राहुल गांधी भी सभा कर चुके हैं। कांग्रेस को आदिवासी वोटों पर भरोसा है।

● **विधानसभा चुनाव के नतीजे-8 सीटों में से 5 कांग्रेस और तीन भाजपा का कब्जा।**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 21,01,811 |
| पुरुष मतदाता | 10,50,243 |
| महिला मतदाता | 10,50,243 |
| थर्ड जेंडर | 26 |
| मतदान प्रतिशत | |
| 2014 | 66.71% |
| 2019 | 77.76% |

### जबलपुर : भाजपा को मोदी और राम मंदिर का फायदा

जबलपुर में भाजपा कांग्रेस के सामने बहुत मजबूत दिखाई दे रही है। दरअसल, जबलपुर भाजपा का मजबूत गढ़ है। इस सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे के समर्थन में रोड शो कर अपने प्रचार की शुरुआत की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम डॉ. मोहन यादव समर्थन में प्रचार कर चुके हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव के अपने दावे हैं। भाजपा प्रचार में जोर दे रही है। कांग्रेस महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी ओर एकता ठाकुर के भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस कमजोर भी हुई थी।

● **विधानसभा रिजल्ट- 8 सीटों में से 7 पर भाजपा और 1 पर कांग्रेस का कब्जा।**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 18,96,346 |
| पुरुष मतदाता | 9,63,065 |
| महिला मतदाता | 9,33,186 |
| थर्ड जेंडर | 95 |
| मतदान प्रतिशत | |
| 2014 | 58.53% |
| 2019 | 69.43% |

### शहडोल : मोदी के चेहरे से भाजपा को उम्मीद

शहडोल में भाजपा मोदी के चेहरे के नाम पर कांग्रेस से आगे दिख रही है। यहां से भाजपा ने सांसद हिमाद्री सिंह को दोबारा प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने तीसरी बार के विधायक फुंदेलाल मार्को को टिकट दिया है। उनके लिए राहुल गांधी ने शहडोल में सभा की थी। वहीं, हिमाद्री सिंह के प्रचार के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आ चुके हैं। इस सीट पर कांग्रेस 2009 के बाद से चुनाव नहीं जीती है। केंद्र सरकार की योजनाओं का फायदा आदिवासियों को मिल रहा है। वहीं, मोदी फैक्टर चल रहा है।

● **विधानसभा चुनाव के नतीजे- 8 सीटों में से 7 सीटें भाजपा और 1 पर कांग्रेस का कब्जा।**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 17,77,185 |
| पुरुष मतदाता | 9,01,220 |
| महिला मतदाता | 8,75,944 |
| थर्ड जेंडर | 21 |
| मतदान प्रतिशत | |
| 2014 | 62.20% |
| 2019 | 74.73% |

### सीधी : दोनों दलों के अपने दावे

सीधी में भाजपा ने डॉ. राजेश मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। वे ब्राह्मण हैं। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल को मैदान में उतारा है। वे कांग्रेस की वर्किंग कमेटी के सदस्य हैं। वे ओबीसी वर्ग से आते हैं। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चुनावी रैली कर चुके हैं। वहीं, भाजपा से बागी अजय प्रताप सिंह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। उनको ओबीसी और आदिवासी वोट मिल सकते हैं।

● **विधानसभा चुनाव के नतीजे-8 सीटों में से सात पर भाजपा और एक कांग्रेस ने जीती।**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 20,28,451 |
| पुरुष मतदाता | 10, 51, 595 |
| महिला मतदाता | 9,76,842 |
| थर्ड जेंडर | 14 |
| मतदान प्रतिशत | |
| 2014 | 56.86% |
| 2019 | 69.50% |

## बालाघाट और छिंदवाड़ा में 70% से ज्यादा वोटिंग

**भोपाल।** प्रदेश में पहले चरण की 6 सीटों में छिंदवाड़ा और बालाघाट में शुक्रवार शाम 6 बजे तक 70 प्रतिशत से भी ज्यादा वोटिंग होने की सूचना है। छिंदवाड़ा में बेहतर मतदान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मतदाताओं का आभार माना। उन्होंने एक्स पर लिखा कि लोकसभा चुनाव के मतदान में बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए छिंदवाड़ा के सम्मानित मतदाताओं का हार्दिक अभिनंदन। आपके पांव के नीचे तपती ज़मीन और सिर के ऊपर आग उगलता हुआ सूरज था फिर भी आप लोकतंत्र को मज़बूत बनाने के लिए अपने घरों से निकले। यही भावना संविधान को मज़बूत करती है। मेरा और आपका रिश्ता किसी चुनाव अभियान तक सीमित नहीं है बल्कि हम सब लोग पिछले 45 वर्ष से एक परिवार है। हमारा पारिवारिक रिश्ता इसी तरह मज़बूत रहेगा और हम सब मिलकर छिंदवाड़ा की ख़ुशहाली का एक नया इतिहास लिखेंगे। मैं अपनी आख़िरी साँस तक छिंदवाड़ा की सेवा करूंगा। बहुत-बहुत आभार।

**दिव्यांग उमेश ने निभाई अपनी भागीदारी :** अनूपपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 205 सिवनी जैतहरी में 22 वर्ष के दिव्यांग युवा मतदाता उमेश कुमार राठौर पिता जयलाल ने मतदान केंद्र पहुंचते हुए लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। दिव्यांग उमेश राठौर चल फिर पाने में सक्षम नहीं है और अपने परिवार के लोगों के साथ वह मतदान केंद्र तक पहुंचे जहां मतदान केंद्र में व्हीलचेयर से मतदान करते हुए लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान दिव्यांग युवा मतदाता के मतदान के प्रति उत्साह को देखकर जैतहरी थाना प्रभारी प्रकाश चंद्र कोल द्वारा उनका उत्साहवर्धन किया।

### 102 साल के बुजुर्ग ने डाला वोट



शहडोल लोकसभा क्षेत्र के मक्षखेता के मढ़ई में 102 साल के बुजुर्ग मोहनलाल गुप्ता ने अपने परिवार के साथ मतदान किया।

बोले- जनसेवा करना ही मेरी कामना

## शिवराज ने पर्चा जमा करने के पहले घर पर की पूजा-अर्चना



भोपाल ▪ एजेंसी

प्रदेश में चार चरणों में मतदान हो रहे है। भाजपा ने विदिशा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रत्याशी बनाया है। शुक्रवार को पूर्व सीएम शिवराज विदिशा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले उन्होंने भोपाल स्थित निवास पर विधि विधान से पूजा पाठ किया। पूजा के बाद वे कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन दाखिल करने रायसेन रवाना हुए। रायसेन रवाना होने के पहले शिवराज ने कहा कि मैं अत्यंत सौभाग्यशाली हूं कि मुझे शीर्ष नेतृत्व ने विदिशा से मौका दिया। विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र मेरे लिए बचपन का झूला, जवानी की फुलवारी, बुढ़ापे की काशी है। जब मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला तो क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जनता की सेवा मेरे लिए भगवान की पूजा है। मुझे धन, बल, मुक्ति नहीं बस जनता के बीच आकर सेवा करता रहूं यही मेरी कामना है।

शिवराज बोले- प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ बीजेपी जीतेगी। आज 6 सीटों के साथ सभी सीटों पर भाजपा की जीत पक्की है। इस समय पूरा देश मोदीमय है। मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का विकास हो रहा है। भाजपा ने सभी वर्ग के लिए विकास किया है। रायसेन रवाना होने से पहले शिवराज सिंह चौहान ने अपने परिवार के साथ सेल्फी भी ली। रायसेन में शिवराज पहले जनसभा करेंगे। इसके बाद एक किमी का रोड शो कर नामांकन भरने जाएंगे। शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह के साथ रायसेन पहुंचे। यहां उन्होंने चुनावी सभा में कहा, 'राहुल तो चले गए वायनाड, लेकिन हमने कहा- लड़ेंगे तो यहीं से, जिएंगे तो यहीं पर, मरेंगे तो यहीं पर। कांग्रेस का विसर्जन तय है। ये मोदी का विरोध करते-करते श्रीराम का विरोध कर बैठे। जिस पार्टी के नेताओं में इतना सामर्थ्य ही नहीं कि चुनाव लड़ सके। वो देश का भला कर सकती है क्या? सोनिया गांधी चुनाव नहीं लड़ रहीं, बोलीं- तुम लड़ो मैं चली। ये किसानों की बात करते हैं। राहुल गांधी तो सिंचाई समझते ही नहीं। उनको पता ही नहीं कि गेहूं की बाली कैसी होती है। मैं नेता नहीं हूं। मैं तो आपका भाई हूं और बच्चों का मामा हूं। मैं आपके जैसा ही हूं। न तुमको कोई और है न हमको कोई ठोर है। बेटियों का दर्द नहीं सह पाता था, इसलिए लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई। बहनों के दुखों को देखते हुए मैंने लाड़ली बहना योजना बनाई।

## एमपीपीएससी ने फिर बदला शेड्यूल, राज्य पात्रता परीक्षा 15 दिसंबर को होगी

भोपाल ▪ एजेंसी

मप्र लोक सेवा आयोग यानि एमपीपीएससी MPPSC की परीक्षा कार्यक्रम में फिर बदलाव हुआ है। राज्य पात्रता परीक्षा 2024 (सेट) में यह परिवर्तन किया गया है। MPPSC राज्य पात्रता परीक्षा में कुछ और विषय जोड़े गए हैं, जिसके लिए आवेदन करने की तारीख भी आगे बढ़ाई है। परीक्षा दिसंबर में होगी। परीक्षा से संबंधित गाइडलाइन पोर्टल पर जारी कर दी गई है।

मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य पात्रता परीक्षा में चार और विषय जोड़ दिए गए हैं। इस प्रकार अब कुल 24 विषयों में परीक्षा होगी। इसके लिए 23 अप्रैल से फॉर्म भरे जा सकेंगे। एमपीपीएससी ने राज्य पात्रता परीक्षा में विषय बढ़ा दिए हैं। अब कम्प्यूटर साइंस, रक्षा व रणनीति अध्ययन, संगीत और गृह विज्ञान विषय भी शामिल कर लिए गए हैं। अतिरिक्त विषयों के लिए 23 अप्रैल से आवेदन दिए जा सकेंगे। बिना विलंब शुल्क के 9 मई तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर है। सभी विषयों के लिए परीक्षा Exam Date दिसंबर में होगी। राज्य पात्रता परीक्षा 2024 के लिए पूर्व में अर्थशास्त्र, इतिहास, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, मनोविज्ञान, संस्कृत, योग आदि विषय थे। इन विषयों में फॉर्म भरने के लिए 21 मार्च से 20 अप्रैल तक का समय दिया गया था।

**9 मई तक फॉर्म जमा कर सकेंगे :** आयोग ने तीन दिन पहले विषयों की संख्या बढ़ाते हुए चार नए विषय जोड़ दिए। इनके लिए 23 अप्रैल से 9 मई तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। यह परीक्षा एमपी के 12 प्रमुख शहरों में होगी। इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर आदि में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। 15 दिसंबर को परीक्षा होगी। इस परीक्षा में तीन घंटे में दो पेपर होंगे। एक पेपर सामान्य होगा और दूसरा पेपर चयनित विषय का होगा।

## चिलचिलाती धूप में बच्चों को पीठ पर बांधकर डाला वोट



भोपाल ▪ एजेंसी

पहले चरण में 6 सीटों पर शुक्रवार को सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू हुई। करीब 1.13 करोड़ वोटर अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। बैगा बाहुल्य डिंडौरी में वोटिंग के जबर्दस्त उत्साह दिख रहा है। यहां महिलाएं अपने बच्चों को पीठ पर बांधकर चिलचिलाती धूप में वोटिंग करने पहुंचीं। छिंदवाड़ा सीट पर भी तेज गति से वोटिंग चल रही है।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश में मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। मध्यप्रदेश में नक्सल प्रभावित इलाकों में वोटिंग 2 घंटे पहले समाप्त हो जाएगी। एमपी की छह सीटों पर कुल 88 प्रत्याशी मैदान में हैं। हाई प्रोफाइल सीट छिंदवाड़ा पर हर किसी की नजर है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, बीजेपी प्रत्याशी विवेक बंटी साहू, उनके परिवार के सदस्यों ने भी वोट डाला। जबलपुर में 79 साल की भाग्यमनी मिश्रा ने व्हीलचेयर पर आकर वोट डाला।

कुल 28 उम्मीदवारों के 41 फॉर्म, जयश्री ने कांग्रेस से भरा डमी पर्चा

## भोपाल सीट पर आखिरी दिन 16 फॉर्म जमा

भोपाल ▪ एजेंसी

भोपाल लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई। आखिरी दिन 16 नामांकन जमा किए गए। बैरसिया विधानसभा से कांग्रेस कैंडिडेट रही जयश्री हरिकरण ने भी नामांकन भरा। उन्होंने कांग्रेस की ओर से डमी नामांकन भरा है। 12 अप्रैल से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया से लेकर आखिरी दिन 19 अप्रैल तक 28 उम्मीदवारों ने कुल 41 नामांकन भरे हैं। कई कैंडिडेट्स से 3 से 4 नामांकन भरे हैं।

शुक्रवार को बहुजन द्रविड़ पार्टी ने दीनदयाल अहिरवाल, परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया से अजय गोटी, कांग्रेस से जयश्री, मानव समाधान पार्टी से संजय कुमार सरोज, कांग्रेस से अरुण कुमार श्रीवास्तव, निर्दलीय आरके महाजन, प्रेमनारायण स्वर्णकार, हितेंद्र तेजलाल शहारे, मुदित चौरसिया, वीरेंद्र कुमार, अब्दुल ताहिर, मैथिलीकरण गुप्त, राजेश कीर, अजय कुमार पाठ, प्रकाश और एके जिलानी ने नामांकन भरे।



### कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव के पास 14 करोड़ की संपत्ति

शुक्रवार तक कुल 41 कैंडिडेट्स ने नामांकन जमा किए हैं। कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव सबसे अमीर हैं। उनके पास करीब 14 करोड़ रुपए की संपत्ति है। वहीं, दूसरे नंबर पर बीजेपी के आलोक शर्मा हैं। उनके पास 8 करोड़ रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति हैं। शर्मा गुरुवार को नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

**4 कैंडिडेट 80 हजार के सिक्के लेकर पहुंचे ;** 12 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई थी। शुक्रवार तक 4 कैंडिडेट 80 हजार रुपए के सिक्के लेकर पहुंचे हैं। अखिल भारतीय आरक्षित समाज पार्टी के मुदित चौरसिया 1, 2, 5, 10 और 20 रुपए के सिक्के थैलियों में लेकर पहुंचे थे। इससे पहले 12 अप्रैल को मुदित भटनागर 6 हजार के सिक्के लेकर पहुंचे थे। 15 अप्रैल को संजय सरोज समेत 2 कैंडिडेट 49 हजार के सिक्के लेकर आए थे, लेकिन सिक्के गिनने में समय लग गया था, इसलिए वे नामांकन जमा नहीं कर पाए थे।

### अब तक ये प्रत्याशी भर चुके नामांकन

आलोक शर्मा, अरुण कुमार श्रीवास्तव, भानुप्रताप सिंह, सोमश्री जैन, मुदित चौरसिया, जयसिंह लोधी, बलराम सिंह तोमर, भारती यादव, मो. असरफ, बाबूलाल सेन, मुदित भटनागर, रामप्रसाद पटेल, अंकित राय और धनराज सेंडे।

## 10वीं-12वीं बोर्ड के रिजल्ट की घोषणा अचानक होगी

भोपाल ▪ एजेंसी

मप्र 10वीं और 12वीं रिजल्ट चेक करने के लिए छात्र अपना एप्लिकेशन नंबर और रोल नंबर तैयार रखें। इस साल 10वीं-12वीं के करीब 16 लाख से अधिक छात्र एमपी बोर्ड रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं-12वीं के परिणामों को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जारी करेगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोर्ड अध्यक्ष रिजल्ट जारी करेंगे और इसके अलावा टॉपर्स के नाम, उनकी रैंक और पुरस्कारों की घोषणा भी करेंगे। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (MPBSE) किसी भी समय हाई स्कूल सर्टिफिकेट और हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट जारी करने की तारीख व समय की घोषणा कर सकता है। सूत्रों के अनुसार बोर्ड 20 अप्रैल तक नतीजे घोषित हो सकते हैं। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे ताजा जानकारी के लिए बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर नजर बनाए रखें। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के अलावा अपनी प्रोविजनल मार्कशीट चेक कर सकेंगे।

सख्ती — कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए लिया फैसला, अब एसडीएम की अनुमति जरूरी

## राजधानी में 30 जून तक ट्यूबवेल खनन नहीं कर पाएंगे

भोपाल ▪ एजेंसी

राजधानी में 30 जून तक ट्यूबवेल खनन पर रोक लगा दी गई है। अब लोग नए ट्यूबवेल खनन नहीं करा सकेंगे। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने यह फैसला लिया है।

मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम की धारा-6 (1) के तहत पूरे जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर 30 जून 2024 तक प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर सिंह ने बताया, जिले में नलकूप, बोरिंग मशीन संबंधित SDM की अनुमति के बिना न तो प्रवेश करेगी और न ही नलकूप खनन करेगी। सार्वजनिक सड़कों से गुजरने वाली मशीनों को छूट रहेगी।

### एफआईआर दर्ज की जाएगी

कलेक्टर सिंह ने बताया, संबंधित एसडीएम और पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीन जो अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेगी, अथवा नलकूप खनन, बोरिंग का प्रयास करेगी, इन मशीनों को जब्त कर संबंधित पुलिस थाना क्षेत्र में एफआईआर दर्ज कराने



का अधिकार होगा। आदेश के अनुसार, उल्लंघन करने पर दो हजार रुपए के जुर्माने या दो वर्ष तक के कारावास या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है। शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप उत्खनन पर यह आदेश लागू नहीं होगा। पीएचई द्वारा कार्य योजनांतर्गत नलकूप खनन का कार्य कराया जा सकेगा। इसमें अनुमति की जरूरत नहीं रहेगी।

### इसलिए आदेश की पड़ी जरुरत

भोपाल जिले में कृषि एवं व्यवसायिक कार्य के लिए भू-जल स्रोतों का अति दोहन हो रहा है। इस कारण पेयजल स्त्रोत और नलकूपों का जल स्तर तेजी से गिर रहा है। गिरते भू-जल स्तर के कारण संपूर्ण जिले में आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए पूरे जिले में मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के तहत पेयजल से भिन्न अन्य प्रयोजन के लिए नवीन निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना जरुरी है। कलेक्टर ने कहा, पेयजल संकट की स्थिति का परीक्षण किए जाने पर यह पता चला कि यदि जिले में निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध नहीं लगाया तो ग्रीष्मकाल में जिले में गंभीर पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है।

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से वैश्विक बाजारों में तेजी का रुख

# सोना 400 के उछाल के साथ फिर रिकॉर्ड ऊंचाई पर, चांदी भी चमकी

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 74,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया और पीली धातु की कीमत नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, दिल्ली में सोने की कीमत 400 रुपए उछलकर 74,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। गुरुवार को सोना 73,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमत भी 100 रुपए की तेजी के साथ 86,600 रुपए प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गई।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 400 रुपए की तेजी के साथ 74,100 रुपए प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार करती दिखी। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव 15 डॉलर की तेजी के साथ 2,390 डॉलर प्रति औंस हो गया।'

सीरिया में अपने वाणिज्य दूतावास पर छापे के प्रतिशोध में ईरान द्वारा इजरायल पर हमला करने के कुछ दिनों बाद शुक्रवार को एशियाई कारोबारी घंटों में वैश्विक बाजार में सोना रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब पहुंच गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सोने की कीमतों में मजबूती दिख रही है। इसके अलावा चांदी का भाव 28.29 डॉलर प्रति औंस हो गया। इससे पिछले बंद भाव में यह 28.25 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था। बाजार के विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों सहित कई रिपोर्टों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के शीर्ष अधिकारियों को यह कहने के लिए प्रेरित किया है कि वे कुछ समय के लिए ब्याज दरों को उच्च स्तर पर बनाए रख सकते हैं। फेड ने पहले संकेत दिया था कि इस साल ब्याज दरों में तीन कटौती संभव हो सकती है। लेकिन फेड अधिकारी इस बात पर अड़े हुए हैं कि वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि फेड की मुख्य ब्याज दर को 2001 के बाद से अपने उच्चतम स्तर से कम करने से पहले मुद्रास्फीति अपने 2 प्रतिशत लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी एंड करेंसी के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा, 'सोने की कीमतों पर भू-राजनीतिक तनाव और फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों पर अपडेट से जुड़ी खबरों का असर पड़ने की उम्मीद है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार में 5.401 अरब डॉलर घटा

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 5.401 अरब डॉलर घटकर 643.162 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.88 अरब डॉलर बढ़कर 648.562 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर पहुंच गया था।

## चार दिन की गिरावट के बाद बाजार ने की वापसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में चार दिनों की गिरावट के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी हरियाली लौटी। शुक्रवार को आधा कारोबारी सत्र बीते के बाद बाजार में खरीदार लौटे। इसके बाद सुबह से जिस सेंसेक्स और निफ्टी में लाल निशान पर कारोबार हो रहा था वे मजबूत बढ़त के साथ बंद हुए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों का बेंचमार्क सूचकांक बीएसई सेंसेक्स हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 599.34 (0.82%) अंकों की बढ़त के साथ 73,088.33 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों का बेंचमार्क सूचकांक एनएसई निफ्टी शुक्रवार को 151.16 (0.69%) अंक मजबूत होकर 22,147.00 पर बंद हुआ। शुक्रवार को शुरुआती सत्र के दौरान बाजार पर पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव का असर दिख रहा था। हालांकि, आधे दिन के कारोबार के बाद बाजार में मजबूती लौटी और बेंचमार्क इंडेक्स हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। शुरुआती कमजोरी के बाद रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 4 पैसे संभलकर 83.48 रुपए पर बंद हुआ।

## इस्राइल-ईरान संघर्ष : तेल अवीव की सभी उड़ानें 30 अप्रैल तक बंद

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर भारतीय एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने तेल अवीव की अपनी सभी उड़ानों को 30 अप्रैल तक रोक दिया है। एयर इंडिया ने एक पोस्ट कर इस फैसले की जानकारी दी है।एयर इंडिया ने अपने पोस्ट में कहा कि मध्यपूर्व की स्थिति को देखते हुए तेल अवीव से आने-जाने वाली उड़ानों को हमने 30 अप्रैल 2024 तक निलंबित कर दिया है। स्थिति पर हमारी नजर है। हम अपने उन यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं, जो पहले ही तेल अवीव आने-जाने के लिए बुकिंग कर चुके हैं। कंपनी ने कहा कि ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### विदेश मंत्रालय भी जारी कर चुका है एडवाइजरी

इससे पहले विदेश मंत्रालय ने भी ईरान और इस्राइल के लिए यात्रा सलाह जारी की थी। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को सलाह दी है कि अगली सूचना तक ईरान और इस्राइल की यात्रा न करें। विदेश मंत्रालय ने उन सभी भारतीयों से भी अनुरोध किया है, जो वर्तमान में ईरान और इस्राइल में रह रहे हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इन देशों में रह रहे भारतीय तुरंत दूतावास से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं। मंत्रालय ने अनुरोध किया है कि वे अपनी सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतें और अपनी गतिविधियों को कम लोगों के साथ ही साझा करें। इसके अलावा, भारत ने अपने यहां के मजदूरों को इस्राइल भेजने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। अप्रैल-मई में छह हजार निर्माण मजदूरों को इस्राइल भेजने की योजना थी।

### इस्राइल ने ईरान पर किया हमला

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को इस्राइल ने ईरान पर मिसाइलों से हमला किया है। अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों के हवाले से अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी है। ईरान के एयरपोर्ट पर तेज धमाके की आवाज सुनी गई। ईरान की फारस न्यूज एजेंसी ने भी दावा किया है कि ईरान के शहर इस्फहान के एयरपोर्ट में धमाके की आवाज सुनी गई है। हालांकि विस्फोट की वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। गौरतलब है कि ईरान के कई परमाणु ठिकाने इस्फहान प्रांत में ही स्थित हैं, जिनमें ईरान में यूरेनियम संवर्धन का प्रमुख केंद्र भी यहीं पर मौजूद है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के हवाई क्षेत्र में कई फ्लाइट्स के मार्ग बदले गए हैं।

**बीते दिनों ईरान ने बोला था इस्राइल पर हमला :** बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर 300 से ज्यादा मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया था। हालांकि ये मिसाइलें और ड्रोन्स इस्राइल की हवाई सुरक्षा को नहीं भेद पाईं थी। दरअसल, ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी।

## आरबीआई गवर्नर ने रेपो रेट को बनाए रखने के समर्थन में की थी वोटिंग

नई दिल्ली ▪ एजेंसी



आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास इस महीने की शुरुआत में एमपीसी की बैठक के दौरान ब्याज दर को अपरिवर्तित रखने के पक्ष में थे। उन्होंने रेपो रेट को बनाए रखने के लिए मतदान करते हुए जोर देकर कहा था कि 2024-25 के जीडीपी अनुमान आरबीआई को मूल्य स्थिरता पर नजर रखने के संकेत देते हैं। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को एमपीसी की बैठक के मिनट्स जारी कर दिए, इसमें इसकी पुष्टि हुई है। रिजर्व बैंक ने इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद महंगाई की चिंताओं देखते हुए रेपो रेट को बरकरार रखा था। इसे फरवरी 2023 से 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा गया है। मिनट्स के अनुसार छह एमपीसी सदस्यों ने पॉलिसी रेट्स को अपरिवर्तित रखने के पक्ष में वोट किया था। हालांकि, एमपीसी के सदस्य जयंत आर वर्मा ने रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की वकालत की थी क्योंकि ऊंची ब्याज दरों से विकास में आती है।

## नारायण मूर्ति के पांच महीने के पोते पर बरसेगा धन

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

इन्फोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने हाल ही में अपने पांच महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को कंपनी के 15 लाख शेयर तोहफे में दिए थे। अब कंपनी की ओर से अपने शेयरों पर डिविडेंड का ऐलान किए जाने पर उन्हें बड़ा फायदा मिलने वाला है। आईटी कंपनी ने अपने शेयरों पर 28 रुपए प्रति शेयर का (लाभांश) डिविडेंड देने का एलान किया है, इस घोषणा से पांच महीने के एकाग्र के खाते में करीब 4.20 करोड़ रुपए मिलने की संभावना है।

मूर्ति ने अपने पोते को 240 करोड़ रुपए मूल्य के 15 लाख शेयर उपहार में दिए थे। गिफ्ट में मिलने इन शेयरों के कारण एकाग्र महज पांच महीने की उम्र में भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी के सबसे कम उम्र के करोड़पति शेयरधारक बन गए थे। इन्फोसिस बोर्ड ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2024 के लिए 20 रुपए प्रति शेयर के अंतिम लाभांश और 8 रुपए प्रति शेयर के विशेष लाभांश की सिफारिश की है। इंफोसिस ने चौथी तिमाही की आय जारी करते हुए कहा, "इससे वित्त वर्ष 2020-24 के दौरान कुल भुगतान मुक्त नकदी प्रवाह का 85 प्रतिशत होगा, जो पहले घोषित हमारी पूंजी आवंटन नीति के अनुरूप है।" इंफोसिस ने बताया कि वार्षिक आम बैठक और अंतिम लाभांश और विशेष लाभांश के भुगतान की रिकॉर्ड तिथि 31 मई, 2024 है। लाभांश का भुगतान 1 जुलाई, 2024 को किया जाएगा। गणना से पता चलता है कि 28 रुपए प्रति शेयर की दर से लाभांश मिलने से सबसे कम उम्र के करोड़पति एकाग्र को करीब 4.2 करोड़ रुपए मिलेंगे। नारायण मूर्ति के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति और उनकी पत्नी अपर्णा कृष्णन के बेटे हैं। बेटी अक्षता मूर्ति और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की बेटियों के रूप में उनकी दो नातियां भी हैं।

### लोहे के भाव

| | |
|---|---|
| **मंडी गोविंदगढ़** | हैदराबाद- 45100 |
| इंगाट- 47300 | भावनगर- 45000 |
| स्क्रैप- 36300 | रायगढ़- 43500 |
| लुधियाना इंगाट- 46400-46000 | जयपुर-46100 |
| स्क्रैप- 39400 | मुंबई- 45200 |
| **इंगाट के भाव** | **अन्य धातुओं के भाव** |
| गाजियाबाद- 47100 | सोना- 72611 (-72) |
| दुर्गापुर- 43700 | चांदी- 83179 (-94) |
| कोलकाता- 44400 | एल्युमिनियम- 240.10 (+2.80) |
| रायपुर- 43900 | कॉपर-842 (+3.70) |
| मुजफ्फरनगर-47300 | ब्रास- 571 |
| | डॉलर- 83.52 |

**स्पोर्ट्स**

आईपीएल : केएल राहुल ने खेली अर्धशतकीय कप्तानी पारी

# लखनऊ ने चेन्नई को हराया

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

आईपीएल मैच लखनऊ सुपर जायंट्स वर्सेस चेन्नई सुपर किंग्स के बीच है। यह मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जा रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। इस तरह चेन्नई की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी है। दोनों टीमों ने अपनी प्लेइंग इलेवन में बदलाव किए हैं। लखनऊ ने शमार जोसेफ की जगह मैट हेनरी को उतारा है। वहीं, चेन्नई ने दो बदलाव करते हुए शार्दूल ठाकुर की जगह दीपक चाहर और डैरेल मिचेल की जगह मोइन अली को उतारा है।




ओपनिंग करने के लिए रचिन रविंद्र और अजिंक्य रहाणे उतरे थे। दूसरे ओवर में मोहसिन ने रचिन रविंद्र को शून्य पर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान ऋतुराज नजरें जमाने के बाद पवेलियन लौट गए। उन्हें यह ठाकुर को विकेट के पीछे कैच आउट कराया। इसके बाद नौवें ओवर की पहली गेंद पर क्रुणाल पांड्या ने अच्छी बैटिंग कर रहे रहाणे को बोल्ड कर दिया। रहाणे ने 36 रन बनाए। इसके बाद शिवम दुबे मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में मात्र तीन रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने आठ गेंदों का सामना किया। इसके बाद समीर रिजवी भी कोई बड़ा कारनामा नहीं कर सके और आगे निकलकर शॉट लगाने के चक्कर में क्रुणाल पांड्या का शिकार हो गए। इसके बाद आए मोइन अली ने स्कोर बढ़ाने की कोशिश शुरू की, लेकिन रवि बिश्नोई की गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने 20 गेंदों में 30 रन बनाए।

### धोनी की तूफानी पारी

हालांकि फैन्स को असली मजा तो तब आया जब एमएस धोनी मैदान में उतरे। धोनी ने भी आते ही आतिशी शुरुआत की। उन्होंने मात्र नौ गेंदों में नाबाद 28 रन बनाए। इस दौरान धोनी ने तीन चौके और दो छक्के भी लगाए। इसकी बदौलत चेन्नई ने 6 विकेट पर 176 रन बनाए और लखनऊ के सामने 177 रन का लक्ष्य रखा।

### लखनऊ की शानदार शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ टीम ने अच्छी शुरुआत की है। पॉवरप्ले में लखनऊ की टीम ने 54 रन बनाए। डिकॉक और केएल राहुल ने अपनी जिम्मेदारी उठाई और बिना खतरा लिए टीम का स्कोर बनाए रखा। दोनों ने पहले विकेट की साझेदारी में 100 से ज्यादा रन जोड़ दिए। इसी दौरान केएल ने अपना अर्धशतक भी पूरा कर लिया। क्विंटन डिकॉक ने भी अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। उन्होंने 41 गेदों में 50 रन पूरे किए। वह मुस्ताफिजुर के शिकार बने, जिन्होंने उन्हें विकेट के पीछे कैच कराया। इसके बाद निकोलस पूरन ने शानदार शॉट्स लगाए और टीम की उम्मीदों को जिंदा रखा। वहीं, पथिराना की शानदार गेंद पर कैच लेकर रविंद्र जडेजा ने केएल राहुल को पवेलियन भेजा।

कुछ खास रिकॉर्ड्स भी अपने नाम किए : मुंबई इंडियंस जीत की पटरी पर

# रोहित ने छह टीमों से ज्यादा छक्के उड़ाए स्ट्राइक रेट 144, पोलार्ड को भी पीछे छोड़ा

मुल्लांपुर ▪ एजेंसी

आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की टीम जीत की पटरी पर वापस आ चुकी है। शुरुआती लगातार तीन मैच गंवाने के बाद मुंबई ने दो मैच जीते। हालांकि उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद गुरुवार को मुंबई की टीम ने पंजाब किंग्स पर नौ रन से जीत हासिल की। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 192 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 25 गेंद में दो चौके और तीन छक्के की मदद से 36 रन की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 144 का रहा। तीन छक्के लगाने के साथ ही रोहित ने कुछ खास रिकॉर्ड्स भी अपने नाम किए।



रोहित इस सीजन पावरप्ले में अब तक 13 छक्के लगा चुके हैं। यह छह टीमों द्वारा पावरप्ले में लगाए गए छक्कों से ज्यादा है। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 12 छक्के, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 11-11 छक्के, गुजरात टाइटंस ने 10 छक्के, राजस्थान रॉयल्स ने छह छक्के और पंजाब किंग्स ने चार छक्के लगाए हैं। रोहित ने इस सीजन शुरुआती छह ओवरों में जितने छक्के लगाए हैं, उतने राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स की टीम ने मिलकर पावरप्ले में नहीं लगाए। रोहित द्वारा पावरप्ले में खेली गई यही आक्रामक पारियों की बदौलत मुंबई ने जीत हासिल की है।

तीन छक्के लगाने के साथ ही हिटमैन मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। वह अब तक इस लीग में मुंबई इंडियंस के लिए 224 छक्के जड़ चुके हैं। उन्होंने इस मामले में कीरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ दिया। पोलार्ड ने मुंबई के लिए इस लीग में 223 छक्के जड़े हैं। तीसरे नंबर पर 104 छक्कों के साथ हार्दिक पांड्या और चौथे नंबर पर 103 छक्कों के साथ ईशान किशन हैं। 36 साल की उम्र में जिस तरह से रोहित बाउंड्री क्लीयर कर रहे हैं, शायद ही इस वक्त दुनिया में उनसे बेहतर ओपनर या हिटर होगा। रोहित मुंबई इंडियंस से 2011 में जुड़े थे। इससे पहले वह डेक्कन चार्जर्स की टीम में थे। वहां उन्होंने 51 छक्के लगाए थे। कुल मिलाकर रोहित इस लीग में 275 छक्के लगा चुके हैं।

रोहित फिलहाल इस सीजन सात मैचों की सात पारियों में 49.50 की औसत और 164.09 के स्ट्राइक रेट से 297 रन बना चुके हैं। वह ऑरेंज कैप की रेस में फिलहाल तीसरे नंबर पर हैं। हिटमैन ने अब तक इस सीजन 30 चौके और 18 छक्के लगाए हैं। 18 में से 13 छक्के उन्होंने पावरप्ले में जड़े हैं। ऑरेंज कैप की लिस्ट में पहले नंबर पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने सात पारियों में 72.20 की औसत और 147.35 के स्ट्राइक रेट से 361 रन बनाए हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर रियान पराग हैं। पराग ने सात पारियों में 63.60 की औसत और 161.42 के स्ट्राइक रेट से 318 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 22 चौके और 20 छक्के लगाए हैं।

### कप्तान हार्दिक को अनदेखा कर आकाश ने रोहित की मानी

**मुल्लांपुर।** आईपीएल 2024 के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को नौ रन से हरा दिया। मैच के दौरान का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें मुंबई के तेज गेंदबाज आकाश मधवाल कप्तान हार्दिक पांड्या को अनदेखा कर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की बात मानते दिखे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में रोहित को एमआई के तेज गेंदबाज आकाश मधवाल के साथ गहन चर्चा करते हुए देखा जा सकता है। वहां, कप्तान हार्दिक पांड्या भी मौजूद थे। फील्ड प्लेसमेंट को लेकर हुई चर्चा में हार्दिक ने भी सुझाव दिए, लेकिन रोहित और आकाश के बीच बातचीत ही मुख्य मुद्दा रही। फैंस ने कमेंट किया कि आकाश हार्दिक की बात नहीं मानकर रोहित की बात मान रहे हैं। वहीं, कमेंटेटर भी इसी पर बात करते दिखे। आखिरी ओवर में पंजाब को जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी। आकाश ने ओवर की शुरुआत वाइड गेंद से की। इसके बाद पहली गेंद पर दो रन लेने के चक्कर में कगिसो रबाडा रन आउट हो गए और पंजाब की टीम मैच हार गई।

## पंजाब के खिलाफ जीत के बावजूद हार्दिक पर लाखों का जुर्माना



मुल्लांपुर ▪ एजेंसी

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के 33वें मैच में आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। मुंबई फ्रेंचाइजी की कप्तानी कर रहे हार्दिक निर्धारित समय में गेंदबाजी के 20 ओवर पूरे करने में विफल रहे और इसलिए, उन पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में इसकी पुष्टि की। यह पहला मौका था जब हार्दिक ओवर-रेट मानदंडों को पूरा करने में विफल रहे, इसलिए केवल 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

बीसीसीआई ने बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने 18 अप्रैल को पीसीए न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर गति को बनाए रखा। आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था। इसलिए हार्दिक पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। अगर इस गलती को दोहराया गया तो हार्दिक और मुंबई इंडियंस के अन्य खिलाड़ी बड़ी मुसीबत में फंस सकते हैं।

## पहलवान दीपक पूनिया और सुजीत क्वालीफायर्स में नहीं हो सके शामिल

बिश्केक ▪ एजेंसी



टोक्यो ओलंपिक में पदक से चूकने वाले पहलवान दीपक पूनिया की पेरिस ओलंपिक की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। दीपक और सुजीत कलकल को एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में शामिल होने की मंजूरी नहीं मिली है। यह दोनों पहलवान मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे और शुक्रवार को बिश्केक पहुंचे थे। जब तक यह दोनों भारतीय पहलवान वहां पहुंचे, उस समय तक अन्य पहलवानों के वजन की जांच शुरू हो चुकी थी जिसके बाद आयोजकों ने दीपक और सुजीत को मंजूरी देने से इनकार कर दिया।

एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में खेलने की मंजूरी नहीं मिलने पर दीपक और सुजीत ने आयोजकों को अपनी परेशानी बताई, लेकिन वे नहीं माने। दीपक और सुजीत के पास अगले महीने वर्ल्ड क्वालीफायर्स के दौरान पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का एक और मौका रहेगा। भारत का क्वालीफिकेशन अभियान पुरुष फ्रीस्टाइल बाउट के साथ शुरू होगा। दीपक पूनिया की अनुपस्थिति में 57 किग्रा वर्ग में युवा पहलवान अमन शेहरावत पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे। दीपक और सुजीत भारी बारिश के कारण दुबई एयरपोर्ट पर फंस गए थे। देश में अब तक हुई सबसे भारी बारिश के कारण प्रमुख राजमार्गों और सड़कों पर पानी भर जाने और दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक के अस्त-व्यस्त हो जाने के कारण दोनों दुबई हवाई अड्डे पर फंसे रह गए थे। रूसी कोच कमल मलिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ इन दोनों को फर्श पर सोने के लिए मजबूर होना पड़ा था और बारिश से उत्पन्न संकट के कारण उन्हें उचित भोजन भी नहीं मिल पा रहा था। मामला सामने आने के बाद भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लेकर अफसरों से चर्चा की।

# मजेदार ऑफर्स : अंगुली दिखाओ फ्रूटी पी जाओ, वोट डालो डिस्काउंट पाओ

सीधी ▪ एजेंसी

प्रदेश में पहले चरण में 6 सीटों पर मतदान के बीच कई अनोखी तस्वीरें सामने आ रही हैं। कहीं पोलिंग बूथ पर वोट डालकर जाने वाले लोगों का उत्साहवर्धन करने उन्हें गर्मी के मौसम में ठंडी ठंडी फ्रूटी पिलाई जा रही है तो कहीं तरह तरह के डिस्काउंट ऑफर दिए जा रहे हैं।

सीधी-सिंगरौली लोकसभा सीट पर सीधी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल ने अनोखी पहल की है और मतदाताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए वोट डालने वालों को फ्रूटी पिला रही हैं। सीधी के शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के मतदान केंद्र क्र. 229 व 230 में ये स्कीम चल रही है। यहां वोट डालने वालों को उंगली में वोट का निशान दिखाने पर फ्रूटी दी जा रही है।



उधर राजधानी भोपाल में पहली बार मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने के लिए अलग-अलग तरह के नवाचार किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने तय किया है कि संसदीय क्षेत्र के सभी 2097 मतदान केंद्रों पर 7 मई को सुबह पहुंचकर सबसे पहले वोट करने वालों को बैज लगाकर विशेष सम्मान दिया जाएगा। वहीं राजधानी के व्यापारी वर्ग ने भी मतदान जागरुकता के लिए कई तरह के डिस्काउंट की घोषणा की है। इसमें फ्री राइड, डायमंड रिंग, फ्रीज, टीवी से लेकर टी-शर्ट और भोजन में डिस्काउंट तक की सुविधा दी जाएगी। इसी तरह ओला कंपनी ने ऑफर दिया है कि पहले मतदान करने के बाद मतदाता की पहली राइड को फ्री किया जाएगा। 100 लोगों को इसका लाभ दिया जाएगा। भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े व्यापारियों ने सीएसआर के तहत मतदाताओं को मतदान करने पर अपनी तरफ से इनाम तय किया है। इसमें डायमंड की रिंग के साथ फ्रीज, टीवी से लेकर टी शर्ट जैसे सामान होंगे। पोलिंग बूथ के बाहर ड्रॉप बॉक्स रखकर मतदाताओं से इनामी कूपन में नाम नंबर लिखकर इसमें डालने का कहा जाएगा। 6000 से अधिक इनामों के साथ 100 बंपर इनाम भी दिए जाएंगे। कई रेस्टोरेंट ने अपने मतदान करने वालों को अपने यहां भोजन के बिल में दस प्रतिशत तक की छूट देने का तय किया है। नोडल अधिकारी और सीईओ जिला पंचायत भोपाल ऋतुराज सिंह ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हमारी टीम व्यापारियों व गणमान्यजनों से मिलकर काम कर रही हैं। इसके लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं हैं।

### इस तरह के भी ऑफर्स

- टिंबर मर्चेंट व्यवसाय संघ की ओर से 25 हजार की डाइनिंग टेबल।
- कपड़ा व्यापारी संघ बैरागढ़ की तरफ से सफारी सूट व डायमंड रिंग।
- आईटी इलेक्ट्रॉनिक मार्केट संघ ने 1000 माउस और एक लैपटॉप देने की घोषणा की है।
- लायंस क्लब बैरागढ़ गैस चूल्हे वितरित करने का निर्णय लिया।
- भोपाल स्वीट एंड नमकीन ने 7 मई को मिष्ठान खरीदने पर 10 प्रतिशत की छूट की घोषणा की है।
- बर्तनों पर 10 प्रतिशत की छूट बैरागढ़ में दी जाएगी।
- दवा व्यापारी संघ द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप 7 तारीख को।
- महाराणा प्रताप व्यापारी महासंघ की ओर से 50 दीवार घड़ी।
- लाइंस क्लब के द्वारा 25 बूथों में शरबत का वितरण होगा।

छिंदवाड़ा के मेयर 18 दिन में ही पलटे, भाजपा से वापस लौटे कांग्रेस में

# कांग्रेस से भाजपा में गया तो घुटन हुई, खुद को माफ नहीं कर पाऊंगा

छिंदवाड़ा ▪ एजेंसी

प्रदेश में पहले चरण की छह सीटों पर मतदान के दिन छिंदवाड़ा की हॉट सीट पर बड़ा उलटफेर देखने को मिला। 18 दिन पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहाके ने यू-टर्न लेकर कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ को जिताने की अपील की। अहाके ने मतदान के दिन शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस अपील के साथ वीडियो जारी किया।

वीडियो में अहाके ने कहा कि मैं बिना किसी डर और दबाव के एक महत्वपूर्ण बात रखने जा रहा हूं। भाजपा का नाम लिए बिना अहाके ने कहा कि कुछ दिन पूर्व मैंने किसी राजनीतिक दल को ज्वाइन किया था। उस दिन से ही मेरे अंदर एक घुटन महसूस हो रही थी। मुझे लग रहा था कि विक्रम तुम गलत कर रहे हो। तुम उस इंसान के साथ गलत कर रहे हो, जिसने छिंदवाड़ा का विकास किया है। लोगों के दुखः दर्द में मदद की है। जो छिंदवाड़ा में शिक्षा, इलाज या विकास की बात हो हमेशा मदद करते आए हैं। अहाके ने कहा कि राजनीति करने के अवसर बहुत आएंगे। भविष्य में मेरे साथ क्या होगा मुझे उसका अंदाजा नहीं है, लेकिन आज मैं अपने नेता कमलनाथ और नकुलनाथ के साथ खड़ा नहीं हुआ तो अपने आप को माफ नहीं कर पाऊंगा। उन्होंने मुझे भी आगे बढ़ाया है। अहाके ने छिंदवाड़ा की जनता से अपील करते हुए कहा कि नकुलनाथजी को कांग्रेस के निशान पर बटन दबाकर विजयी बनाएं।

**मुख्यमंत्री ने दिलाई थी भाजपा की सदस्यता**



बता दें, विक्रम अहाके ने भोपाल में 1 अप्रैल को ही भाजपा की सदस्यता ली थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कमलनाथ के करीबी विक्रम को पार्टी की सदस्यता दिलाई थी। महापौर विक्रम अहाके के साथ छिंदवाड़ा नगर निगम जल विभाग सभापति प्रमोद शर्मा, अनुसूचित जाति विभाग जिला अध्यक्ष सिद्धांत थनेसर, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आशीष साहू, पूर्व एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष धीरज राऊत, पूर्व एनएसयूआई जिला कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य उपाध्याय, पूर्व एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सुमित दुबे भी भाजपा में शामिल हुए थे।

**कमलनाथ ने लड़वाया था मेयर का चुनाव :** विक्रम अहाके को कमलनाथ ने ही छिंदवाड़ा से मेयर का चुनाव लड़वाया था। विक्रम की जीत की तारीफ राहुल गांधी ने भी की थी।

**कांग्रेस ने वापस नहीं लिया तो ले लूंगा संन्यास :** महापौर विक्रम उइके का कहना है कि उनका भाजपा से कुछ दिन में ही मोहभंग हो गया है और वो घुटन महसूस कर रहे थे। इसलिए अब कांग्रेस में वापस आना चाहते हैं। इतना ही नहीं, विक्रम उइके का ये भी कहना है कि अगर कांग्रेस उन्हें वापस नहीं लेती है तो वो राजनीति से संन्यास ले लेंगें।

### सैयद जाफर लेकर पहुंचे थे भाजपा कार्यालय

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस नेताओं को अपने पाले में करने के लिए बाकायदा अभियान चलाया जा रहा है। एक अलग न्यू जॉइनिंग टोली बनाई गई है। पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा इसके मुखिया हैं। भाजपा विधायक संजय पाठक उनके सहयोगी हैं। सबकी नजर छिंदवाड़ा पर थी। कमलनाथ के करीबियों को अपने पाले में लाने की लगातार कोशिशें की। इसमें बीजेपी को काफी हद तक कामयाबी भी मिली। पूर्व विधायक दीपक सक्सेना, विधायक कमलेश शाह, मेयर विक्रम अहाके सहित कई कांग्रेस नेता बीजेपी में शामिल हो गए। बताया जा रहा है कि विक्रम को भाजपा में लाने वाले छिंदवाड़ा के पूर्व कांग्रेस नेता सैयद जाफर थे। वे ही विक्रम को लेकर सीएम हाउस पहुंचे थे।

# लाओ तो नजर उतार दूं बोलकर तीन दिन की पोती का गला घोंटा

ग्वालियर ▪ एजेंसी

शहर में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। चार दिन की दुधमुंही पोती को उसकी ही दादी ने गला घोंटकर मार डाला है। दादी को पोता होने की चाह थी लेकिन उसकी बहू ने मासूम बच्ची को जन्म दिया। मासूम बच्ची भी दिव्यांग पैदा हुई, जिसकी वजह से दादी और नाराज हो गई। उसने मौका पाकर चार दिन की बच्ची की हत्या कर दी। पीएम रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। कंपू थाना पुलिस ने आरोपी महिला दादी को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल ग्वालियर के बहोड़ापुर इलाके में रहने वाली गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा के बाद 23 मार्च को शासकीय कमलाराजा अस्पताल में भर्ती कराया था। महिला ने वहां बेटी को जन्म दिया था। बेटी जन्मजात दिव्यांग पैदा हुई। इसे लेकर महिला की सास नाराज हो गई। सास को पोता होने की उम्मीद थी लेकिन पोती हो गई वो भी दिव्यां। 26 मार्च की रात दादी ने नवजात पोती को अस्पताल में अपने साथ सुला लिया। 27 मार्च की सुबह देखा तो नवजात बच्ची की मौत हो चुकी थी।



### मां ने जताई सास पर हत्या की शंका

बच्ची की मौत होने पर पर महिला ने अपने मायके वालों को अस्पताल बुला लिया। सास पर हत्या का शक जाहिर किया। इसके बाद मायके वालों ने सास के साथ मारपीट कर दी। वहीं, महिला का पति अपनी मां का सपोर्ट करते हुए मृतक बच्ची के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने पर अड़ गया। महिला ने पुलिस से शिकायत करते हुए बच्ची के शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया।

**गला दबाकर हत्या :** गुरुवार को नवजात मृतक बच्ची की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उसकी गला दबा कर हत्या की गई थी। शक के आधार पर जब मृतक बच्ची की दादी से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। कलयुगी दादी को दुधमुंही पोती की नृशंस हत्या के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरु कर दी है।

## दुग्ध वाहन ने मारी टक्कर प्रोफेसर की मौत, पत्नी गंभीर

दमोह ▪ एजेंसी



दमोह-पथरिया मार्ग पर पथरिया थाना क्षेत्र के खोजाखेड़ी गांव के समीप शादी से लौट रहे बाइक सवार प्रोफेसर दंपती को दूध से भरे वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों वाहन खाई में जा गिरे। इस हादसे में बाइक सवार प्रोफेसर जीवन पटेल की मौत हो गई। उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार देहात थाना के समन्ना गांव निवासी जीवन पटेल हटा कालेज में प्रोफेसर के पद पर पदस्थ हैं। वह अपनी पत्नी दुर्गा के साथ खोजाखड़ी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे और शुक्रवार सुबह वापस लौट रहे थे। तभी दमोह से पथरिया की ओर एक दूध से भरा पिकअप वाहन जा रहा था। इससे खोजाखेड़ी गांव की पुलिया के समीप बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी। पिकअप भी अनियंत्रित हो गया और दोनों वाहन सवार खाई में जा गिरे, जिसमें पति-पत्नी के घायल होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने जीवन पटेल को मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया और मामले को जांच में लिया है।

## खंडवा सबसे गर्म, स्कूलों का टाइम बदलना पड़ा

खंडवा ▪ एजेंसी



देशभर में लोकसभा चुनाव के चलते एक ओर जहां सियासी पारा चढ़ा हुआ है। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में सियासी पारे के साथ-साथ गर्म हवाओं और लू के थपेड़ों के चलते तापमान का पारा भी चढ़ा हुआ है।

इन दिनों खंडवा प्रदेश में सबसे गर्म शहर बना हुआ है। यहां का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी पार हो चुका है। शुक्रवार को भी यहीं हालात रहे। बाजार से भीड़ नदारद रही। धूप के कारण लोग छाया का सहारा लेते नजर आए। बढ़ती हुई गर्मी और तेज़ धूप को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग भी हरकत में आया। स्कूलों के समय में बदलाव किया है। खंडवा में अब स्कूल का समय बदलकर सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक कर दिया गया है।

### डीईओ ने दिए निर्देश

तापमान में हो रही लगातार बढ़ोतरी के चलते स्कूलों का समय बदलने को लेकर खंडवा के जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी ने बताया कि प्राइवेट और सरकारी दोनों सेक्टर की स्कूल सुबह 7.30 बजे से खुलेगी। स्कूलों का बंद होने का समय दोपहर 12.30 बजे से पहले का रहेगा। हालांकि, समय में हुए फेरबदल के कारण स्कूलों को एक ही शिफ्ट में कक्षाएं संचालित करना पड़ेगा। 20 अप्रैल से संशोधित टाइम-टेबल लागू रहेगा। डीईओ ने सभी बीईओ, बीआरसी और संकुल प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि समय का पालन कराना सुनिश्चित किया जाए।

## सीधी का ऐसा गांव, जहां नहीं पड़ा एक भी वोट!

सीधी ▪ एजेंसी

देश के कई हिस्सों में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए वोटिंग हो रही है। मध्य प्रदेश की सीधी लोकसभा सीट पर भी सुबह से वोटिंग हो रही है। लेकिन जिले के एक गांव में नेटवर्क की समस्या को लेकर ग्रामीणों के साथ सरपंच ने भी मतदान का बहिष्कार कर दिया है।

जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम मेडरा स्थित है। जहां आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने की वजह से यहां नेटवर्क की समस्या करीब 30 सालों से भी ज्यादा की है। कभी भी यहां मोबाइल का नेटवर्क नहीं आता है। सरपंच के साथ ग्रामीणों ने कई बार जिला पंचायत प्रशासन और कलेक्टर को आवेदन भी दिया लेकिन उसके बाद भी कोई भी सुनवाई नहीं हुई।



आखिरकार ग्रामीणों ने शुक्रवार के दिन ही मतदान के समय मतदान का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने कहा अगर हमें नेटवर्क की समस्या से निजात नहीं देंगे तो हम वोट ही नहीं डालेंगे। हम ऐसे लोगों को क्यों चुनें जो हमारी समस्या का समाधान कर ही नहीं पाते हैं। इस पूरे मामले को लेकर सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने भी यह पुष्टि करते हुए कहा है कि ग्राम मेडरा मे कुछ अपरिहार्य कारणों की वजह से वोटिंग रोकी गई है। प्रशासन की टीम वहां पहुंच गई है और लोगों से लगातार बातचीत चल रही है। जल्दी ही वोटिंग शुरू कर दी जाएगी।

## छिंदवाड़ा : बीजेपी-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जमकर मारपीट, कुर्सियां भी फेंकी

छिंदवाड़ा ▪ एजेंसी

छिंदवाड़ा में वोटिंग के दौरान शुक्रवार दोपहर 2 बजे के आसपास एक पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

दरअसल छिंदवाड़ा के राजपाल चौक पर बूथ के बाहर काउंटर लगाकर बैठे दोनों प्रमुख पार्टियों बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों दलों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों तरफ से लठ्ठ निकल गए और कार्यकर्ताओं में जमकर मारपीट शुरू हो गई। इस मारपीट में कुछ लोगों को चोट भी लगी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन बचाव करने के लिए मौके पर पहुंची। फिलहाल मामला थाने पहुंच गया है। राजपाल चौक पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। मारपीट में घायल युवाओं को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

**विधानसभा चुनाव के दौरान भी हुई थी मारपीट :** छिंदवाड़ा का राजपाल चौक मतदान केंद्र काफी संवेदनशील इलाका माना जाता है।



विधानसभा चुनाव में भी यहां सांसद नकुलनाथ के प्रवेश को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए थे। वहीं 19 अप्रैल को वोटिंग के दिन भी दोपहर में दोनों पक्षों के बीच वोटिंग को लेकर विवाद हो गया। कार्यकर्ता एक दूसरे पर कुर्सी उठाकर फेंकने लगे। इस घटना का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें साफ-साफ देख सकते हैं कि किस तरह से हॉकी और डंडों से भाजपा कांग्रेस कार्यकर्ता एक दूसरे की पिटाई कर रहे हैं।

**दोनों पक्षों ने लगाया आरोप :** पूरे मामले को लेकर कोतवाली टीआई का कहना है कि अभी कांग्रेस पक्ष के लोग कोतवाली पहुंचे थे। जिन्हें चोट लगी हुई है उनकी एमएलसी कराई जा रही है। घटना पर भाजपा के कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कनाडाई लोगों ने देखा लोकतंत्र का उत्सव, बोले- भारत का जवाब नहीं

जबलपुर ▪ एजेंसी

शहर में कनाडा के नागरिकों ने भी मतदान प्रक्रिया देखी और खुशी जाहिर की। कनाडा से आए लायल और एसी ने एमएलबी स्कूल में बने मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान की प्रक्रिया को उत्सुकता से देखा। उन्होंने कतार में लगे लोगों से बातें भी की। लायल ने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान को देखकर खुशी हुई। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र सबसे मजबूत लोकतंत्र।

जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने महाकौशल कॉलेज सिविल लाइन स्थित मतदान केंद्र में परिवार के साथ मतदान किया।



उन्होंने और उनके परिवारजनों ने लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया। जबलपुर समेत प्रदेश की 6 लोकसभा सीटों पर हो रहा चुनाव सुबह 11 बजे तक 30 फीसदी को पार कर गया था। शाम तक इसके और बढ़ने की उम्मीद है। चुनाव आयोग ने कई स्तरों पर लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयास किए हैं। इसी के साथ ही कई व्यापारियों समेत कई संगठनों ने भी योजनाएं चलाई हैं।

**अनुकरणीय** लोगों से किया आह्वान- आपके मतदान से ही देश में अच्छी और मजबूत सरकार बन पाएगी

# डोली में बैठने से पहले डॉली ने डाला वोट, फिर हुई विदा

बालाघाट\छिंदवाड़ा ▪ एजेंसी

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिए शुक्रवार को सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं और इसी बीच बालाघाट में वोटिंग के प्रति लोगों का जुनून नजर आ रहा है। यहां एक दुल्हन भी विदाई से पहले अपना वोट डालने के लिए पहुंची और लोकतंत्र के महापर्व में अपने वोट की आहूति दी। पोलिंग बूथ पर दूल्हे के साथ पहुंची दुल्हन को देखने के लिए लोगों की भीड़ सी लग गई।

बालाघाट जिले के बूढ़ी पोलिंग बूथ पर वोट डालने पहुंची दुल्हन का नाम डॉली है। उसकी शादी 18 अप्रैल को थी। पूरे रीति रिवाजों के साथ शादी की रस्में संपन्न हुईं और 19 अप्रैल को जब विदाई का वक्त आया तो डॉली ने विदाई से पहले वोट डालने की बात कही। इसके बाद दूल्हा प्रदीप डॉली को साथ लेकर शासकीय उच्च माध्यमिक बूढ़ी पहुंचा और वहां पर डॉली ने अपना वोट डाला। मीडिया से बात करते हुए उसने सभी लोगों से मतदान करने की अपील की है। यह भी कहा कि आपके मतदान से ही देश में एक अच्छी और मजबूत सरकार का निर्माण होगा। इसीलिए सब लोग घर से बाहर निकलिए और मतदान कीजिए। मेरे घरवालों ने रीति-रिवाज के साथ ही अपने अधिकार का पालन करने के लिए मना नहीं किया है। मैं जब शादी के तुरंत बाद और विदाई के पहले वोट देने आ सकती हूं तो आप भी आ सकते हैं।



### दूल्हा-दुल्हन ने भी डाला वोट



प्रदेश की सबसे हॉट सीट कही जा रही छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर वोटिंग के दौरान मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। इस बीच छिंदवाड़ा के जुन्नारदेव में नवदंपति ने विदाई के बाद पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। दूल्हा सुरेश अपनी नई दुल्हन के साथ विदाई के बाद सीधे मतदान केन्द्र पहुंचा और वोट डालकर सभी से वोट करने की भी अपील की।

**दुल्हन भी पहुंची पोलिंग बूथ :** शहडोल के ग्राम-बेम्हौरी बूथ में कविता साहू दुल्हन के जोड़े में मंडप से सीधे मतदान करने पहुंची। इस दौरान उनके साथ दूल्हा भी थे। इस दौरान उनके साथ परिवार के अन्य लोगों ने भी मतदान किया।

निजी नलकूपों में जल की कमी, हैंडपंपों पर गिरते जलस्तर का असर

# बढ़ती गर्मी के साथ भयावह पेयजल के हालात

राजीव टाइम्स ▪ पड़ाना

अब धीरे-धीरे तापमान बढ़ रहा है। वहीं दिन-प्रतिदिन गर्मी में भी इजाफा हो रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ-साथ हर कार्य के लिए पानी की आवश्यकता भी बढ़ती जा रही है। वहीं बढ़ती गर्मी के साथ क्षेत्र में इन दिनों पानी की पूर्ति करना मुश्किल हो रहा है। इस समय आमजन और किसानों के निजी ट्यूबवेल भी जवाब देने लगे हैं। जहां ये नलकूप पूरे समय जल प्रदाय कर रहे थे, वहीं अब उससे आधे से कम पानी दे पा रहे हैं। गर्मी बढ़ने के चलते हैंडपंपों में भी वाटर लेवल नीचे जा रहा है। विशेषकर पड़ाना कस्बे में निजी ट्यूबवेल में पानी कम होने लगा है।

वहीं हैंडपंप और पानी के स्रोत दम तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। अप्रैल माह के दूसरे पखवाड़े की चिलचिलाती धूप तेजी पकड़ रही है। तेज गर्मी के चलते तालाबों में पानी सूख गया है। हैंडपंपों का वाटर लेवल नीचे चला गया है। निजी कुएं भी अब जवाब देने लगे हैं। पड़ाना कस्बे में पानी की कमी से ग्रामीण जूझ रहे हैं। साथ ही गर्मी में पानी की समस्या खड़ी हो रही है। ऐसे में मई, जून में क्या होगा? इस बात की चिंता से आमजन परेशान हैं। ग्राम पंचायतों के हैंडपंप भी वाटर लेवल नीचे होने के कारण बंद



हो गए हैं। वहीं, क्षेत्र के अधिकांश ट्यूबवेल या कुओं में भी पानी नहीं होने के कारण पेयजल की समस्या हो गई है। गहरे पेयजल संकट के चलते ग्रामीणों के साथ मवेशियों के लिए भी पेयजल उपलब्ध कराना चुनौती बन गया है। मवेशियों को पानी पिलाने के निजी कुओं या कहीं अन्यत्र जल स्रोतों पर पानी पिलाने ले जाना पड़ता है।

### पानी की परेशानी

पड़ाना के रामबाबू सेन ने बताया कि गांव में करीब 25 से अधिक हैंडपंप हैं, लेकिन इसमें चार हैंडपंप बमुश्किल पानी दे रहे हैं। इसका बड़ा कारण ग्राम का वाटर लेवल बहुत नीचे चला गया है। इस समय हैंडपंप भी दम तोड़ चुके हैं। सोनू सिरोलिया और हारुन मंसूरी ने बताया कि गांव के कुओं में से भी पानी सूख गया है। ऐसे में निजी ट्यूबवेल में भी पानी का स्तर कम हो जाता है। वहीं ग्राम में इक्का-दुक्का हैंडपंप से पानी की समस्या को ग्रामीण दूर कर रहे हैं। पड़ाना के भाजपा नेता प्रद्युम्न परमार ने बताया कि जल के लिए प्रस्तावित योजना के जल्द से जल्द शुरु कराए जाने की सख्त आवश्यकता है। गर्मी में पानी के जो स्रोत हैं, उनमें जलस्तर कम पड़ जाता है, जिससे पेयजल संकट बढ़ जाता है। सतह समूह जल योजना का काम धीमी गति से चल रहा है जिससे लोगों तक अप्रैल में पहुंचने वाला पानी अभी दूर नजर आ रहा है। हम शासन-प्रशासन से अपील करते हैं कि संबंधित ठेकेदार कंपनी एलएनटी के अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि वह मई माह से पहले योजना के लंबित काम को पूरा करें और पड़ाना कस्बे कुंडालिया डेम के पानी की सप्लाई शुरू करें।

### नल-जल योजना की सख्त आवश्यकता

पड़ाना सरपंच गोकुलप्रसाद दुगारिया ने बताया कि पड़ाना में हमारी नल-जल योजना के स्त्रोत महीनों पहले सूख चुके हैं। इसके लिए हमने कुंडालिया डेम से आने वाले सतह समूह नल-जल योजना के काम को जल्द पूरा करने की मांग रखी है। अधिकारियों और नेताओं को भी समस्या बताई है। यहां नल-जल योजना की सख्त आवश्यकता है। पड़ाना पंचायत अभी तक योजना के लाभ से वंचित है। सरपंच दुगारिया ने बताया कि गांव के जल स्त्रोतों में पानी समाप्त हो गया है। क्षेत्र में पानी की कमी है, जिसे दूर करना गांव की हजारों जनता के लिए जरुरी है।



## कलशयात्रा के साथ पंचकुण्डात्मक कामधेनु महायज्ञ का शुभारंभ

राजीव टाइम्स ▪ सारंगपुर

सारंगपुर स्थित कपिलेश्वर गोशाला परिसर में आयोजित पंचकुण्डात्मक कामधेनु महायज्ञ व महर्षि कर्दम व मां देवहूति मैया की प्राण प्रतिष्ठा हेतु शुक्रवार को कपिलेश्वर मंदिर से गोशाला परिसर तक भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई।

जिसमें महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रख कर व यजमानों ने अपने हाथों में ध्वज थाम कर गाजे- बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए यज्ञशाला में प्रवेश किया। यह आयोजन जनकल्याण के लिए प्रतिवर्ष पवनदास महाराज के जनकल्याण व गौसंवर्धन के लिए आयोजित किया जाता है। यज्ञ आचार्य पं. मनीष शास्त्री ने बताया कि प्रथम दिवस में कलश यात्रा के साथ दशविधि स्नान, पंचांग कर्म, मंडप प्रवेश, ब्राह्मण वरण कर्म संपादित होगा।

इस आयोजन में उपाचार्य महेश शर्मा, गिरिराज शर्मा के साथ यज्ञ समिति के अध्यक्ष महेश पाटीदार, गौशाला समिति अध्यक्ष पर्वतसिंह मंडलोई, ओमप्रकाश राठी, ओपी विजयवर्गीय, महेश शर्मा, रमेशचंद्र जोशी, मनीष रानोलिया, विपुल सक्सेना, राजेन्द्र शर्मा, जेपी जोशी, सीमा शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने पुण्यलाभ लिया।

आलोट पुलिस को मिली सफलता

## अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करते दो आरोपियों को पकड़ा

राजीव टाइम्स ▪ आलोट

आलोट पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करते हुए दो आरोपियो को पकड़ने में सफलता मिली है। शुक्रवार को आलोट पुलिस द्वारा मुखबीर से प्राप्त सूचना पर बड़ोद रोड देवनारायण गौशाला भोजाखेड़ी से आरोपी असलम पिता बाबू खां लखारा (33) निवासी बड़ा मालीपुरा जावरा व मोईन पिता कल्लु मेव (23) निवासी रतलामी गेट जावरा को एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए तलाशी में 20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिलने पर जब्त कर आरोपियों को गिरप्तार कर उनके विरुद्ध थाना आलोट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में



लिया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पीआर प्राप्त कर फरार आरोपी सलमान लाला निवासी चाचरनी थाना डग, जिला झालावाड़ राजस्थान की तलाश व आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ बेचने वाले आरोपियों के सम्बंध में पूछताछ की जाकर विवेचना की जा रही है। थाना प्रभारी निरी. सुरेन्द्रसिंह गाडरिया, सउनि अशोक चौहान, आर अभिनंदन, आर अंकित काला, आर आदिल, आर बाबूलाल मालवीय की मुख्य भुमिका व प्रआर कोदर सिंह चारेल, प्रआर कमलेश भंडारी, आर सुरेन्द्रसिंह, आर कमल सिंह, आर थामस भाभर, आर गोविंदराम कडोदिया का सराहनीय योगदान रहा।



## शादियों के सीजन से मार्केट में लग रहा जाम

### संकरी गली में घुस रहे वाहनों ने बढ़ाई परेशानी

राजीव टाइम्स ▪ सारंगपुर

शादियों के सीजन के चलते गुरुवार को मार्केट में लोगों की भीड़ रही। दहेज आदि के सामान को लेकर प्रतिबंधित इलाकों में भी फोर व्हीलर वाहन घूमते रहे। इससे शहरी क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित रही। जबकि शादियों के सीजन में बाजार में भीड़ को देखते हुए मुख्य बाजार की संकरी सड़क पर वाहनों के प्रवेश करने पर प्रशासनिक अमले को रोक लगाना चाहिये, ताकि किसी तरह से जाम की स्थिति निर्मित न हो, लेकिन इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## अहिंसा एवं करुणा के अवतार भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर निकलेगा चल समारोह

राजीव टाइम्स ▪ नलखेड़ा

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण पर महावीर के जयकारों के साथ श्वेतांबर एवं दिगंबर जैन समाज द्वारा नगर में सामूहिक रथ यात्रा निकाली जावेगी। जैन मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। रविवार को सकल जैन समाज द्वारा सत्य, अहिंसा, करुणा व अपरिग्रह जैसे सिद्धान्तों की प्रतिमूर्ति, मानवता का पथ आलोकित करने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। समाजजन द्वारा नगर में भगवान की रथ यात्रा का चल समारोह निकाला जाएगा।



श्वेतांबर जैन समाज द्वारा रविवार प्रातः चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर में परमात्मा का अभिषेक, पूजन, आरती की जाएगी। प्रातः 6:30 बजे जिन मंदिर जी से श्री जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप एवं यूनिक ग्रुप द्वारा जन्म कल्याणक के अवसर पर नगर में प्रभात फेरी निकाली जावेगी। प्रातः 8:30 बजे मंदिर में पंचकल्याणक पूजन का कार्यक्रम होगा। प्रातः 9 बजे श्वेतांबर एवं दिगंबर जैन समाज द्वारा नगर में जन्म कल्याणक पर रथ यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन तथा महिलाएं भाग लेंगी।

रथ यात्रा में परमात्मा को रजत पालकी में विराजित किया जाएगा वहीं परमात्मा के चित्र को सजाकर रथ यात्रा में शामिल किया जाएगा। प्रमुख मार्गो से चल समारोह नीमा कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचेगा। जहां स्नात्र पूजन पश्चात कलश भर कर लाए जाएंगे तथा मंदिर में परमात्मा का अभिषेक किया जाएगा। दिगंबर जैन समाज द्वारा भी जन्म कल्याण के अवसर पर मंदिर में श्रीजी का पूजन तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम समाजजन द्वारा किए जाएंगे। श्वेतांबर जैन समाज द्वारा चौक बाजार स्थित धर्मशाला में समाज का साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया है वहीं रात्रि 7:30 बजे जिन मंदिर में परमात्मा की आरती का कार्यक्रम होगा।

## महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर निकलेगी भव्य वाहन रैली

**देवास**। शहर में महावीर जन्मकल्याणक उत्सव मनाने की शुरुआत शनिवार से शुरू हो रही है। शहर में महावीर जन्मकल्याणक की पूर्व संध्या पर शनिवार को भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। महावीर जयंती उत्सव समिति के तत्वावधान में श्री चंदाप्रभु स्वामी मणिभद्र वीर नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित भव्य वाहन रैली शाम 5 बजे से सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी। जिसका समापन सुतार बाखल स्थित श्री चंदा प्रभु स्वामी मणिभद्र वीर जैन श्वे. मंदिर पर होगा। सकल जैन समाज ने निवेदन किया कि वाहन रैली में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर जिन शासन की शोभा बढ़ाएं।

## निलेश ठाकुर ने ली भाजपा की सदस्यता



**देवास**। भाजपा की विचारधारा एवं कार्यशैली से प्रभावित होकर अमलाताज के युवा कांग्रेस नेता ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष राम सोनी के नेतृत्व में निलेश ठाकुर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खेड़ापति हनुमान मंदिर पर धूमधाम से मनेगा दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव

राजीव टाइम्स ▪ सारंगपुर

क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र खेड़ापति हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती का पर्व प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। खेड़ापति हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष एडवोकेट रमेशचंद्र वर्मा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन मंदिर परिसर में होंगे। इस अवसर पर मंदिर परिसर को रंग बिरंगी विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा। 22 अप्रैल सोमवार को प्रातः देवी- देवता का आह्वान एवं स्थापित देवी- देवताओं का संगोपान पूजन- अर्चन किया जाएगा। रात्रि 9 बजे हनुमत आराधना पाठ, रात्रि 11 बजे भगवान खेड़ापति सरकार का अनेक तीर्थ के जल से दूध, दही, शकर, शहद, अष्टगंध, इत्र, गन्ने का रस सहित विभिन्न सामग्रियों से पृथक- पृथक स्नान कराया जाएगा। पश्चात अमृताभिषेक वेद की ऋचाओं के गान के साथ किया जाएगा। उपरांत प्रभु का प्रवचन सुंदर श्रृंगार किया जाएगा।

द्वितीय दिवस मंगलवार को प्रातः 6 बजे सूर्योदय के साथ जन्म आरती की जाएगी। समस्त वैदिक कर्म पं. पवन बृजकिशोर, जगदीश पारीक के निर्देशन में संपन्न किया जाएगा। रात्रि 8 बजे विशेष उत्सव महाआरती अनेक वाद्य यंत्रों के साथ करतल ध्वनि एवं महा महिमागान करते हुए की जाएगी। पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा एवं प्रसाद वितरण होगा। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेशचंद्र वर्मा, मनीष चौरसिया, राजेंद्र गुप्ता, मोहनलाल जायसवाल, याम बियानी, अनिल कलजोरिया, देवेंद्र कलजोरिया सहित समस्त ट्रस्ट सदस्यों ने इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से की है।

## पड़ाना जामा मस्जिद अंजुमन कमेटी सदर बने एडवोकेट अनवर, अंसारी सेकेट्री नियुक्त

राजीव टाइम्स ▪ पड़ाना

पड़ाना कस्बे में मुस्लिम समुदाय की सर्वोच्च संस्था जामा मस्जिद अंजुमन इस्लाम कमेटी का चुनाव शुक्रवार जुमा की नमाज के बाद जामा मस्जिद में हुई बैठक में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें एडवोकेट अनवर अंसारी को पड़ाना शाही जामा मस्जिद अंजुमन कमेटी सदर चुना गया।

वहीं नायब सदर की जिम्मेदारी युवा समाजसेवी आसिर अंसारी को मिली। जबकि कमेटी में सेकेटरी शिक्षक जुनेद अंसारी बनाए गए। इसी तरह सदस्य के रूप में रफीक बाबा, अ. समद अंसारी, रईस बाबा, असलम भाई, जावेद



भाई, सोहेल अंसारी, सद्दाम अंसारी एवं नौशाद अंसारी चुने गए। इस 11 सदस्यीय कमेटी का आम सहमति से चयन किया गया। पूर्व सदर नवाब अंसारी ने बताया कि यह चुनाव सर्व सहमति से किया है और सभी पदाधिकारियों को समाजहित में कार्य करने का संकल्प दिलाया गया है। बैठक के दौरान नवनियुक्त सदर एडवोकेट अनवर अंसारी ने अपने विचार रख समाज में एकजुटता और सांप्रदायिक सौहार्द की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने समाजजन को संबोधित करते हुए अपने पहले उद्बोधन में मुस्लिम समाज में व्याप्त तमाम समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा उपलब्ध रहने का वादा किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। नियुक्ति के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल माला से स्वागत किया गया।

## विविध आयोजनों के साथ वार्ड 32 में मनाई गई अंबेडकर जयंती, बच्चों को किया सम्मानित

राजीव टाइम्स ▪ देवास

भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती उत्सव समारोह नूतन नगर देवास स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर उद्यान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कबीरपंथी गायक कालूराम बामनिया, विशेष अतिथि आकाशवाणी कलाकार रघुनाथसिंह बामनिया, देवास जिला भाजपा जिला महामंत्री पंकज वर्मा, प्रवीण वर्मा, बाबूलाल रेकवाल, महेश कलेशरिया, रामचंद्र रेकवाल एवं सभी समिति सदस्य उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर बुद्ध वंदना की। तत्पश्चात नन्हे बच्चों ने डॉ. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में बुद्ध वंदना प्रस्तुति एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रस्तुति दी। जयंती समारोह के द्वितीय चरण में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन वृतांत/विचारों



को को रखा। तत्पश्चात पद्मश्री गायक कालूराम बामनिया और रघुनाथसिंह बामनिया ने कबीर भजनों की प्रस्तुति दी। प्रवीण वर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। राजकुमार रेकवाल ने आभार माना। संचालन कवि जय कुमार जय ने किया।

इस अवसर पर समिति के बाजीराव पटोले, गणेशराम मढ़ामें, रामलाल गंधवलिया, भेरूसिंह प्रजापति, किशनलाल कलेशरिया, रतनलाल कलेशरिया, राकेश कुमार शिंदे, कन्हैयालाल कुलथिया, देवकरण कलेशरिया, महेंद्र कलेशरिया, दीपक बगनिया, मनीष रेकवाल, हेमराज अहिरवार, मांगीलाल गोयल, सुभाष पासवान, बाबूराव गोलाइत, संजय रेकवाल आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युवा न्याय योजना व गरीबों के हक और अधिकार के लिए कांग्रेस अपना वचन निभाएगी : सिंह

**सारंगपुर**। जनपद पंचायत सारंगपुर के ग्राम पटाडिया धाकड़ पहुंचे पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह को ग्रामीण नवयुवकों ने अपनी बेरोजगारी की समस्या बताई। इस मौके पर नुक्कड़ सभा में सिंह ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि युवा बेरोजगार फिर रहे हैं, कांग्रेस सरकार में बेरोजगारी भत्ता दिया जाता था वह भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। भाजपा सरकार कर्ज पर कर्ज लिए जा रही है और देश को कर्ज में डूबा रही है। नुक्कड़ सभा में पटाडिया धाकड़ के भाजपा बूथ अध्यक्ष भगवानसिंह राजपूत व वरिष्ठ भाजपा नेता हजारीलाल मालवीय ने बीजेपी छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ली। इस मौके पर दिग्विजयसिंह ने सभा के दौरान युवाओं को भाषण देने का मौका दिया, जिस पर गांव के चार- पांच युवाओं ने व्यापमं व बेरोजगारी का मुद्दा उठाया और जनता ने जमकर ताली बजाई। युवाओं ने कहा कि भाजपा द्वारा राम को रहीम से लड़ाकर वोट लिया जाता है और विकास के नाम पर जुमला दे दिया जाता है। सिंह ने युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि युवा न्याय योजना व गरीबों के हक और अधिकार के लिए कांग्रेस अपना वचन निभायेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक हजारीलाल मालवीय, मीना मालवीय, सुनील नागर, पटेल कैलाश नागर, पटेल रामलाल नागर, रमेश राजपूत, डॉ. कमल राठौर, गजराजसिंह राजपूत, बद्रीलाल मालवीय, राजाराम मालवीय, छगन मालवीय, गंगाप्रसाद राठौर, पप्पू राठौर, गिरवर नागर, दुर्गाप्रसाद नागर, गिरवर नागर, भगवान नागर, सजनसिंह कुंभकार, प्रेमसिंह राजपूत, अमर मालवीय, नूतन नागर सहित तीन सौ से अधिक गांव के कार्यकर्ता पहुंचे।

सूना-सूना सा चुनाव

दोनों ही दल के नेता और प्रत्याशी मतदाता से सीधे साध रहे संपर्क

# न बैनर, न पोस्टर और न ही प्रचार गाड़ी, क्षेत्र भर में नहीं दिख रहे पार्टियों के झंडे, बैनर

राजीव टाइम्स ▪ सारंगपुर

इस बार लोकसभा चुनाव में प्रचार का शोरशराबा, बैनर और पोस्टरों की सजावट शहर सहित अंचल में कहीं नजर नहीं आ रही है। यह दृश्य उस समय के चुनावों के दौरान नजर आते थे, जब चुनाव आयोग केवल चुनाव कराने वाली संस्था के रूप में ही जाना जाता था। धीरे-धीरे समय बदला, चुनाव आयोग ने अपनी शक्तियों का उपयोग सख्ती से करना शुरू किया। नतीजा यह कि आज चुनाव के दौरान कहीं भी झंडे, पोस्टर दिखाई नहीं दे रहे हैं, न ही कोई शोर-शराबा है। अब तो बच्चों को भी चुनावी गतिविधियों से दूर रखने के सख्त निर्देश हैं। वर्तमान चुनाव में न बैनर, न पोस्टर और न ही प्रचार गाड़ी कहीं नजर आ रही है। दोनों ही दल के नेता और प्रत्याशी मतदाता से सीधे संपर्क साध रहे हैं।

**7 मई को होगा मतदान नहीं दिख रहा प्रचार- प्रसारः** वर्तमान में लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए आज से 17 दिनों के बाद 7 मई को मतदान होना है, लेकिन किसी भी पार्टी का प्रचार होता कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। राजनीतिक विश्लेषक प्रेमप्रकाश गुप्ता एवं कृष्णगोपाल गुप्ता ने इस बदलाव के दो बड़े कारण बताए जिसमें पहला यह कि चुनाव आयोग सख्त हुआ है और अब आचार संहिता



लागू होते ही कुछ ही मिनटों में पार्टियों के झंडे-बैनर उतार दिए जाते हैं और फिर से लगाने के मकान मालिक की अनुमति लेना अनिवार्य है। अन्यथा शिकायत होने पर कार्रवाई तय है। दूसरी वजह है कि सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर पार्टियों का प्रचार-प्रसार पर ज्यादा जोर है। यह सस्ता, किफायती और प्रशासनिक झंझट से दूर रखने वाला आसान तरीका है।

**वो समय अलग ही था :** राजनीतिक विश्लेषक प्रेमप्रकाश गुप्ता एवं कृष्णगोपाल गुप्ता बताते हैं कि पुराने समय में चुनाव की घोषणा होते ही राजनीतिक दलों के लाउड स्पीकर साइकिलों पर, हाथ ठेलों पर, जीपों पर बंध जाते थे और पूरे दिन गलियों में प्रचार की आवाजें सुनाई देती थीं। सुबह नींद से जागने पर घरों की दीवारों पर नील से नारे और प्रत्याशियों के लिए वोट अपील के साथ चुनाव चिह्न बने नजर आते थे। न कोई पूछता था और न ही कोई इसका विरोध ही करता था। अब हालात बदल गए हैं।

**अखबार ही था एकमात्र साधन :** राजनीतिक विश्लेषकों ने बताया कि पहले चुनाव की घोषणा सहित नेताओं के भाषण केवल अखबार में पढ़ने को या रेडियो पर सुनने को मिलते थे। चुनाव परिणाम भी आठ दिन तक आते थे, अब एक पल में सूचनाएं देश के कोने- कोने तक पहुंच रही हैं। ऐसे में शोर-शराबे का प्रचार भी खो गया है।

मामला बहुचर्चित कुंडलिया पुनर्वास घोटाला का

# बालिग बताकर 5.85 करोड़ रुपए स्वीकृत करवाए

**राजीव टाइम्स ▪ नलखेड़ा**

तहसील के ग्राम गोठड़ा के समीप बने कुंडालिया डेम में डूब प्रभावित ग्रामों में भूअर्जन एवं पुनर्वास के मुआवजे में हुई आर्थिक अनियमितताओं की परतें अब धीरे - धीरे खुलने लगी हैं। मामले में जहां आगर जिला कलेक्टर द्वारा 117 हितग्राहियों के खाते पूर्व में फ्रीज करने के आदेश जारी किए थे वहीं अब इस बहुचर्चित मामले में लोकायुक्त द्वारा संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं। इधर मामले में जिला प्रशासन द्वारा एक अधिकारी तथा एक कर्मचारी को निलंबित किया गया है, लेकिन जनचर्चाओं में आशंका जाहिर की जा रही है कि इसमें संलिप्त सभी चेहरे बेनकाब होंगे या नोटिस की औपचारिकता के बाद लीपा पोती का खेल हो जाएगा। कुंडालिया बांध परियोजना के क्रियान्वयन अंतर्गत भूअर्जन के साथ ही विस्थापित ग्रामीणों को पुनर्वास राशि दी जाना थी। नियमानुसार पुनर्वास की यह राशि डूब प्रभावित सभी वयस्कों को मिलना थी।

इसी पुनर्वास राशि को लेकर कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर राशि प्राप्त करने के आरोपों के बाद कलेक्टर ने तहसील के ग्राम भंडावद के ऐसे 117 हितग्राहियों के बैंक खाते फ्रीज करने के आदेश पूर्व में जारी किए गए थे।

कलेक्टर के आदेश के बाद तहसील न्यायालय द्वारा सभी संबंधितों को सूचना पत्र जारी कर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त की गई पुनर्वास की 5 लाख की राशि 16 अप्रैल या उससे पूर्व तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर जमा करवाने को कहा गया था। इसके पश्चात लगभग एक करोड़ रुपए की राशि संबंधित हितग्राही द्वारा जमा करवाई गई है। जिला कलेक्टर द्वारा फ्रीज किए गए इन खातों में शासन द्वारा 5 करोड़ 85 लाख रुपए की राशि डाली गई थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से अवयस्कों को वयस्क बताकर बिचोलिये ने पुनर्वास राशि हेतु



प्रकरण स्वीकृत करने का जमकर खेल खेला। जिसमें बिचोलिये ने निचले स्तर से लेकर जिला स्तर तक जवाबदार अधिकारियों की संलिप्तता के चलते राशि स्वीकृत करवाई थी।

इस मामले में लोकायुक्त में हुई शिकायत के बाद लोकायुक्त द्वारा मामले में संज्ञान लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोटिस (सूचना पत्र) जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि कुंडालिया बांध परियोजना के निर्माण व नहर निर्माण के दौरान भूअर्जन व पुनर्वास के लिए शासन द्वारा प्रदान किए गए मुआवजे में शुरुआत से ही लंबा खेल खेला जा रहा है। इसमें असिंचित कृषि भूमि को सिंचित कर, मकानों व पुनर्वास के लिए कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से करोड़ों रूपए का मुआवजा प्रदान किया गया है।

उक्त मामलों में जिम्मेदार कर्मचारी, अधिकारियों की भूमिका सर्वाधिक शंका के दायरे में है, क्योंकि ऐसे कूटरचित दस्तावेज बगैर अधिकारी, कर्मचारियों की सहमति अथवा उनके बगैर बन नहीं सकते हैं। यदि प्रारंभिक स्तर पर जिम्मेदार कर्मचारी, अधिकारी कूटरचित दस्तावेज तैयार करने में सहायक नहीं होते तो मुआवजा राशि की बंदरबाट का यह खेल हो ही नहीं सकता था। आश्चर्यजनक तथ्य यह भी है कि बांध के निर्माण के लगभग 5 वर्ष से भी अधिक समय बाद लगातार मुआवजा प्रकरण प्रस्तुत किए जा रहे हैं और उन्हें स्वीकृत कर आला अफसर मुआवजा राशि भी डाल रहे हैं। जो कि स्वयं ही कई प्रश्नों को खड़ा कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर आज भी डूब प्रभावित ग्रामों के कई वास्तविक प्रभावित मुआवजे के लिए शासन के विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। क्योंकि उनके पास सिस्टम को खुश करने के लिए खनकते सिक्के नहीं है।

मामले में जल संसाधन मंत्री सहित प्रदेश स्तर पर बैठे जिम्मेदारों को भी तत्काल संज्ञान लेकर उच्चस्तरीय जांच करवाकर दोषी अधिकारी, कर्मचारियों पर भी वैधानिक कार्रवाई की जाना चाहिए। साथ ही इनके द्वारा किए गए करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के चलते हितग्राहियों को प्रदान किए गए फर्जी तरीकों से मुआवजा राशि की वसूली भी की जाना चाहिए। क्योंकि शासन द्वारा इस तरह के कूटरचित दस्तावेजों से प्रदान किए मुआवजे का आधे से अधिक हिस्सा इन भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारी की जेब में गया है। हितग्राही तो मात्र कुछ प्रतिशत राशि प्राप्त कर पाया है। कुंडलिया पुनर्वास के बहुचर्चित मामले में सरकार यदि निष्पक्ष जांच एजेंसी से प्रारम्भ से लगाकर आज तक के मुआवजा प्रकरणों की बारीकी से जांच करवाएं तो निचले स्तर के कर्मचारियों के साथ ही प्रशासन में बैठे कई बड़े चेहरे भी बेनकाब हो सकते हैं।

### लोकायुक्त द्वारा की जा रही मामले की जांच

कुंडलिया परियोजना पुनर्वास मामले में लोकायुक्त द्वारा जांच की जा रही है। जिन हितग्राहियों के खातों में राशि जमा करवाई गई थी उनसे एक करोड़ रुपए की राशि की वसूली की जा चुकी है। मामले में मेरे द्वारा कुछ अधिकारी एवं कर्मचारियों को निलंबित भी किया गया है।

● **राघवेंद्र सिंह,**
*जिला कलेक्टर जिला आगर मालवा*

### 5 करोड़ 85 लाख का जारी हुआ था अवार्ड

जुलाई एवं अगस्त माह में अनु विभागीय अधिकारी राजस्व सुसनेर ने 117 हितग्राहियों के खाते में पुनर्वास राशि जारी करने का अवार्ड पारित किया गया था। इसके तहत 5 करोड़ 85 लाख रुपए जारी हुए थे जो सीधे हितग्राहियों के खाते में जमा हुए मार्च 24 में पुनर्वास अवार्ड को लेकर जब अनियमितता का मामला सामने आया तो जिला कलेक्टर द्वारा हितग्राहियों के बैंक खातों को फ्रीज करने के आदेश जारी किए गए थे। सूत्रों के अनुसार बैंक से अधिकांश हितग्राहियों द्वारा राशि का आहरण भी किया जा चुका है।

संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

# परिजन ने शव सड़क पर रखकर किया हंगामा



**राजीव टाइम्स ▪ देवास**

औद्योगिक क्षेत्र थाना के नागदा गांव में संदिग्ध परिस्थिति में महिला का शव पाया गया है। मौत के बाद उसके मायके पक्ष के परिजन ने शुक्रवार को शव सड़क पर रखकर चक्काजाम करने का प्रयास किया। इस दौरान मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या के आरोप भी लगाए। पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी कि महिला की मौत कैसे हुई। दरअसल कल नागदा निवासी अनुराधा पति राहुल (26) की नागदा में अपने घर पर मौत हो गई थी। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। आज पीएम के बाद परिजन शव लेकर सयाजीद्वार के समीप पहुंचे और ससुराल पक्ष पर कार्रवाई की मांग को लेकर शव सड़क पर रखकर चक्काजाम करने का प्रयास किया।

सूचना मिलने के बाद मौके पर सीएसपी दीशेष अग्रवाल सहित पुलिस बल भी पहुंचा। परिजन को समझाइश दी गई। मामले में सीएसपी ने बताया कि औद्योगिक थाना क्षेत्र के नागदा की रहने वाली महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई थी। मामले में औद्योगिक क्षेत्र थाने पर मर्ग कायम किया गया था। परिजन का आरोप है कि जो ससुराल पक्ष वाले हैं उनके द्वारा महिला की गला घोंटकर हत्या की गई है। इस संबंध में शार्ट पीएम रिपोर्ट का अवलोकन करने के पश्चात परिजन के बयान लेने के पश्चात जो वैधानिक कार्रवाई है की जाएगी। नागदा क्षेत्र में एक महिला ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। मृतिका का नाम अनुराधा पति राहुल रावत है। मृतिका के भाई अशोक रावत ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरा बहनोई शराबी है और बहन को परेशान करता था। उसी ने बहन को मारा है। जब हम लोग घर पहुंचे तो शव जमीन पर पड़ा था और बहनोई घर पर ही छुपा था।

# सीमेंट पोल सड़क की पटरी पर रखे चालक हो रहे दुर्घटना का शिकार

**राजीव टाइम्स ▪ खातेगांव**

हरणगांव के ग्राम गोपालपुर में बिजली शिफ्टिंग ठेकेदार द्वारा सीमेंट के पोल सड़क की पटरी पर रखने के कारण वाहन चालक आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इस बारे में ग्रामीणों ने ठेकेदार को अवगत भी कराया, लेकिन अभी तक ठेकेदार द्वारा पोल सड़क की पटरी से उठवाए नहीं गए हैं।

गोपालपुर के राकेश मराठा, शैलेंद्र मराठा, ब्रह्मानंद मीणा ने बताया कि तीन-चार महीने पर्व बिजली शिफ्टिंग ठेकेदार ने सड़क की पटरी पर पोल रखवा दिए थे परंतु जहां पाल रखे हैं उसके पास ही अंधा मोड़ होने के कारण वाहन चालक पोल के ढेर में टकरा जाते है। रात के समय अंजान वाहन चालक साइड देने अथवा बड़े वाहनों को ओवरटेक करने



में टकरा जाते है। अब तक कई वाहन चालक इससे टकरा कर चोटिल भी हो चुके हैं। सरपंच प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने बताया कि गोपालपुर के ग्रामीणों की शिकायत मिलने के बाद मैंने विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारियों को सूचित भी करवा दिया था, लेकिन अभी तक ठेकेदार द्वारा पोल हटवाए नहीं गए हैं। इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री ललित घानेकर से बात करनी चाही, लेकिन उनका मोबाइल बंद आ रहा था।



# प्रवेश हेतु संपर्क अभियान में मतदाताओं को जागरूक किया

**आगर-मालवा**। शासकीय नवीन हाईस्कूल बापचा बड़ौद की कैचमेंट शाला के ग्राम जमुनिया बड़ौद में नवीन सत्र में प्रवेश हेतु घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया हेतु बच्चों और अभिभावकों को समझाया गया। साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया। जिसमें बच्चों और स्टॉफ ने शाला के शिक्षक विष्णु परिहार द्वारा बनाए गए स्लोगन के पोस्टर के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था प्रभारी प्राचार्य कैलाश भावसार और स्टॉफ शिक्षक विष्णु परिहार, सुनील कुमार जोशी, रणजीत पहाड़िया, तृप्ति श्रृंगी, दशरथ सिंह परिहार तथा ग्राम के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

एबी रोड पर फूलखेड़ी हनुमान मंदिर के पास हुआ हादसा

# दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल

**राजीव टाइम्स ▪ शाजापुर**

एबी रोड स्थित फूलखेड़ी हनुमान मंदिर के सामने शुक्रवार दोपहर को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें ऑटो रिक्शा की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी का उपचार किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम छापेड़ा जिला राजगढ़ से सांपखेड़ा शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक पर सुगन बाई राठौर अपने बेटे मांगीलाल राठौर और एक बच्चे के साथ आ रहे थे। इसी दौरान तराना से सारंगपुर की ओर शुभम नायक अपने एक दोस्त के साथ जा रहा था। जब दोनों वाहन सवार फूलखेड़ी हनुमान मंदिर के सामने पहुंचे तो दोनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार चारों



लोग घायल हो गए। वहीं दोनो बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इधर घायलों को आसपास के लोगों ने संभाला और उपचार के लिए ऑटो के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दोनों बाइकों को कोतवाली थाना परिसर में खड़ा किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# दो दिन चले प्रशिक्षण का जिले के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**गंधवानी**। 18 अप्रैल को सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंकिता प्रजापति (संयुक्त कलेक्टर) एवं ब्रजकांत शुक्ला सहायक आयुक्त जिला धार द्वारा पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारियों को गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कहा गया। निरीक्षण के दौरान कुणाल आवास्या तहसीलदार गंधवानी, अनिल व्यास विकासखंड शिक्षा अधिकारी गंधवानी, रमेशचंद्र मोलेश्वर बीआरसी गंधवानी, गंधवानी एवं प्रशिक्षण व्यवस्था में लगे समस्त कर्मचारी उपस्थित है। इसी तरह दूसरे दिन 19 अप्रैल को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक के प्रशिक्षण का निरीक्षण सविता झानिया सीईओ जिला पंचायत धार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले समस्त अधिकारी कर्मचारियों को गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कहा गया ताकि लोकसभा निर्वाचन 2024 निष्पक्ष एवं निर्भीक रूप से संपन्न हो सके। कोई भी कर्मचारी इसमें लापरवाही न बरतें। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण नोडल अधिकारी एवं उनकी पूरी टीम मौजूद रही। उक्त जानकारी लोकसभा मीडिया सहायक नोडल मांगीलाल सूर्यवंशी द्वारा दी गई।



# पांच जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न

**राजीव टाइम्स ▪ देवास**

भगवान प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ महाआरती कर धूमधाम के साथ श्रीराम मंदिर इटावा पर मनाया गया। जय श्रीराम के जयकारों के साथ मंदिर प्रांगण में गौमाता का प्रवेश नवनिर्मित गौशाला में विधिवत पूजन कर कराया गया। श्रीराम हनुमान सेवा संचालन समिति अध्यक्ष दिलीप बांगर ने बताया कि राम जन्मोत्सव से लेकर हनुमान जन्मोत्सव तक आयोजित विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ वर्ष 2000 से लगातार प्रभु



श्रीराम की सामाजिक समरसता के बताये मार्ग पर चलते हुए जिस प्रकार प्रभु श्रीराम ने सम्पूर्ण समाज को संगठित कर रामराज्य की स्थापना की थी, उसी उद्देश्य को लेकर सर्वजातीय निःशुल्क विवाह संस्था द्वारा राम जन्मोत्सव पर सम्पन्न कराया गया।

18 अप्रैल को जरूरतमंद परिवारों की 5 कन्याओं का विवाह सम्पन्न हुआ। विवाह अवसर पर समिति द्वारा प्रत्येक कन्याओं का भेंट स्वरूप गृहस्थी का सामान प्रदान कर उपस्थित सैकड़ों की संख्या में परिवारजन को भोजन आदि की व्यवस्था संस्था द्वारा निशुल्क की गई। आयोजित कार्यक्रम में विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, समाजसेवी रमेश कुमार अग्रवाल ने शामिल होकर प्रभु श्रीराम का पूजन कर नव विवाहित वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। सम्पूर्ण आयोजन में समिति के भेरूसिंह ठाकुर, संतोषसिंह चावड़ा, आशा बांगर, कैलाश मामा गेहलोद, जीतमल प्रजापति, मुकुल बांगर, राहुल ठाकुर, राजेश भावसार, राधेश्याम को, गुलाबराव कोलणकर, शहदेव माकोड़े, मोनिका बांगर, हेमंत चव्हाण, मारुतीराव बारस्कर के साथ कई सदस्य उपस्थित थे।



# सर्वाधिक मतदान करवाने वाले बीएलओ का सम्मान किया

**गंधवानी**। विधानसभा क्षेत्र 197 गंधवानी अंतर्गत 19 अप्रैल को विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिन मतदान केन्द्रों पर सर्वाधिक मतदान हुआ था उन मतदान केंद्रों के बीएलओ को राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अंकित प्रजापति (संयुक्त कलेक्टर) धार द्वारा प्रदान किया गया। जिसके अंतर्गत राघवेंद्र शर्मा बीएलओ मतदान केंद्र क्र. 111 बाकलीकला मतदान प्रतिशत 97.87 , थान सिंह रावत बीएलओ मतदान केंद्र क्र. 250 ब्राह्मण गांव मतदान प्रतिशत 90.44, किशन डावर बीएलओ मतदान केंद्र क्र. 146 रायपुरिया मतदान प्रतिशत 89.75 होने से उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर निर्वाचन सुपरवाइजर 197 गंधवानी नरेंद्र सोनी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी पटेल आज नामांकन पत्र प्रस्तुत करेंगे

**राजीव टाइम्स ▪ खंडवा**

खंडवा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र पटेल आज शनिवार को प्रातः10 बजे दादाजी दरबार दर्शन करने जाएंगे, जिसके पश्चात शुभ मुहूर्त में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अनूप कुमार सिंह को अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत करेंगे।

प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि पटेल के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय ओझा, भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी, पूर्व विधायक राजनारायण सिंह एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. मुनीष मिश्रा भी साथ रहेंगे। जिला



कांग्रेस अध्यक्ष अजय ओझा ने समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कल प्रातः 10 बजे दादाजी दरबार में उपस्थित होने का अनुरोध किया है जहां से पटेल के साथ कलेक्ट्रेट हेतु नामांकन दाखिल करने जाएंगे।

**परिचर्चा** अधिवक्ताओं से परिचर्चा करते हुए भाजपा प्रत्याशी ने व्यक्त किए विचार

# हमें नकारात्मक ताकतों को परास्त करना है : सोलंकी

**राजीव टाइम्स ▪ देवास**

अधिवक्ता क्रांति के अग्रदुत माने जाते हैं। जनता आप पर भरोसा करती है। आपकी राय पर चलती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका अनिवार्य है। केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर अधिवक्तागणों से परिचर्चा करते हुए उक्त विचार देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी महेन्द्र सिंह सोलंकी ने व्यक्त किए। सोलंकी ने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में चारों तरफ विकास हो रहा है। दुनिया में भारत का मान- सम्मान बढ़ रहा है। ऐसे समय में नकारात्मक ताकतें देश को कमजोर करने में जुटी हुई हैं। हर प्रकार के हथकंडे अपनाते हुए ये ताकतें देश को तोड़ने में लगी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने जब जम्मू कश्मीर से विभाजनकारी धारा 370 हटाई, तब भी इन ताकतों ने विरोध किया। तीन तलाक कानून को रद्द करने का विरोध किया।

यही नहीं जब अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला का दिव्य एवं भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया गया। तब भी इन नकारात्मक ताकतों ने विरोध करते हुए प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का न्यौता ठुकराया। लोकसभा के इस चुनाव में हमें ऐसी नकारात्मक ताकतों को परास्त करना है, ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047



तक विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सके। हमें अपने परिचितों, आस- पड़ोस वालों, पक्षकारों से चर्चा करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना है। परिचर्चा में वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप जाधव, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, पंकज वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश नारायण उपाध्याय, शंकर गिरी गोस्वामी, अतुल पंड्या, गीता शर्मा, दीपेंद्रसिंह तोमर, जितेंद्र ठाकुर, हेमंत शर्मा, आनंद अधिकारी, सुरेश चौधरी, राजेन्द्र बापना, गजेंद्र वशिष्ठ, रघुवीर यार्डी, प्रकाश सिंह, जीवनसिंह गुर्जर, कविता सोनी, कमलेश शर्मा, जितेंद्र सेंधव, राजेन्द्र नागर, त्रिलोक पाटीदार, मिथलेश सोनी, रजनी पांचाल, श्रेया चौबे, साधना काले, देवेंद्रसिंह व्यास, हर्षित गावशिंदे सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे। संचालन मनीष पारीक ने किया।

**सीएए कानून का किया विरोध** - भाजपा प्रत्याशी सोलंकी ने टुकड़े- टुकड़े गैंग एवं विभाजनकारी राजनीतिक पार्टियों पर कड़ा प्रहार करते हुए परिचर्चा में कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी की सरकार द्वारा पाकिस्तान, बंगलादेश एवं अफगानिस्तान के आए हिन्दू, सिख, बौद्ध एवं पारसी शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए सीएए कानून लागू किया गया। तब भी तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली नकारात्मक ताकतों द्वारा विरोध करते हुए चौराहे को जाम किया गया। सीएए कानून किसी की नागरिकता छीनने के लिए नहीं, बल्कि नागरिकता देने के लिए था। फिर भी देश में भ्रम का माहौल पैदा किया गया। ये ताकतें सिर्फ भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में रहने वाले हिन्दुओं को भी दुश्मन के नजरिए से देखती है। सोलंकी ने इस विषय पर 1950 में भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू एवं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली खान के बीच हुए उस द्विपक्षीय समझौते का भी उल्लेख किया, जिसमें दोनों देशों में रहने वाले अल्पसंख्यकों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव एवं उन्हें पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित किया जाना तय हुआ था, लेकिन पाकिस्तान इस समझौते पर खरा नहीं उतरा। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधिवक्ता राजेश यादव ने साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# चम्मच से दूध पीने वाले बच्चे हैं राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला : आजाद

**श्रीनगर ▪ एजेंसी**

पूर्व दिग्गज कांग्रेसी और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने बड़ा दावा किया है कि राहुल गांधी भाजपा शासित राज्य से लोकसभा चुनाव लड़ने से झिझक रहे हैं। उन्होंने अपनी पुरानी पार्टी के उस दावे का भी खंडन किया जिसमें कहा जा रहा है कि राहुल बहादुरी से भाजपा का मुकाबला चुनावी मैदान में कर रहे हैं। इतना ही नहीं, आजाद ने अपने पूर्व अध्यक्ष को चम्मच से दूध पीने वाला बच्चा करार दिया है।

गुलाम नबी आजाद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी उस राज्य में शरण लेना चाहते हैं जहां अल्पसंख्यकों की आबादी अधिक है। उन्होंने राहुल गांधी और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर कटाक्ष करते हुए दोनों को 'चम्मच से दूध पीने वाला बच्चा' बताया। आजाद ने कहा कि दोनों ने अपने दम पर कुछ नहीं किया है। दोनों ने जीवन में कोई व्यक्तिगत बलिदान भी



नहीं दिया है और वे केवल इंदिरा गांधी और शेख अब्दुल्ला जैसी हस्तियों से विरासत में मिली राजनीतिक विरासत का आनंद ले रहे हैं।

उधमपुर लोकसभा सीट के संगलदान और उखराल इलाकों में रैली को संबोधित करते हुए आजाद ने कहा, "राहुल गांधी भाजपा शासित राज्यों में चुनाव लड़ने से क्यों हिचकिचा रहे हैं? वह भाजपा से लड़ने का दावा करते हैं, लेकिन उनकी हरकतें कुछ और ही संकेत देती हैं। भाजपा शासित राज्यों से क्यों भागे और अल्पसंख्यक बहुल राज्यों में क्यों शरण ली? उन्होंने केरल जैसे राज्यों में सुरक्षित सीटों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाते हुए जमीन पर भाजपा से लड़ने की कांग्रेस और राहुल गांधी की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया। अब्दुल्ला चिनाब घाटी में डीपीएपी के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं, बीजेपी के खिलाफ नहीं। उन्हें धर्मनिरपेक्ष वोटों को विभाजित करने का काम सौंपा गया है। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया।'

### अमित शाह ने गांधीनगर सीट से भरा नामांकन

# तीसरी पारी में भारत तीसरी बड़ी इकॉनामी बनेगा,ये मोदी की गारंटी

**गांधीनगर ▪ एजेंसी**

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और कहा कि आम चुनाव का मतलब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार सत्ता की कमान सौंपना है ताकि वह 2047 तक भारत को एक विकसित देश बना सकें।

शाह गांधीनगर सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं। शाह ने जब यहां गांधीनगर के जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपा, उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उनके साथ थे। उन्होंने अपराह्न ठीक 12 बजकर 39 मिनट पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस समय को 'विजय मुहूर्त' माना जाता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि इस आम चुनाव का मतलब प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार सत्ता में लाना है ताकि वह 2047 तक भारत को एक विकसित देश बना सकें।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी का तीसरा कार्यकाल अहम होगा क्योंकि उनके पहले के दो कार्यकाल का ज्यादातर समय कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार द्वारा की गई गलतियों को सुधारने में चला गया। शाह ने कहा, ''ये चुनाव नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार हमारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए हैं। मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित और सभी क्षेत्रों में शीर्ष देश बनाने का संकल्प लिया है। अगर हम इसे हासिल करना चाहते हैं तो अगले पांच साल महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पिछले 10 साल पिछली संप्रग सरकार द्वारा किए गए गड्ढे भरने में चले गए।''



#### मैं 30 साल से इस सीट से जुड़ा हूं

उन्होंने कहा कि अगले पांच साल का इस्तेमाल 'विकसित भारत' के लिए मजबूत आधार तैयार करने में किया जाएगा। कभी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने गांधीनगर सीट का प्रतिनिधित्व किया था। उस सीट से उन्हें फिर से उम्मीदवार बनाने के लिए शाह ने भाजपा को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सीट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी यहां से पंजीकृत मतदाता हैं। शाह ने कहा, ''मैं पिछले 30 साल से इस सीट से जुड़ा हुआ हूं। सांसद बनने से पहले मैं इस सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों से विधायक था। आपके प्यार के लिए धन्यवाद। मैं एक साधारण बूथ कार्यकर्ता से सांसद बना। जब भी मैंने गांधीनगर के लोगों से वोट मांगा, उन्होंने मुझे अपना आशीर्वाद दिया।''

#### 400 पार का नारा क्यों?

नामांकन दाखिल करने के बाद राजस्थान के पाली शहर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 में 'अबकी बार 400 पार' का नारा क्यों दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग पूछते हैं कि हमें 400 से अधिक की आवश्यकता क्यों है, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि चाहे ओबीसी हो, एससी हो या एसटी, पीएम मोदी आरक्षण के सबसे बड़े समर्थक हैं। शाह ने कहा कि जब लोगों ने हमें 300 प्लस दिया, तो हमने धारा 370 को हटा दिया, भारत की अर्थव्यवस्था को 5वें स्थान पर ला दिया। सैन्यकर्मियों के लिए वन रैंक वन पेंशन लाए, तीन तलाक खत्म किया, विधानसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण दिया, सीएए लागू किया और सबसे बड़ी बात, जब आपने हमें 300 प्लस दिए, तो अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर बनाया गया। नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाइए, हम भारत के अर्थतंत्र को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा अर्थतंत्र बना देंगे। ये मोदी की गारंटी है।

## नासिक से चुनाव नहीं लड़ेंगे छगन भुजबल

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता छगन भुजबल ने नासिक सीट से अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। छगन भुजबल ने कहा है कि वह नासिक सीट से चुनाव मैदान में नहीं उतरेंगे। महायुति की तरफ से छगन भुजबल को लड़ने के लिए कहा गया था। महाराष्ट्र में अभी कई ऐसी सीटें हैं। जिनको लेकर महायुति यानी बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी में पेच फंसा हुआ है। इसमें नासिक, छत्रपति संभाजीनगर और मुंबई की सीटें शामिल हैं। छगन भुजबल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नासिक सीट से चुनाव लड़ने के बारे में बताया था। इसके बाद भुजबल ने तैयारी शुरू कर दी, लेकिन पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी। मीडिया से बात करते हुए छगन भुजबल ने कहा कि अमित शाह से नासिक की सीट को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने मुझसे नासिक सीट से चुनाव लड़ने को कहा था। इसके बाद नासिक आये और विभिन्न दलों से चर्चा शुरू की। मराठा समाज, आदिवासियों, ओबीसी, अल्पसंख्यकों ने मेरा समर्थन किया लेकिन इसको तीन हफ्ते हो गए।

# द्रमुक-अन्नाद्रमुक ने कोयंबटूर में खर्च किए 1,000 करोड़ रुपए : अन्नामलाई

**कोयंबटूर ▪ एजेंसी**

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष और कोयंबटूर लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार के अन्नामलाई ने विरोधी दलों डीएमके और एआईडीएमके को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि दोनों पार्टियों ने चुनाव के दौरान कोयंबटूर में 1,000 करोड़ रुपए खर्च किए।

अन्नामलाई ने शुक्रवार को करूर गांव के उथुपट्टी मतदान केंद्र पर वोट डाला। इसके बाद मीडिया से बातचीत के दौरान यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 4 जून को एनडीए के लिए ऐतिहासिक रिजल्ट आने वाले हैं। तमिलनाडु में भाजपा का वोट शेयर बढ़ेगा।

**द्रविड़ राजनीति का समय खत्म :** अन्नामलाई आईपीएस अधिकारी थे। उन्होंने नौकरी छोड़कर भाजपा ज्वाइन किया था। चुनाव प्रचार के दौरान अन्नामलाई अपने आक्रामक भाषण के चलते सुर्खियों में रहे। उन्होंने कहा, 'तमिलनाडु के लोग पीएम मोदी के साथ हैं। कर्नाटक में हम इस बार क्लीन स्वीप की उम्मीद कर रहे हैं। तेलंगाना में भाजपा नंबर वन पार्टी होगी। द्रविड़ राजनीति का समय खत्म हो गया है।'



अन्नामलाई ने कहा, 'डीएमके, एआईएडीएमके कोयंबटूर में क्या कर रहे हैं यह हर कोई देख रहा है। कोयंबटूर में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए हैं। अगर वे एक मतदाता भी मीडिया के सामने ला दें जो कहे कि भाजपा के लोग उसे प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं तो मैं उसी दिन राजनीति छोड़ दूंगा। मैं सैद्धांतिक रूप से इस चुनाव में भाग ले रहा हूं।'

कोयंबटूर में अन्नामलाई का मुकाबला डीएमके के गणपति पी राजकुमार और एआईएडीएमके के सिंगाई रामचंद्रन से हुआ है। तमिलनाडु में लोकसभा की 39 सीटें हैं। सभी सीटों पर पहले चरण में मतदान हुआ है।

# मेरी तैयारी बेगूसराय के लिए थी : कन्हैया कुमार

**बेगूसराय ▪ एजेंसी**

बिहार के बेगूसराय के रहने वाले और जेएनयू से अपनी सियासी यात्रा शुरू करने वाले कन्हैया शुरुआत में टुकड़े-टुकड़े गैंग के मूल चेहरे के रूप में चर्चा में आए। 2019 में बिहार के बेगूसराय से सीपीआई उम्मीदवार के रूप में कन्हैया असफल रहे। अब उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर कन्हैया को दो बार के मौजूदा बीजेपी सांसद पूर्वांचली चेहरे मनोज तिवारी से कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है।

कन्हैया ने एक इंटरव्यू में बहुत सारी बातों का खुलासा किया। कन्हैया ने टुकड़े-टुकड़े गैंग को लेकर बातचीत की। उन आरोपों पर बातचीत की, जो उन पर लगाए जाते रहे हैं। दिल्ली की चुनौती के बारे में बोलते हुए कन्हैया ने कहा कि मुझ पर विश्वास जताने के लिए दिल्ली की जनता, दिल्ली कांग्रेस के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं तथा कांग्रेस आलाकमान का आभारी हूं। पार्टी नेतृत्व को लगता है कि मैं अच्छी लड़ाई लड़ सकता हूं।



**मुकाबला चुनौतीपूर्ण :** उन्होंने कहा कि हम लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस की लड़ाई को कायम रखेंगे। हालांकि मुकाबला चुनौतीपूर्ण है, लेकिन हम न केवल दिल्ली में बल्कि पूरे देश में जमीन पर जो देख रहे हैं, वह यह है कि लोग इस सरकार से नाखुश हैं। हम टीवी और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर जो आंकड़े देखते हैं, वे सभी फर्जी हैं। बीजेपी बार-बार वही बातें कर रही है। उनकी सरकार ने काम नहीं किया है। लोगों की अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाई है।

# भाजपा के मुस्लिम प्रत्याशी को सुननी पड़ रही 'हराम' की गाली

**कोच्चि ▪ एजेंसी**

डॉ. अब्दुल सलाम केरल में भाजपा के एकमात्र मुस्लिम उम्मीदवार हैं। पार्टी ने उन्हें मलप्पुरम लोकसभा सीट से टिकट दिया है। इस क्षेत्र में 68.3% से अधिक मतदाता मुस्लिम समुदाय से हैं। यहां से चुनाव लड़ना अब्दुल सलाम के लिए दुःस्वप्न साबित हो रहा है। लोग उन्हें 'हराम' की गाली तक देते हैं।

पुलिक्कल के पास एक दूरदराज के गांव में मतदाताओं के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने मलप्पुरम शहर के मदीन मस्जिद में ईद की नमाज में के बाद के अपने कड़वे अनुभव सुनाए। उन्होंने कहा, 'नमाज के बाद मैं मस्जिद के बाहर आया। मैं लोगों को ईद



की शुभकामनाएं दे रहा था। इसी दौरान एक करीब 60 साल के व्यक्ति ने मेरा अपमान किया। मुझे गद्दार कहा। मेरे आसपास मौजूद लोग चुप थे। मेरा दिल टूट गया। मैं भी मुस्लिम हूं, लेकिन वे मेरे साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं क्योंकि मैंने भाजपा ज्वाइन किया है।'

**पूर्व वीसी हैं डॉ. सलाम :** अब्दुल सलाम कालीकट यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी हैं। सलाम ने बताया कि उन्हें अपने समुदाय के साथ ही मलप्पुरम में अपनी पार्टी की अव्यवस्थित मशीनरी से भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि इन चुनौतियों के बाद भी वह हार नहीं मानने वाले हैं। वह पीएम नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर भाजपा में आए हैं। वह अपने भाषणों में एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे विकास की बात करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**केरल पर ध्यान दे रही भाजपा :** केरल में भाजपा की स्थिति पहले से मजबूत नहीं रही है। केरल में लोकसभा की 20 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में यहां भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने केरल पर अधिक फोकस किया है। पार्टी की कोशिश यहां अपनी मौजूदगी दिखाने की है।

# प्रियंका गांधी वाड्रा आज केरल में करेंगी प्रचार

**तिरुवनंतपुरम ▪ एजेंसी**

कांग्रेस पार्टी की महासचिव और पार्टी की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करने और राजधानी तिरुवनंतपुरम में एक रोड शो करने के लिए शनिवार को केरल पहुंचेंगी। वह शनिवार सुबह विशेष विमान से कोच्चि पहुंचेंगी। वहां से त्रिशूर के लिए उड़ान भरकर चलाकुडी लोकसभा क्षेत्र में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करेंगी।



वहां से वह हेलीकॉप्टर से पथानामथिट्टा पहुंचकर तीन बार के लोकसभा सदस्य एंटो एंटनी के लिए जनसभा करेंगी। यहां एंटो एंटनी का मुकाबला अनिल एंटनी (सीडब्ल्यूसी सदस्य एके एंटनी के बेटे) और राज्य के दो बार वित्त मंत्री रहे सीपीआई-एम के दिग्गज नेता थॉमस इसहाक से है।

वह राजधानी तिरुवनंतपुरम में पार्टी के वर्तमान सांसद शशि थरूर के पक्ष में एक रोड शो करेंगी। इसके बाद एक जनसभा को संबोधित कर देर शाम दिल्ली लौट जाएंगी। गौरतलब है कि केरल में सभी 20 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।

### पश्चिम बंगाल सीएम ने मुस्लिमों को किया सावधान

# वोट दिए बिना मत जाना, वरना छिन जाएगी नागरिकता : ममता बनर्जी

**कोलकाता ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पहले चरण में 102 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। दूसरी और अगले चरण की वोटिंग को लेकर राजनीतिक दल जमकर चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। इस दौरान आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईद मनाने बंगाल आए मुस्लिम प्रवासी मजदूरों से अपील की कि वे लोग वोट डाले बिना न जाएं, वरना उनकी नागरिकता भी छीनी जा सकती है।

दरअसल, मुख्यमंत्री मुर्शिदाबाद में थीं, जहां रामनवमी के दिन शोभायात्रा पर पथराव की घटना



सामने आई थी। इसके चलते बीजेपी उन पर हमलावर है। ऐसे में सीएम ने यहां बीजेपी को आड़े हाथों लेने का प्रयास किया और सवाल उठाया कि लोग हथियार लेकर शोभायात्रा क्यों निकाल रहे थे। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि आपको यह हथियार किसने दिए थे। पहले चरण की वोटिंग के दौरान जनसभा करते हुए सीएम ममता ने जनता से कहा कि वह बंगाल में किसी भी कीमत पर सीएए को लागू नहीं होने देंगी और एनआरसी का पुरजोर विरोध करती रहेंगी।

जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने कहा है, "मैं उन सभी प्रवासी श्रमिकों से अनुरोध करना चाहूंगी जो ईद मनाने के लिए यहां आए हैं, कृपया बिना मतदान किए वापस न जाएं क्योंकि अगर आप आने वाले दिनों में मतदान नहीं करेंगे तो वे आपका आधार कार्ड और नागरिकता दोनों छीन लेंगे।" ममता ने कहा, "मैं यहां सीएए लागू नहीं होने दूंगी। अब वे यूसीसी के बारे में भी बात कर रहे हैं, क्या आप जानते हैं कि क्या होगा। यदि वे यूसीसी लाते हैं तो आप अपनी पहचान खो देंगे।"

# वाराणसी में बसपा ने उम्मीदवार बदला

**वाराणसी ▪ एजेंसी**

देश की सबसे चर्चित लोकसभा सीट वाराणसी पर एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। दरअसल यहां से बसपा ने चर्चित मुस्लिम चेहरे अतहर जमाल लारी को चुनावी मैदान में उतारा था। लेकिन अब बीएसपी पदाधिकारी की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी की सीट पर बसपा प्रत्याशी को बदला जा चुका है। हालांकि इसके पीछे अभी वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है लेकिन करीबी सूत्रों की मानें तो वाराणसी सीट पर प्रत्याशी के बदलाव का निर्णय खुद बसपा सुप्रीमो ने लिया है। बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार - वाराणसी स्थित सरैयाँ के रहने वाले पूर्व पार्षद नियाज अली मंजू को वाराणसी से बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी बनाया गया है।

#### सपा से बसपा में आए थे अतहर

इससे पहले बहुजन समाज पार्टी की तरफ से अतहर जमाल लारी को वाराणसी से लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनाया गया था। वह समाजवादी पार्टी से बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए थे। अपने बयानों की वजह से वह सुर्खियों में भी थे। उन्होंने मुख्तार अंसारी को मसीहा बताया था। इसके अलावा उन्होंने यहां तक दावा किया था कि वाराणसी की सीट पर उनका सीधा मुकाबला प्रधानमंत्री मोदी से होगा। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय की जमानत जप्त होगी।

**महाराष्ट्र** ▸ शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बोला हमला

# एक जेब में पैसा डालने और दूसरे से दोगुना निकालने वाला जेबकतरा कौन

**बारामती ▪ एजेंसी**

एनसीपी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि दस साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि वह 50 दिनों में पेट्रोल के दाम कम कर देंगे। 50 दिन में दाम कम नहीं हुए बल्कि दाम डेढ़ गुना बढ़ गए। उन्होंने पेट्रोल-डीजल महंगा कर दिया और चीनी-दूध सस्ता कर दिया। आप जो उगाते हैं उसे वे सस्ता कर देते हैं और दूसरों को उठाने के लिए आपकी जेब से पैसा निकाल लेते हैं। वे कहते हैं कि उन्होंने हर किसी की जेब में कुछ हजार रुपये डाले। लेकिन एक जेब में पैसा डालना और नीचे वाली जेब से दोगुना निकाल लेना, ये जेबतराशी बंद होनी चाहिए या नहीं? अगर जेब कटना रोकना है तो ये पता करना होगा कि वो जेबकतरा कौन है? इसकी जांच होनी चाहिए और उन्हें किनारे कर दिया जाना चाहिए।

#### बारामती में किया प्रचार

सुप्रिया सुले का अभियान आज बारामती तालुका के कन्हेरी में शुरू किया गया। वरिष्ठ नेता शरद पवार, सांसद सुप्रिया सुले ने यहां मारुति मंदिर में नारियल लगाए। इस मौके पर विधायक रोहित पवार समेत पूरा पवार परिवार मौजूद रहा।

**बटन कैसे दबाना है नहीं बताऊंगा :** उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने एक रैली में ईवीएम मशीन में बटन दबाया। कहा गया कि हमारी ओर से पैसे की कमी नहीं होने दी जाएगी। उसी बात को उठाते हुए शरद



पवार ने कहा कि हम विवाद नहीं बढ़ाना चाहते हैं। हम संघर्ष नहीं बढ़ाना चाहते हैं। हम पूरे दिल से काम करना चाहते हैं और काम करते समय ट्रम्पेट बटन दबाना चाहते हैं। कल किसी ने मुझे बताया कि कैसे बटन दबाना है। मैं तुम्हें यह नहीं बताऊंगा। शरद पवार के इतना कहते ही सभा में मौजूद लोग हंसने लगे।

#### अजित दादा पर हमला

शरद पवार ने कहा कि बटन दबाएं ताकि आप कुछ भी न चूकें। मैं इतनी गहराई में नहीं जाना चाहता लेकिन... श्रेय लेकर राय मांगना हमारी भूमिका नहीं है। यहां हमारी भूमिका काम करना है, लोगों को शक्ति देना है, लोगों की सेवा करना है और वोट मांगना है, शरद पवार ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बयान पर ध्यान दिया।

**बारामतीकर पर दुनिया की नजर :** शरद पवार ने कहा कि इस बार के बारामती लोकसभा चुनाव ने महाराष्ट्र समेत पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इसीलिए अमेरिका के साथ-साथ अलग-अलग राज्यों के पत्रकार बड़ी उत्सुकता के साथ बारामती में दाखिल हुए हैं। हर कोई उत्सुक है कि बारामतीकर क्या करता है। जैसा कि वे जानते हैं, मजाक करना आसान नहीं है। जहां सिखाने की आवश्यकता होती है, वहां पाठ पढ़ाये जाते हैं। उन्होंने बारामतीकरों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि वे वहां ठोस काम करते हैं जहां ठोस काम करना होता है। एक सवाल के जवाब में शरद पवार ने कहा है कि अयोध्या के राम मंदिर का मुद्दा अब समाप्त हो गया है और अब कोई भी इस मुद्दे पर चर्चा नहीं कर रहा है।

# चुनाव के दौरान 'यात्राओं' की अनुमति पर तीन दिन में फैसला लें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने चुनाव के दौरान किसी भी सभा पर रोक लगाने के व्यापक आदेश जारी किये जाने पर शुक्रवार को आश्चर्य व्यक्त किया और सक्षम अधिकारियों को मौजूदा आम चुनावों के दौरान 'यात्राएं' आयोजित करने की अनुमति के लिए किसी भी व्यक्ति की ओर से की गयी याचिका पर तीन दिन के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय और निखिल डे की याचिका पर यह निर्देश दिया। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता सुश्री रॉय और डे की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दावा किया कि चुनाव आयोग ने आम चुनाव होने तक सभी सभाओं, बैठकों, प्रदर्शनों आदि पर रोक लगा दी है। पीठ ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए पूछा, 'ऐसा आदेश कैसे जारी किया जा सकता है।'

भूषण ने संविधान पीठ के पहले के फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि जब तक शांति भंग होने की कोई ठोस वास्तविक आशंका न हो, सीआरपीसी की धारा 144 के तहत कोई आदेश जारी नहीं किया जा सकता है। पीठ के कहने पर भूषण ने अदालत में ऐसा ही एक नोटिस को पढ़ा। उन्होंने बाड़मेर में जारी एक नोटिस का हवाला देते हुए कहा, "बाड़मेर के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ईसीआई द्वारा लोकसभा चुनावों की



(16 मार्च को) घोषणा की गई है। ईसीआई के निर्देशों के अनुसार, लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराए जाने चाहिए। कोई भी व्यक्ति संबंधित चुनाव अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना जुलूस या सार्वजनिक बैठक का आयोजन नहीं कर सकेगा, लेकिन यह प्रतिबंध विवाह समारोह और अंतिम यात्रा पर लागू नहीं होगा।'

### विधानसभा चुनाव में हमने यही अनुमति मांगी थी

प्रशांत भूषण ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों आदि का प्रयोग करने के लिए जागरुक करने के वास्ते लोकतंत्र यात्रा/सार्वजनिक बैठक निकालने की अनुमति के लिए आवेदन किया था। उन्होंने कहा, "पिछली बार नवंबर और दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में हमने यही अनुमति मांगी थी। हमें अनुमति नहीं दी गई थी और अब फिर कोई अनुमति नहीं दी गई है। 48 घंटे के भीतर उन्हें कम से कम अनुमति के लिए आवेदन पर निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अदालत को एक आदेश पारित करना चाहिए जो पूरे देश पर लागू हो। इस पर पीठ ने कहा, "हम एक अंतरिम आदेश द्वारा निर्देश देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा सक्षम अधिकारियों को कोई आवेदन किया जाता है तो ऐसे आवेदन के तीन दिन के भीतर उस पर निर्णय लिया जाएगा।' शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह के बाद करेगी।

---

**इजरायल ने ईरान से लिया बदला, सभी उड़ानें रद्द**

# हथियारों के जखीरे पर दागी मिसाइल

**तेहरान ▪ एजेंसी**

इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष चल रहा है। रविवार के शुरुआती घंटों में इजरायल पर ईरान ने हमला किया था। अब इजरायल ने ईरान से बदला लेना शुरू कर दिया है। इजरायल ने ईरान पर मिसाइल दागे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली मिसाइलों ने ईरान में टार्गेट्स को हिट किया है। बताया यह भी जा रहा है कि सीरिया और इराक में भी हमला किया गया। हालांकि इसकी पुष्टि अमेरिकी अधिकारियों ने नहीं की है। लेकिन कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सीरिया के अस-सुवेदा गवर्नरेट और इराक के बगदाद क्षेत्र और बाबिल गवर्नरेट में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई है।

हमले के बाद ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। ईरानी सोशल मीडिया पर आए फुटेज में दिख रहा है कि इमाम खुमैनी इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर घोषणा की जा रही है, जिसमें यात्रियों को बताया जा रहा है कि सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। यात्रियों को हवाई अड्डा छोड़ने को कहा गया है। इसके अलावा तेहरान आने वाले विमानों को भी डायवर्ट कर दिया गया है। सरकारी न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक इस्फहान शहर के पास विस्फोट के बाद ईरान की वायु रक्षा बैटरियां एक्टिव हो गईं।



### हिज्बुल्ला के कमांडर कह रहे शांति की बात

लेबनान की धरती से लगातार इजरायल पर मिसाइल और रॉकेट हमले कर रहे हिज्बुल्ला में नंबर दो की हैसियत रखने वाले कमांडर ने कहा है कि वह युद्ध को बढ़ाना नहीं चाहते हैं। लेबनान में हिज्बुल्ला के डिप्टी सेक्रेटरी शेख नईम कासिम ने कहा, हम लेबनान की दक्षिणी सीमा पर अपनी महीनों से चली आ रही गोलीबारी को तेज नहीं करने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन इजरायल की ओर से कार्रवाई होगी तो उसका जवाब दिया जाएगा। हिज्बुल्ला में कासिम समूह के सर्वोच्च नेता हसन नसरल्लाह के बाद दूसरे स्थान पर हैं। कासिम ने तीन अरब देशों- जॉर्डन, सऊदी अरब और यूएई की चुप्पी की भी आलोचना की है।

### जोरदार धमाकों की आवाज

अभी भी यह साफ नहीं हो सका है कि इजरायल लगातार हमला कर रहा है या नहीं। हालांकि इजरायल पर ईरान के हमले के बाद से ही पूरे मध्य पूर्व में तनाव चरम पर है। ऐजेंसी का कहना है कि सुरक्षा बलों ने कई प्रांतों में एयर डिफेंस फायर किया। हालांकि यह नहीं बताया कि ऐसा किस कारण से करना पड़ा है। पूरे क्षेत्र के लोगों ने धमाके की आवाजें सुनी हैं। बताया जा रहा है कि इजरायल ने ईरान के सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है, जहां उसके ड्रोन और मिसाइलों का जखीरा है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस्फहान शहर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में सैन्य अड्डे के पास जहां लड़ाकू जेट स्थित हैं, तीन विस्फोट सुने गए।

### खामेनेई को जन्मदिन का तोहफा!

ऐसा लग रहा है कि इजरायल ने ईरान पर इस हमले की तारीख बेहद सोच समझकर चुनी है। दरअसल 19 अप्रैल को ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई का 85वां जन्मदिन थी। खामेनेई 1989 से ईरान के सर्वोच्च नेता बने हुए हैं। मध्य पूर्व में वह सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले शासक हैं। हमलों के दौरान सुने गए धमाकों को लेकर कहा जा रहा है कि इजरायली मिसाइलों को ईरान ने हवा में ही तबाह कर दिया, जिस कारण यह धमाका सुना गया। एक भी मिसाइल जमीन पर नहीं गिरी।

---

**हुबली में कांग्रेस पार्षद की बेटी की कॉलेज में हत्या**

# सरकार के बयान पर पिता बोला प्रदेश में फैल रहा लव जिहाद

**हुबली (कर्नाटक) ▪ एजेंसी**

एमसीए छात्रा नेहा हिरेमथ के पिता कांग्रेस नगरसेवक निरंजन हिरेमथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश में लव जिहाद तेजी से फैल रहा है। उन्होंने लोगों से कॉलेज जाने वाली अपनी बेटियों की देखभाल की अपील भी की। नेहा की गुरुवार को फैयाज नामक युवक ने हत्या कर दी थी। पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए निरंजन हिरेमथ ने कहा कि आए दिन इसी तर्ज पर घटनाएं हो रही हैं।

मुझे नहीं पता कि ये युवा गलत रास्ता क्यों अपना रहे हैं और उनकी ऐसी मानसिकता क्यों है? उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि किसी भी लड़की को इस आघात से नहीं गुजरना चाहिए। मुझे लगता है कि 'लव जिहाद' तेजी से फैल रहा है।' मैं सभी माताओं से अपील करता हूं कि अगर आप अपनी बेटियों को कॉलेज भेज रहे हैं, तो आप भी उनके साथ जाएं और सुनिश्चित करें कि कोई उनका पीछा न कर रहा हो। जो हमारे साथ हुआ वह किसी के साथ नहीं होना चाहिए। निरंजन हिरेमथ ने कहा कि हमारे आसपास की स्थिति बहुत संवेदनशील है। मैं राज्य सरकार और नेताओं से इस संबंध में उचित कार्रवाई की अपील करता हूं।



### लव जिहाद से सरकार का इनकार

उधर, प्रदेश सरकार का मानना है कि यह घटना व्यक्तिगत कारणों से हुई, नेहा और आरोपी फैयाज प्यार में थे। कांग्रेस ने भी इस घटना में लव जिहाद का ऐंगल मानने से इनकार कर दिया है। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि नेहा और फैयाज रिलेशनशिप में थे। बाद में दोनों के बीच दूरी आ गई। हो सकता है कि नेहा ने जब दूसरे किसी से शादी की बात की हो तो उसने चाकू मार दिया हो। इस मामले में अभी पूरी जानकारी नहीं है। लेकिन इतना कह सकते हैं कि यह म्यूचुअल रिलेशनशिप था और इसमें लव जिहाद का ऐंगल नहीं है। वहीं, भाजपा ने सिद्धारमैया सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि कानून व्यवस्था की कीमत पर सरकार समझौता कर रही है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में कानून व्यवस्था लचर है और इसलिए 'लव जिहाद' हो रहा है।

---

# सुप्रीम कोर्ट ने अबॉर्शन याचिका पर मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल की उस लड़की के मेडिकल एग्जामिनेशन का आदेश पारित किया है जिसकी प्रिगनेंसी 28 हफ्ते की है। लड़की सेक्सुअल असॉल्ट की शिकार है और उसकी मां की ओर से दाखिल याचिका में प्रिगनेंसी टर्मिनेशन की इजाजत मांगी गई है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने इस मामले की शुक्रवार को अर्जेंट सुनवाई की। अब सोमवार को इस मामले में सुनवाई होगी।

सुप्रीम के चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच के सामने मामला सुनवाई के लिए आया। अदालत ने सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र के सियान अस्पताल को निर्देश दिया है कि वह 20 अप्रैल को लड़की का मेडिकल एग्जामिनेशन करे और कोर्ट को बताए कि लड़की का अगर गर्भपात कराया जाता है तो शारीरिक और मानसिक तौर पर उस पर क्या प्रभाव



पड़ेगा। अर्जेंट सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के सामने यह मामला आया था।

दरअसल बॉम्बे हाई कोर्ट ने चार अप्रैल को इस मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान राहत देने से मना कर दिया था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ रेप और पॉक्सो के तहत केस दर्ज है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर संज्ञान लिया कि लड़की का मेडिकल रिपोर्ट और सेक्सुअल असॉल्ट के मामले का आंकलन करने में हाई कोर्ट नाकाम रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह इस बात को सुनिश्चित करें कि लड़की और उसकी मां को अस्पताल ले जाया जाए ताकि मेडिकल टेस्ट हो सके।

---

# जवान के हाथ में ग्रेनेड फटा, इलाज के दौरान मौत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के 32 वर्षीय जवान की शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर का एक गोला दुर्घटनावश फट गया, जिसमें कॉन्स्टेबल देवेंद्र कुमार घायल हो गए थे। इसके बाद इलाज के लिए उन्हें जगदलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां पर वो शहीद हो गए। यह घटना उसूर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत गलगम गांव के पास हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक



टीम एक मतदान केंद्र से आधा किलोमीटर दूर क्षेत्र में अभियान पर निकली थी। बीजापुर जिला बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान चल रहा है। घायल जवान की पहचान सीआरपीएफ की 196वीं बटालियन के कांस्टेबल देवेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जिसे एयर एम्बुलेंस हेलिकॉप्टर से बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर ले जाया गया और वहां के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाज के दौरान जवान ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि विस्फोट की जांच के लिए एक्सपर्ट्स की एक टीम को गलगम भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक कांस्टेबल देवेंद्र कुमार का अंतिम संस्कार शनिवार को बस्तर जिले में उनके पैतृक गांव धोबीगुड़ा में किया जाएगा।

---

**कोविड काल में एलोपैथी पर टिप्पणी का मामला**

# सुप्रीम कोर्ट में रामदेव की याचिका जुलाई तक स्थगित

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को योग गुरु बाबा रामदेव की उस याचिका पर सुनवाई जुलाई के लिए स्थगित कर दी, जिसमें उन्होंने अपने कथित बयान पर कि एलोपैथी कोविड का इलाज नहीं कर सकती है, विभिन्न राज्यों में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को योग गुरु रामदेव से उन शिकायतकर्ताओं को आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका में पक्षकार बनाने के लिए कहा, जिन्होंने कोविड महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाओं के उपयोग के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ मामले दर्ज कराए हैं।



न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने बिहार और छत्तीसगढ़ राज्यों को एफआईआर और दायर आरोप पत्र के संबंध में स्थिति के बारे में सूचित करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पटना और रायपुर चैप्टर ने 2021 में शिकायत दर्ज कराई है कि रामदेव की टिप्पणियों से कोविड नियंत्रण तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है और लोगों को उचित उपचार का लाभ उठाने से रोका जा सकता है।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ, जो आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग करने वाली रामदेव की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, ने कहा कि उन्हें मामले में राहत हासिल करने के लिए शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने की जरूरत है। पीठ ने रामदेव को शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने की स्वतंत्रता दी और मामले को शीर्ष अदालत की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद सुनवाई के लिए पोस्ट किया, जो 20 मई से शुरू हो रही है। बिहार सरकार की ओर से पेश वकील ने कहा कि उन्हें मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए।




---

**आलोचना** **ईरान-इजरायल के बीच बुरा फंसा ये मुस्लिम देश**

# अपने ही राजा को 'गद्दार' कह रहे लोग

**अम्मान ▪ एजेंसी**

इजरायल पर ईरान के हमले और लड़ाई के और बढ़ने की आशंका ने जॉर्डन को खतरे में डाल दिया है। जॉर्डन पश्चिमी देशों का एक प्रमुख सहयोगी और खाड़ी देशों के लिए सुरक्षा के नजरिए से अहम माना जाने वाला अरब देश है। जब ईरान ने इजरायल पर मिसाइलों और ड्रोनों से ताबड़तोड़ हमले किए तब जॉर्डन ने अपनी राजधानी अम्मान के ऊपर से उड़ने वाले कुछ मिसाइलों और ड्रोनों को मार गिराने में मदद की। ईरानी हमले को नाकाम करने में मदद करने को लेकर जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफादी ने कहा कि उनके देश ने अपने क्षेत्र से गुजर रहे मिसाइलों और ड्रोनों को एक खतरे के रूप में देखा और मार गिराया। इस खबर के सामने आते ही जॉर्डन में सोशल मीडिया पर लोग जॉर्डन की सरकार की आलोचना करने लगे जिसे देखते हुए अयमान सफीदी ने संतुलन बनाने के मकसद से तुरंत कहा कि अगर इजरायल ईरान पर हमला करने के लिए जॉर्डन के हवाई क्षेत्र का उपयोग करता है तब भी जॉर्डन ऐसा ही करेगा।

**जॉर्डन में सरकार पर भड़के लोग -** सफीदी के बयान के बाद भी सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ और लोगों ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय को 'गद्दार' कहना शुरू कर दिया। ईरान समर्थक अकाउंट्स की तरफ से भीमीम शेयर किए जाने लगे जिसमें राजा को इजरायली डिफेंस फोर्सेज के यूनिफॉर्म में दिखाया गया। ईरान के हमले के बाद जॉर्डन के अधिकारियों ने ईरानी राजदूत को भी तलब किया था जिसे लेकर सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा और भड़क गया।



जॉर्डन में बहुत समय से हमास और फिलिस्तीनियों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। अक्टूबर में हमास के हमले के बाद गाजा में चल रहे इजरायली हमले, जिसमें हजारों लोग मारे गए हैं, को लेकर जॉर्डन के लोगों में गुस्सा है जो कि सड़कों पर नजर आया है। हमास और फिलिस्तीन समर्थक आंदोलनों के दौरान 'पूरा जॉर्डन हमास है' और 'यह जॉर्डन के क्रोध का दिन है' जैसे नारे लगाए गए जिसे सुरक्षा अधिकारियों ने सख्ती से रोका और कई गिरफ्तारियां कीं। इधर, ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया नेता अबू अली अल-अस्करी ने भी जॉर्डन अधिकारियों की परेशानियां बढ़ा रखी हैं। अल-अस्करी ने कसम खाई है कि वो अपने 1,200 हथियारबंद लड़ाकों के साथ जॉर्डन जाकर इजरायल में मार्च करेंगे।

# शिव कृपा का पुण्य अवतरण है भीलट देव

## बड़वानी के नागलवाड़ी में भीलटदेव शिखरधाम का 700 साल पुराना इतिहास

## निमाड़-मालवा समेत महाराष्ट्र और राजस्थान के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र

मध्यप्रदेश के बड़वानी में 2200 मीटर की ऊंचाई पर सतपुड़ा की हरी-भरी वादियों में भीलटदेव का मंदिर है। हर साल नागपंचमी पर यहां निमाड़-मालवा समेत महाराष्ट्र, राजस्थान से लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। करीब 700 वर्ष पुराने इस मंदिर से लाखों लोगों की आस्था जुड़ी है। परम पूज्य श्री भीलट देव की पुण्य अवतरण कथा के बारे में कहा जाता है कि विक्रम संवत 1220 में इनका प्राकट्य मध्य प्रदेश के हरदा जिले के ग्राम रोलगांव में हुआ था। इनके पिता का नाम राणा रेलण एवं ममतामई माता का नाम मैदा बाई था। निमाड़ के प्रसिद्ध संत सिंगाजी की तरह ही वह गवली परिवार में गोपालन कर जीवनयापन करते थे। उनका परिवार सुख समृद्धि होते हुए भी संतान के ना होने से सूना-सूना रहता था। उनके माता-पिता सच्चे शिव भक्त थे। शिखरधाम मंदिर मुख्य पुजारी राजेंद्र बाबा के मुताबिक आस्थावान दंपति की भक्ति साधना से प्रसन्न होकर एक दिन शिव जी ने दर्शन देकर वरदान मांगने को कहा। निसंतान राणा दंपति की आंखें झर-झर झरने लगी। भगवान से कहा कि आप सर्व ज्ञाता हो, हमारे निसंतान होने के कलंक को गंगाधर मां गंगा की धार से धो दीजिए, तब शिवजी बोले.. हे भक्त युगल आपकी किस्मत में संतान का सुख तो नहीं है, लेकिन मेरे वरदान के फल स्वरुप एक तेजस्वी बालक का जन्म होगा, लेकिन वह आपके पास जब तक रहेगा, तब तक मैं चाहूंगा। कल्याणकारी शिव जी का वचन कालांतर में फलित हुआ। शिव कृपा से यशस्वी कीर्तिमान शिवप्रसाद पूज्य भीलट देव का पुण्य अवतरण हुआ। राणा रेलण और पत्नी संतान सुख भोगने लगे। समय चक्र अनवरत चलता रहा। संयोग से एक दिन भगवान शिव शंकर साधु वेश बनाकर राणा दंपति की परीक्षा लेने आए। तब अपने साथ बालक रूपी भीलट देव को उठाकर अपने साथ चौरागढ़धाम ले गए। खाली पलने में एक नाग छोड़ गए। इधर बालक को न पाकर दोनों आपको ली व्याकुल भटकने लगे। तब आकाशवाणी के माध्यम से दयालु शिव जी ने कहा कि बालक आपको नहीं मिल पाएगा, लेकिन ये नाग देवता आपकी सुरक्षा में रहेंगे। आज से आपका ये सुपुत्र नागौर मानव रूप में सर्वत्र पूजित होगा।





### विरोधी तांत्रिक शक्तियों के विनाश के लिए हुआ था भीलट देव का जन्म

चौरागढ़ धाम में जगत पिता शंकर एवं जगत माता पार्वती ने बालक को तंत्र-मंत्र एवं जादू टोने की शिक्षा देकर महिमावंत कर दिया। कहा जाता है कि भीलट देव का जन्म समाज विरोधी तांत्रिक शक्तियों के विनाश के लिए हुआ था। उस समय समूचे भारत वर्ष में तंत्रवाद अपने चरम पर था। माता शिव गोरा से शिक्षित दीक्षित होकर भीलट देव ने बंगाल जाने की सोची। तब बाबा भोलेनाथ एवं पार्वती जी ने भैरवान जी को साथ ले जाने को कहा। तब दोनों भाई भीलट एवं भैरव दोनों बंगाल का काला जादू देखने वहां पहुंचे, क्योंकि उस समय बंगाल में तांत्रिक शक्तियों का प्रयोग अधिक होता था। कई तांत्रिकों का विनाश करते हुए भीलट देव बंगाल के काहुर नामक क्षेत्र में पहुंचे। वहां जाकर विख्यात तांत्रिक गंगा, तेलन, मियां, लाल, फकीर, लुनिया, चमार, कपूरिया धोबी जैसे कई तांत्रिकों का विनाश किया। वहां के वर्तमान राजा गंधी की कन्या जिसका नाम राजल था, उसके साथ भीलट देव जी का विवाह संपन्न हुआ। बंगाल विजय प्राप्त कर जब भीलट देव चौरागढ़ आए, तब भीलट देव की सफलता से प्रसन्न होकर शिव जी ने कहा कि तुम्हारे अवतरण को लेकर मेरा जो उद्देश्य था, वह पूर्ण हुआ। वत्स अब तुम जनकल्याण और दुखियों की पीड़ा हरने पश्चिम निमाड़ में जाकर राज करो। भीलट देव वहां से रवाना हुए। जहां-जहां रुकते गए। वहां-वहां उनके स्थान बनते गए। जिस स्थान पर रुक कर बाबा जी ने अपना कर्म किया। वह स्थान भीलट देव एवं नाग देवता के कारण ग्राम का नाम नागलवाड़ी पड़ा।

### शिखरधाम पर किया था भीलट देव ने तप

भीलट देव सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश यादव के मुताबिक ये बाबा भीलट देव की कर्मभूमि है। यहीं से 7 किमी दूर सतपुड़ा अंचल के शिखर पर बाबा जी ने तप किया। यहीं पर बाबा जी ने समाधि ली, इसलिए ये स्थान आज भीलट देव की तपोभूमि समाधि स्थल के नाम से जाना जाता है। यहां आए हर भक्त की मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। विशेषकर निसंतान दंपति की मनोकामना बाबाजी शीघ्र पूर्ण करते है। करीब 200 वर्ष पूर्व की घटना है। एक किन्नर ने बाबा जी से जिद की कि आप महिलाओं को संतान देते हो, मुझ जैसे किन्नर को संतान दोगे तो मानूंगा। बाबाजी के आशीर्वाद से उस किन्नर को भी गर्भ रहा। अंत में उसकी मृत्यु हो गई। तब से आज तक कोई भी किन्नर नागलवाड़ी में रात्रि विश्राम नहीं करता है। ये प्रमाणित है। श्रावण माह की नागपंचमी पर बाबाजी का भव्य मेला लगता है। बाबाजी के भक्तों के जन सहयोग से पूरे वर्ष बाबा जी के यहां भंडारों का आयोजन होता है। सभी के जन सहयोग से भीलट देव सेवा समिति भीलट देव कर्म भूमि एवं तपोभूमि समाधि स्थल पर होने वाले कार्यों का निर्वाह करती है। जय बाबा भीलट देव की।

### इसलिए मंदिर में किन्नर को नहीं ठहराते

अपने पिता के वचन अनुसार बाबा भीलटदेव ने नागलवाड़ी के लोगों की सेवा की। धीरे-धीरे बाबा भीलटदेव की महिमा आसपास के इलाकों में बढ़ने लगी। मुख्य पुजारी के अनुसार करीब 200 साल पहले किन्नर के मन में आया था कि महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए यहां आती हैं, इसलिए किन्नर ने भी भीलटदेव से संतान प्राप्ति की इच्छा जाहिर की थी। भीलटदेव के आशीर्वाद से किन्नर को गर्भ ठहर गया था। बाद में उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद से मान्यता है कि कोई भी किन्नर यहां रात नहीं रुकता। सूर्यास्त तक किन्नर गांव की सीमा से बाहर चले जाते हैं। सेगांव रोड पर किन्नर की समाधि शिला लगी है।



### नागलवाड़ी स्थित शिखरधाम जाने का पहुंच मार्ग

महाराष्ट्र के धुलिया, इंदौर, खंडवा व खरगोन से आसानी से नागलवाड़ी शिखर धाम आया जा सकता है। बड़वानी व खरगोन जिले की सीमा पर स्थित ग्राम नागलवाड़ी खरगोन से 50 किलोमीटर और बड़वानी जिला मुख्यालय से 74 किलोमीटर है। आगरा-मुंबई यानी एबी रोड पर सेंधवा से पहले ही नागलवाड़ी तक जाया जा सकता है।

### 10 हजार वर्ग फीट में फैला शिखरधाम

- 2200 मीटर समुद्र तल से शिखर धाम की ऊंचाई
- 10 हजार वर्ग फीट में फैला है शिखर धाम
- 3.5 किमी गांव से शिखर धाम पहाड़ी की चढ़ाई

## साल में दो बार यहां भीलट बाबा करते हैं भविष्यवाणी

आप ने बहुत से ऐसे ज्योतिषियों को देखा-सुना होगा जो तरह-तरह की भविष्यवाणी करते हैं। लोग इन महान ज्योतिषियों के पास अपने आने वाले कल में क्या होगा, नौकरी में प्रमोशन मिलेगा, वैवाहिक जीवन कैसे बीतेगा आदि जैसी बातों पूछते हैं। ऐसे ही एक ज्योतिष बाबा हैं जो ऐसी ही कुछ भविष्यवाणी करते हैं, जो सच भी साबित होती है। हम बात कर रहे हैं मध्यप्रदेश के होशंगाबाद के एक प्रसद्धि स्थल की जहां साल में 2 बार एक बाबा आकर भविष्यवाणी करते हैं। होशंगाबाद जिले के सिवनी मालवा के पास एक प्रसिद्ध स्थान है, जिसे भीलट देव के नाम से जाना जाता है। बताया जाता है जहां साल में दो बार एक बाबा द्वारा भविष्यवाणी करते हैं। इनकी भविष्यवाणी को सुनने के लिए हजारों की संख्या में बाबा के भक्त दूर-दूर से यहां आते हैं। मान्यताओं के अनुसार इन बाबा को भीलट देव के नाम से भी जाना जाता है। यहां चैत्र की चौदस और नवरात्रि की सप्तमी पर हर 6 माह के लिए भीलट बाबा, पड़िहार दर्वेश्वर महाराज के माध्यम से आते हैं और भविष्यवाणी करते हैं, जिससे सुनने के लिए हजारों की संख्या में भीलट बाबा के भक्त यहां पहुंचते हैं। भीलट बाबा के भक्तों का मानना है कि जो भक्त भीलट बाबा की भविष्यवाणी सुनने आते हैं मंदिर समिति सहित प्रशासन को इसके लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए। इस वर्ष भीलट बाबा ने भविष्यवाणी की है कि गेहूं का अच्छा उत्पादन होगा, राजनीतिक में उठा पटक चलती रहेगी। एक दो महीने मनुष्य पर संकट रहेगा। लेकिन गौ सेवा सहित दान धर्म करने से मनुष्य के संकट टल जाएंगे।



## 950 साल पुराने इस मंदिर में एक नारियल में होती है मन्नत पूरी!

मध्यप्रदेश का यह मंदिर दिखने में जितना छोटा है, इसका इतिहास उतना ही बड़ा है। मान्यता भी ऐसी की बिना मंदिर जाएं ही भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। लगभग 950 वर्ष पुराने इस मंदिर को अब 10 करोड़ रुपए की लागत से भव्य रूप दिया जा रहा है। प्राचीन श्री भीलट देव मंदिर जो खरगोन जिला मुख्यालय से 78 किलोमीटर दूर बड़वाह के नजदीक माचलपुर खुर्द गांव में स्थित है। मंदिर की मान्यता है कि यहां मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है। भले ही भक्त मंदिर नहीं आएं, लेकिन अगर वह घर बैठकर ही सिर्फ एक नारियल की मान ले लेता है, तो उसकी मन्नत भी पूरी होती है। मन्नत पूरी होने पर भक्त मन्नत उतरना भूल जाएं तो बाबा स्वयं दर्शन देकर भक्त को याद भी दिलाते हैं। गांव के लोग इसे बाबा का चमत्कार बताते हैं। नागपंचमी पर यहां दूर-दूर से लाखों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं।



प्राचीन श्री भीलट देव मंदिर को भव्य रूप देने के लिए मंदिर समिति द्वारा जनसहयोग से मंदिर का पुनर्निर्माण किया जा रहा है।

**प्रतिमा यहीं है विराजित-** 950 साल पहले गुजरात से कई लोगों ने पलायन किया था। साथ में वहां के मंदिरों में विराजित प्रतिमाओं को भी साथ लेकर आए थे, जब यहां यात्री विश्राम के लिए और सुबह लौटने लगे तो भीलट देव की यें प्रतिमा यहां से हिली ही नहीं, तब से यह प्रतिमा यहीं विराजित है। अभी मंदिर का निर्माण चल रहा है, तब भी प्रतिमा को हटाने का प्रयास किया, लेकिन प्रतिमा अपनी जगह से नहीं हट पाई, इसीलिए प्रतिमा को हटाने बिना मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जब मंदिर पूरा बनकर तैयार हो जाएगा तब मंदिर के पुराने ढांचे को तोड़ दिया जाएगा।